▸▸ वर्ष 73 ▸▸ अंक 127 ▸▸ पृष्ठ 12+8= 20
रीवा, बुधवार 04 फरवरी, 2026
▸▸ फाल्गुन कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत् 2082
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

छोटा लक्ष्य रखना एक अपराध है। हमेशा महान लक्ष्य रखें।
-डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

# डॉलर के मुकाबले रुपया 129 पैसे मजबूत

## तीन साल की सबसे बड़ी बढ़त, 2025 में बना था एशिया की सबसे कमजोर मुद्रा

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय रुपया मंगलवार (3 फरवरी) को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तीन साल की सबसे बड़ी मजबूती के साथ 90.20 के स्तर पर खुला। दिन की शुरुआत में आई यह तेजी भारत-अमेरिका ट्रेड डील के ऐलान के बाद देखी गई। इस समझौते के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर लगाया गया आयात शुल्क (टैरिफ) 50 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी करने की घोषणा की है। हालांकि, कारोबार के अंत में भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार रुपया 90.45 पर बंद हुआ। इससे पहले वर्ष 2025 में रुपया करीब 5 फीसदी टूटकर एशिया की सबसे कमजोर मुद्रा बन गया था। वहीं जनवरी 2026 में ही इसमें लगभग 2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी। बीते कुछ समय से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफआईआई) की लगातार निकासी के चलते रुपये पर दबाव बना हुआ था। इसके बावजूद मंगलवार को रुपये ने जोरदार वापसी की और पिछले बंद भाव 91.49 के मुकाबले 129 पैसे की मजबूती दर्ज की।



### 89 के स्तर तक जा सकता है रुपया

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि रुपये में यह मजबूती आगे भी जारी रह सकती है। निर्यात बढ़ने की उम्मीद से रुपये की मांग में और इजाफा होने की संभावना जताई जा रही है। शॉर्ट टर्म में रुपया 89.50 से 89.00 के स्तर तक पहुंच सकता है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, टैरिफ में कटौती से रुपये के लिए मजबूती के रास्ते खुले हैं, लेकिन आगे की दिशा इस बात पर भी निर्भर करेगी कि आरबीआई किस स्तर पर बाजार में हस्तक्षेप करता है।

### ट्रेड डील के ऐलान से आया उछाल

रुपये में आई मजबूती के पीछे भारत और अमेरिका के बीच हुआ 'गिव एंड टेक' समझौता अहम माना जा रहा है। ट्रंप ने सोशल मीडिया के जरिए बताया कि भारत रूस से कच्चा तेल खरीदना कम करेगा और इसके बदले अमेरिका व वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। इसके अलावा भारत ने आने वाले कुछ सालों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर (करीब 45 लाख करोड़ रुपये) के ऊर्जा, टेक्नोलॉजी और कृषि उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है।

*मजबूत आर्थिक जमीन पर 'ट्रंप फैक्टर' से मिला बड़ा उछाल: पेज 8 पर...*

## सेंसेक्स 2,073 अंक चढ़ा निफ्टी भी 639 अंक ऊपर

मंगलवार को शेयर बाजार में जोरदार तेजी रही। सेंसेक्स 2,073 अंक (2.54 फीसदी) चढ़कर 83,739 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 639 अंक (2.55 फीसदी) की बढ़त के साथ 25,728 पर बंद हुआ। टैरिफ में कटौती के ऐलान से बाजार को मजबूती मिली। रियल्टी, मेटल और फार्मा शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी देखने को मिली। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 4.79 फीसदी चढ़ा। सेंसेक्स के 30 में से 28 और निफ्टी-50 के 46 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।




### अडाणी समूह के शेयर 11 फीसदी तक उछले

*भारत-अमेरिका ट्रेड डील का फायदा अडाणी समूह के शेयरों को मिला। समूह का अमेरिका में कई सेक्टरों में कारोबार होने के कारण निवेशकों ने जमकर खरीदारी की।*

- अडाणी ग्रीन 10.43 फीसदी बढ़कर 932 रुपये पर पहुंचा।
- अडाणी एंटरप्राइजेज 10.58 फीसदी चढ़कर 2,206 रुपये पर बंद हुआ।
- अडाणी पोर्ट्स 9.19 फीसदी बढ़कर 1,532 रुपये पर पहुंचा।
- अडाणी पावर 7.36 फीसदी की तेजी के साथ 144 रुपये पर बंद हुआ।


### टैरिफ घटने से भारत को पांच फायदे

- **अमेरिका में सस्ता होगा भारतीय सामान:** अमेरिका ने भारतीय सामानों पर लगने वाले टैक्स को 50 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिया है। यानी 'मेड इन इंडिया' प्रोडक्ट अब अमेरिका में पहले से सस्ते बिकेंगे, जिससे उनकी डिमांड बढ़ेगी।
- **कपड़ा और गारमेंट सेक्टर में ग्रोथ:** टेक्सटाइल इंडस्ट्री को सबसे ज्यादा फायदा होगा, क्योंकि भारत के कुल कपड़ा निर्यात का 28 फीसदी हिस्सा अकेले अमेरिका जाता है। टैक्स कम होने से भारतीय कपड़े ज्यादा प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे।
- **इंजीनियरिंग और ऑटो पार्ट्स को नए ऑर्डर:** भारत से अमेरिका जाने वाले सामानों में सबसे बड़ा हिस्सा मशीनरी और ऑटो पार्ट्स का है। टैक्स घटने से इन कंपनियों का मुनाफा बढ़ेगा और उन्हें अमेरिका से नए और बड़े ऑर्डर्स मिलने में आसानी होगी।

## तीन दिन की गिरावट के बाद चांदी 32 हजार रुपए बढ़ी



सोने-चांदी के बाजार में तीन दिन की गिरावट के बाद मंगलवार को तेजी लौटी। वायदा बाजार (एमसीएक्स) में चांदी के दाम करीब 32 हजार रुपये (13 फीसदी) बढ़कर 2.68 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गए। इससे पहले तीन दिनों में चांदी 1.60 लाख रुपये सस्ती हुई थी। सोने में भी करीब 8 हजार रुपये (5 फीसदी) की तेजी आई और 10 ग्राम सोना 1.52 लाख रुपये पर पहुंच गया। आईबीजेए के अनुसार, सर्राफा बाजार में चांदी 2,63,965 रुपये प्रति किलो और 24 कैरेट सोना 1,51,529 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।




22 वर्षीय स्पेनियार्ड ने अपना पहला ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता, करियर ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने!

## ओवरब्रिज से कार पर गिरा हाईवा ड्राइवर और बाइक सवार की मौत

**जागरण, जबलपुर।** एनएच-45 पर मंगलवार को शाहपुरा थाना क्षेत्र में ओवरब्रिज के नीचे सर्विस रोड पर चल रही कार पर हाईवा गिर गया। हादसे में हाईवा चालक अंकित मलिक (रोहतक, हरियाणा) और बाइक चालक बलराम अवस्थी (नटवारा, जबलपुर) की मौके पर ही मौत हो गई। हाईवा के नीचे दबी कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। कार के ऊपर से हाईवा को हटाने के लिए क्रेन और जेसीबी मशीन की मदद लेनी पड़ी।

### भोपाल के कोलार निवासी 5 सवार हादसे में घायल

शाहपुरा टीआई प्रवीण धुर्वे ने बताया कि भोपाल के कोलार इलाके में रहने वाला शुक्ला परिवार रीवा जा रहा था। इसमें बैठे पांच लोग घायल हुए हैं। कार चला रहे धीरज शुक्ला ने बताया कि उनके साथ मां अनीता शुक्ला और छोटा भाई नीरज बैठे थे। रास्ते में ही यह हादसा हो गया। कार में कुल पांच लोग सवार थे। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह हाईवा की तेज रफ्तार माना जा रहा है।

## ऑफ बीट

### 4 साल का बच्चा बना करोड़पति



*नई दिल्ली, जेएनएन। इंग्लैंड में एक 4 साल का बच्चा अपने पिता के साथ खेत में मेटल डिटेक्टर (धातु खोजने वाली मशीन) के साथ खेल रहा था। खेलते समय मशीन में तेज बीप सुनाई दी। इसके बाद वहां पर जमीन की खुदाई करने पर वहां से 500 साल से भी ज्यादा पुराना एक सोने का लॉकेट मिला। विशेषज्ञों की जांच में पाया गया कि इस लॉकेट में 73 फीसदी शुद्ध सोना है। इसकी ऐतिहासिक और धातु की कीमत इतनी अधिक (लगभग 36 करोड़) आंकी गई है कि वह बच्चा रातों-रात करोड़पति बन गया।*

# लोकसभा: राहुल के भाषण पर फिर हंगामा, 8 सस्पेंड

## नरवणे पर आर्टिकल दिखाया, तो स्पीकर ने रोका



पीठासीन स्पीकर तेन्नेटी की चेयर की तरफ विपक्षी सांसदों ने पेपर उछाले।

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लोकसभा में राहुल गांधी की स्पीच पर लगातार दूसरे दिन हंगामा हुआ। राहुल ने मंगलवार दोपहर 2 बजे पूर्व आर्मी चीफ की अप्रकाशित पुस्तक के आर्टिकल को सदन में पेश किया। कहा-मुझे बोलने दिया जाए। उनके यह कहते ही एनडीए के सांसदों ने टोकना शुरू कर दिया। आज वे 14 मिनट तक बोलने की कोशिश करते रहे। इस बीच हंगामा तेज होता गया। राहुल ने सोमवार को भी 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश की थी। हंगामा बढ़ने पर स्पीकर कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने राहुल को रोका और दूसरी पार्टियों के सांसदों को बोलने को कहा, लेकिन सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल, टीएमसी सांसद शताब्दी रॉय और डीएमके सांसद डीएम आनंद ने बोलने से इनकार कर दिया। विपक्षी सांसद नारेबाजी करते वेल में पहुंच गए। तेन्नेटी की चेयर की तरफ विपक्षी सांसदों ने पेपर उछाले। इसके बाद पीठासीन दिलीप सैकिया ने 8 सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया।

### अमेरिकी ट्रेड डील पर राहुल बोले- मोदी ने देश बेचा

नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी ट्रेड डील में देश बेच दिया है। आपकी मेहनत को खून-पसीने को बेच दिया है, क्योंकि वे कॉम्प्रोमाइज्ड हैं। राहुल ने कहा- नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं, क्योंकि जिन्होंने उनकी इमेज बनाई वे अब यह इमेज तोड़ रहे हैं। अमेरिका में अडानी पर केस है, यह असल में मोदी पर केस है। वो मोदी जी के फाइनेंशियल स्ट्रक्चर को टारगेट कर रहे हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि एपस्टीन फाइल्स में और भी बहुत कुछ है, जो अमेरिका ने अभी तक रिलीज नहीं किया है। उसकी वजह से भी पीएम पर प्रेशर है। ये दो प्रेशर पॉइंट्स हैं। देश को यह समझना चाहिए कि पीएम कॉम्प्रोमाइज्ड हैं।



### सरकार बोली- राहुल गुमराह कर रहे

इसके जवाब में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शाम को ट्रेड डील पर पहला बयान दिया। उन्होंने कहा, राहुल देश को गुमराह कर रहे हैं। पीएम ने ट्रंप के साथ रिश्तों का लाभ उठाकर अमेरिका से सबसे बेहतर ट्रेड डील हासिल की है। पीएम मोदी ने एग्रीकल्चर और डेयरी दोनों सेक्टर को सपोर्ट किया है। देश इस फैसले की सराहना कर रहा है और संवेदनशील सेक्टर सुरक्षित हैं। एक्सपोर्ट, टेक्नोलॉजी, निवेश और रोजगार से जुड़े सभी सेक्टरों में भारी उत्साह है। यह हम सभी के लिए एक बड़ी डील है। राहुल गांधी और सभी विपक्षी दल की ओछी सोच है। वे भारत का उज्जवल भविष्य नहीं चाहते। वे हर प्रकार से राजनीतिक अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।



## सीईसी के खिलाफ महाभियोग की तैयारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संकेत दिए हैं कि वे मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही हैं। इसके लिए तृणमूल कांग्रेस अन्य विपक्षी दलों से भी संपर्क में है, ताकि इस मुद्दे पर साझा रणनीति बनाई जा सके। दिल्ली में ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग तृणमूल कांग्रेस के विधायकों वाली विधानसभा सीटों से मतदाताओं के नाम हटाने के लिए एसआईआर का चुनिंदा और पक्षपातपूर्ण तरीके से इस्तेमाल कर रहा है।

**याचिका पर सुनवाई आज:** सुप्रीम कोर्ट बुधवार को एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। इस मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की याचिका भी शामिल है। इस अहम सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री के स्वयं अदालत में मौजूद रहने की संभावना जताई जा रही है।

## कैबिनेट में दो सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी

# सरदार सरोवर विस्थापितों की फ्री रजिस्ट्री कराएगी सरकार

## राज्य समाज कल्याण बोर्ड भंग, कर्मचारियों को बाल विकास से जोड़ा जाएगा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** डॉ. मोहन यादव कैबिनेट ने मंगलवार को तय किया है कि सरदार सरोवर से प्रभावित परिवारों के दिए गए पट्टों की रजिस्ट्री सरकार मुफ्त में कराएगी। इसका लाभ तीन जिलों की 8 विधानसभा क्षेत्रों के आदिवासी परिवारों को मिलेगा। कैबिनेट ने राज्य में सिंचाई का रकबा बढ़ाने दो सिंचाई परियोजनाओं के प्रस्ताव पर भी मुहर लगा दी है।

मंत्रालय में हुई कैबिनेट बैठक में सीएम डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में कई अहम फैसले लिए गए। एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने बताया कि कैबिनेट ने उस प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति जता दी है, जिसमें सरदार सरोवर परियोजना से प्रभावित 25,602 आदिवासी परिवारों को दिए गए भूमि पट्टों की निःशुल्क रजिस्ट्री कराने की बात कही गई थी। इस फैसले से सरकार पर तकरीबन 600 करोड़ रुपए का वित्तीय भार पड़ेगा। काश्यप ने बताया कि इस निर्णय से धार, बड़वानी और अलीराजपुर जिलों के आदिवासी परिवारों को लाभ मिलेगा। काश्यप ने बताया कि इसी तरह कैबिनेट ने किसानों की खेतों में सिंचाई के लिए दो महत्वपूर्ण उद्वहन सिंचाई परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। बाणसागर परियोजना के तहत मप्र अभी सिर्फ 60 से 65 प्रतिशत जल उपयोग कर पा रहा है, जबकि 250 एमसीएम पानी का उपयोग बाकी है।



### संबल योजना (2.0) वर्ष 2031 तक रहेगी जारी

कैबिनेट ने 6 विभागों की 10 योजनाओं को 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक जारी रखे जाने के प्रस्ताव पर भी सहमति दी है। इसके लिए 15,009 करोड़ से अधिक की स्वीकृति प्रदान की गयी, इसमें वित्त विभाग की लोक वित्त पोषित 500 करोड़ से कम की 8 योजनाओं के लिए 115 करोड़ 6 लाख, श्रम विभाग की मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना के लिए 5 हजार करोड़ मंजूर किए गए। योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की विधानसभा क्षेत्र निर्वाचन योजना और स्थापना एवं कार्यालयीन योजनाओं के लिए 3 हजार 376 करोड़ 66 लाख मंजूर किए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### युमनाम होंगे मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली/इम्फाल, जेएनएन।** भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री होंगे। मंगलवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। अब राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा। भाजपा सूत्रों के मुताबिक कुकी-जो समुदाय को संतुष्ट करने के लिए 10 कुकी विधायकों में से एक को डिप्टी सीएम का पद दिया जा सकता है। इस दौरान मणिपुर के विधायक दल का नेता चुनने के लिए नियुक्त सेंट्रल ऑब्जर्वर तरुण चुग, संबित पात्रा और मणिपुर के पूर्व सीएम बीरेन सिंह भी मौजूद रहे। मणिपुर से एनडीए के करीब 20 विधायक रविवार रात को दिल्ली पहुंचे थे।



### मुंबई: दो विमानों के विंग्स टकराए, बड़ा हादसा टला

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई एयरपोर्ट पर मंगलवार शाम करीब 7:30 बजे बड़ा हादसा टल गया, जब टैक्सी-वे पर खड़े और टैक्सी कर रहे दो विमानों के विंग (पंख) आपस में टकरा गए। घटना में एअर इंडिया और इंडिगो की उड़ानें शामिल थीं। दोनों विमानों में यात्री सवार थे, लेकिन राहत की बात यह रही कि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। सभी यात्रियों को सुरक्षित विमान से उतार लिया गया। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2732 मुंबई से कोयंबटूर के लिए टेकऑफ से पहले टैक्सी-वे पर खड़ी थी। इसी दौरान हैदराबाद से मुंबई पहुंची इंडिगो की फ्लाइट लैंडिंग के बाद टैक्सी करते हुए पार्किंग एरिया की ओर जा रही थी। रनवे से पार्किंग वे तक विमान की आवाजाही के दौरान दोनों विमानों के विंग टिप आपस में संपर्क में आ गए।

### सुप्रीम कोर्ट की खेल संघों पर सख्त टिप्पणी: महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव पर रोक हटाने से इनकार

# जिन्हें बैट पकड़ना नहीं आता, वह चला रहे हैं क्रिकेट संघ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने क्रिकेट सहित अन्य खेल संघों के संचालन को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने साफ कहा कि खेल संस्थाओं का नेतृत्व ऐसे लोगों के हाथों में होना चाहिए, जिन्हें खेल की समझ हो। कोर्ट की टिप्पणी थी कि क्रिकेट संघों में रिटायर्ड क्रिकेटरों को जगह मिलनी चाहिए, न कि ऐसे लोगों को जो बैट तक पकड़ना नहीं जानते।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के चुनाव पर लगी रोक हटाने से इनकार कर दिया। ये चुनाव 6 जनवरी को प्रस्तावित थे, लेकिन उन पर भाई-भतीजावाद और पक्षपात के आरोप लगने के बाद रोक लगा दी गई थी।

### सदस्यता में अचानक बढ़ोतरी पर सवाल

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने एमसीए की सदस्यता में अचानक हुई बढ़ोतरी पर कड़े सवाल उठाए। कोर्ट ने रिकॉर्ड का हवाला देते हुए कहा कि 1986 से 2023 तक एसोसिएशन में 164 सदस्य थे, लेकिन इसके बाद अचानक बड़ी संख्या में नए सदस्य जोड़ दिए गए। सीजेआई ने सवाल किया कि इतने सालों तक सीमित सदस्य रहने के बाद अचानक 'बंपर ड्रॉ' कैसे निकल आया। उन्होंने कहा कि अगर सदस्य संख्या 300 तक बढ़ानी ही थी, तो नामचीन और रिटायर्ड अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को इसमें शामिल किया जाना चाहिए था, ताकि खेल का अनुभव प्रशासन तक पहुंचे।



**क्या है विवाद:** यह मामला तब सामने आया, जब पूर्व भारतीय क्रिकेटर और भाजपा नेता केदार जाधव ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 401 नए सदस्यों को जोड़कर वोटर लिस्ट में हेरफेर की गई है। याचिका में यह भी कहा गया कि इनमें से कई नए सदस्य रोहित पवार के रिश्तेदार या कारोबारी सहयोगी हैं। इन आरोपों के बाद हाईकोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी।

**एमसीए की दलील:** एमसीए और अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि एक रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली समिति ने सदस्यता प्रक्रिया की निगरानी की थी और कई आवेदनों को खारिज भी किया गया था। साथ ही यह आरोप लगाया गया कि चैरिटी कमिश्नर ने बिना कैबिनेट की सलाह लिए प्रशासक नियुक्त कर दिया, जो नियमों के खिलाफ है।

**सुप्रीम कोर्ट का रुख:** सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को अपनी याचिकाएं वापस लेने की अनुमति दी और कहा कि सभी आपत्तियां बॉम्बे हाईकोर्ट के समक्ष ही रखी जाएं। साथ ही हाईकोर्ट से आग्रह किया गया कि वह मामले का जल्द निपटारा करे। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि वह फिलहाल हाईकोर्ट के आदेश में दखल नहीं देगा, क्योंकि मामला तथ्यों और रिकॉर्ड की गहन जांच से जुड़ा है।

### सख्ती — सुप्रीम कोर्ट बोला-भारतीयों का डेटा शेयर करने की इजाजत नहीं देंगे

# मेटा-वॉट्सएप कानून मानें या भारत छोड़ें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मेटा और वॉट्सएप को उनकी प्राइवेसी पॉलिसी पर कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हम आपको एक भी जानकारी शेयर करने की इजाजत नहीं देंगे। आप इस देशवासियों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, यदि आप हमारे संविधान का पालन नहीं कर सकते, तो भारत छोड़ दें। हम नागरिकों की प्राइवेसी से समझौता नहीं होने देंगे। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पांचोली की बेंच मेटा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यह याचिका वॉट्सएप की 2021 प्राइवेसी पॉलिसी से जुड़ी है, जिसमें कंपटीशन कमीशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने नवंबर 2024 में मेटा पर 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। इसे राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने बरकरार रखा था। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने याचिका में आईटी मंत्रालय को भी पक्षकार बनाने को कहा है। कोर्ट 9 फरवरी को अंतरिम आदेश देगा।




**एसजी मेहता:** हमारा पर्सनल डेटा सिर्फ बेचा नहीं जाता, उससे पैसे कमाने के लिए इस्तेमाल भी किया जाता है।
**सीजेआई:** सड़क पर ठेला लगाने वाली महिला इन नियमों को कैसे समझेगी? क्या आपने सोचा कि आप कितनी मुश्किल भाषा लिखते हैं? हर शर्त की जांच होनी चाहिए। मुझे अपना मोबाइल दिखाओ और मैं तुम्हें तुम्हारा मोबाइल दिखाऊंगा। यह प्राइवेट जानकारी चुराने का तरीका है।
**एड. अरुण कथपालिया:** सिर्फ कुछ खास डेटा शेयर होता है।
**सीजेआई:** अपना फायदा जानते हैं और यह भी जानते हैं कि आपने लोगों को ऐप का आदी बना दिया।
**एसजी मेहता:** यहां सिर्फ दो चॉइस हैं-लो या छोड़ दो।
**रोहतगी:** क्या मैं कोर्ट को यह बताने के लिए एक पेज का एफिडेविट फाइल कर सकता हूं कि हम क्या कर रहे हैं? कोर्ट इस पर विचार कर सकता है और फिर फैसला ले सकता है।

### चतुराई से तैयार की जाती हैं प्राइवेसी पॉलिसी

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि देश में लोगों के प्राइवेसी के अधिकार की कड़ी सुरक्षा की जाती है। कोर्ट ने कहा, इन एप्स में गोपनीयता से जुड़ी शर्तें इतनी चालाकी से लिखी जाती हैं कि आम आदमी उन्हें समझ ही नहीं पाता। यह लोगों की निजी जानकारी चोरी करने का शालीन तरीका है। हम आपको ऐसा करने की अनुमति नहीं देंगे। साफ-साफ भरोसा दिलाना होगा, नहीं तो कोर्ट आदेश जारी करेगा।

# रायसेन: रेप की कोशिश में हत्या, आरोपी को पीटा, मौत

### खेत पर भाई के लिए खाना लेकर जा रही थी युवती

**जागरण, रायसेन।** जिले के सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के भारतीपुर गांव में अपने भाई के लिए खेत पर खाना लेकर जा रही एक 21 वर्षीय युवती की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। युवती को गांव के ही एक युवक प्रकाश सिंह भिलाड़ा ने रास्ते में रोककर जबरदस्ती करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने युवती के जबड़े और गर्दन पर बके से वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी भाग निकला, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और जमकर पीटा। मारपीट में घायल आरोपी की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया, जिसे देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया।

युवती कुछ साल पहले बाड़ी में रहकर पढ़ाई करती थी। इस दौरान युवक के संपर्क में आई थी। दोनों के घर भी आमने-सामने हैं। पुलिस के अनुसार, हमले के बाद आरोपी लड़की को घसीटते हुए खेत के अंदर ले गया। मौके पर युवती के शरीर के निचले हिस्से पर कपड़े नहीं थे। वारदात के बाद भाग रहे आरोपी युवक की तलाश में बड़ी संख्या में ग्रामीण निकल पड़े और कुछ ही दूरी पर कमरोरा क्षेत्र की घोघरा नदी के पास आरोपी घायल हालत में मिला। सुल्तानपुर थाना पुलिस ने आरोपी को अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज के दौरान देर रात आरोपी भिलाड़ा ने भी दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बेखौफ बल्लेबाजी, बड़े शॉट लगाने की क्षमता के कारण टीम इंडिया विश्व कप में सबसे आगे (पेज : 11)



## घायल गौवंश को उपचार के लिए पहुंचाया गौशाला



**जागरण, रीवा।** शहर के वार्ड क्रमांक 14 संजय नगर में मंगलवार को एक गाय बड़ी देर तक घायलावस्था में पड़ी रही, काफी देर तक किसी ने सुध नहीं ली, इसके बाद जिस मकान के समीप घायल गाय पड़ी थी उसके आसपास के लोगों ने इसकी सूचना नगर निगम को दी कि यहां एक गाय आयल पड़ी हुई है, यदि समय पर इसे उपचार नहीं मिला गाय मर जाएगी। वार्डवासियों की सूचना पर निगम के कर्मचारी वहां पहुंचे और घायल गाय को उपचार के लिए गौशाला भिजवाया गया।

## सिरमौर चौराहे से हटाई गई तंबाकू, गुटखा एवं पान-मसाला की गुमटियां



**रीवा।** नगर निगम द्वारा शिक्षण संस्थानों के आसपास तंबाकू, गुटखा एवं पान-मसाला बेंचने वाली गुमटियों के विरुद्ध कार्यवाही ताबड़तोड़ प्रारंभ कर दी गई है। शहर में कहीं भी इस मरह की गुमटियों को नही रहने दिया जाएगा। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार विद्यालयों के आसपास स्वच्छता एवं छात्र सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को स्कूल के समीप संचालित तंबाकू, गुटखा एवं पान-मसाला के ठेले/गोमती को हटाने की कार्रवाई की गई। पीके स्कूल के पूर्वी गेट के पास पान-मसाला की गोमती जमा ली गई थी जिसे हटाया गया। इसके अतिरिक्त स्कूल की बाऊड्रीवॉल से सटाकर जमाई गई अन्य गोमतियों को भी हटाया गया। इसी प्रकार सिरमौर चौराहा में ज्ञानस्थली स्कूल के पास पान-मसाला की गोमतियां हटाई गई एवं चेतावनी दी गई कि दुबारा पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। साथ ही सड़क सुरक्षा अभियान के तहत धोबिया टंकी से लेकर वार्ड 45 तक विशेष अभियान चलाते हुए सड़क पटरी से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई ।

## कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से पहुंचे कार्यालय

**रीवा।** पर्यावरण की सुरक्षा तथा स्वयं की स्वास्थ्य रक्षा के उद्देश्य से सप्ताह में मंगलवार के दिन कमिश्नर बीएस जामोद की पहल पर अधिकारी और कर्मचारी साइकिल से कार्यालय पहुंच रहे हैं। यह क्रम लगातार बना हुआ है। सुमंगल साइकिल दिवस पर कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। कमिश्नर के साथ प्रभारी खनिज अधिकारी बसंतराम, संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा टीएन टेकाम, अन्य संभागीय अधिकारी तथा कमिश्नर कार्यालय के कर्मचारी भी साइकिल से कार्यालय पहुंचे। संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा कई अधिकारियों ने कार्यालय पहुंचने के लिए ई रिक्शा और ई स्कूटी का उपयोग किया।

## आदित्य अक्षर पर्व 5 फरवरी को मनाया जाएगा

**रीवा।** आगामी 5 फरवरी को दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक शांत्योदय रिसॉर्ट जनार्दन कॉलोनी में आदित्य अक्षर पर्व समिति द्वारा आदित्य अक्षर पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर हिन्दी हायकू के अग्रदूत, विश्वविद्यालय के अध्येता कोरियाई सिजो (प्योंग) को हिन्दी में अवतरित करने वाले समग्रता में आर्थर-विन्ध्य के सपूत स्मृतिशेष आदित्य प्रताप सिंह की कृति पर आधारित गद्य साधना डॉ. अरुण सिंह द्वारा लिखित पुस्तकका विमोचन किया जाएगा।


शासन द्वारा मान्यता प्राप्त

कामता सोनोग्राफी सेन्टर (अल्ट्रासाउण्ड)

डॉ. रश्मी शुक्ला

M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur

ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599, 9399312433


# पोस्टर विवाद: शिव बारात आयोजन के लिए साथ आए कई सामाजिक संगठन



## बैजू धर्मशाला में बनी रणनीति, सर्वसम्मति से शिव बारात निकालने का लिया गया निर्णय

जागरण, रीवा

सोमवार को शिव बारात आयोजन का पोस्टर नगर निगम उड़नदस्ता द्वारा हटाए जाने के हुए बवाल के बाद कई सामाजिक संगठन एक साथ आ गए। बैजू धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें रणनीतिक चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से सभी ने शिव बारात के वृहद आयोजन का निर्णय लिया। पंचमठ आश्रम के प्रमुख विजय शंकर ब्रह्मचारी की विशेष उपस्थिति में आयोजित बैठक में शहर के गणमान्य नागरिक एवं प्रबुद्ध जनों ने निगम प्रशासन की कार्रवाई को दुर्भावना करार देते हुए निंदा की और विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्यता पूर्वक शिव बारात निकालने के लिए सहमति दी। बैठक का संचालन अनिल केसरी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, अतुल जैन, नरेंद्र गुप्ता, डॉ विनोद श्रीवास्तव, ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय त्रिपाठी, सपाक्स संगठन के अध्यक्ष इंजी. देवेंद्र सिंह व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेश काली, किसान सुब्रतमणि त्रिपाठी, पूर्व महापौर ममता गुप्ता, भारती शर्मा, गायत्री गुप्ता, वंदना गुप्ता, प्रतिभा ताम्रकार, शशि गुप्ता, सरिता गुप्ता, शिव बारात आयोजन समिति के अध्यक्ष मनीष गुप्ता, संयोजक कमलेश अग्रवाल, प्रतीक मिश्रा, राजेंद्र निगम, सुनील, अग्रवाल, सुरेश बिश्नोई, संजय श्रीवास्तव, सुशील वर्मा, लवकुश गुप्ता, प्रतीक पांडेय, अजय ताम्रकार, रमाकांत पुरवार, अतिशा जैन, मोहित मिश्रा, राजेश भल्ला, राजेश नामदेव संजय गुप्ता, विनोद गुप्ता, सुमित गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, सुरेश राय प्रकाश केसरिया संतोष साहू, वंशी साहू, देवेंद्र द्विवेदी, सुरेश गुप्ता, मनीष गुप्ता, मंटू निक्की, मोदनवाल मनोज चड्ढा, हरीश मोदनवाल सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी गण गणमान्य नागरिक प्रबुद्ध जन मातृ शक्तियां उपस्थित रहीं। विंध्य क्षत्रिय व क्षत्राणी महासंघ भी नाराज विन्ध्य क्षत्रिय एवं क्षत्राणी महासंघ भी शिव बारात आयोजन समिति का पोस्टर हाए जाने पर नराज है। महासंघ के संरक्षक एवं समाजसेवी कुंवर मान सिंह ताला कोठी, संरक्षक कुंवर प्रदीप सिंह, प्रदेश संयोजक रावेन्द्र सिंह बाघेल ने कार्रवाई की निंदा की और नगर निगम को चेतावनी भरे शब्दों में कहा है कि शिव-बारात रीवा शहर में निकल के रहेगी यदि नगर निगम प्रशासन उसे रोकने का प्रयास करेगा तो उसको उसका मूल्य चुकाना पड़ेगा। संगठन के जिलाध्यक्ष मुनेन्द्र प्रताप सिंह परिहार, कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह बघेल, जिला संयोजक राजेश सिंह बघेल, आरमी बिग्रेड अध्यक्ष मनोज सिंह बघेल, क्षत्राणी जिलाध्यक्ष सुषमा प्रदीप सिंह, विमला सिंह, पुष्पा सिंह, प्रियंका सिंह, रीता पुष्पेन्द्र सिंह, सुषमा सिंह, राशी सिंह, विजया सिंह, सुषमा विनय सिंह, मीरा सिंह, निधी सिंह ने भी नगर निगम प्रशासन द्वारा शिव-बारात के बैनर निकालने की कड़ी निन्दा की है।

### धार्मिक कार्यक्रमों की प्रचार सामग्री हटाने का नहीं कानून

हिन्दू धर्म परिषद और हिन्दू उत्सव समिति ने नगरनिगम प्रशासन द्वारा महा शिवरात्रि पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रम शिव बारात की प्रचार सामग्री हटाने को लेकर निंदा की और कहा कि समूचे देश में धार्मिक कार्यक्रमों के प्रचार प्रसार हेतु गेट, बैनर पोस्टर लगाने की परम्परा है, जिसको कहीं भी अवैधानिक नहीं माना जाता है, क्योंकि इसमें किसी का व्यक्तिगत प्रचार नहीं होता है, यह सभी कार्यक्रम जनभागीदारी से हिन्दू धर्म और सनातन संस्कृति-संस्कारों के परिचायक होते हैं। जिसमें समूचे नगर में धार्मिक वातावरण बनता है और सभी आम नागरिक इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। यह कोई व्यवसायिक प्रचार नहीं अपितु सनातन का प्रचार है। नगर निगम प्रशासन हमेशा से ऐसे कार्यक्रमों में सहयोगी भूमिका में रहता है। निगम प्रशान रीवा द्वारा की गर्रवाई को अनुचित करार दिया।

### महापौर ने निगमायुक्त से पूछा- एक संस्था को क्यों किया टारगेट



महाशिवरात्रि के पर्व पर शिव बारात आयोजन का पोस्टर एवं बैनर हटाने को लेकर महापौर अजय मिश्रा बाबा ने निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे को लिखे पत्र में इस कार्यवाही को निगम के हितों के प्रतिकूल बताया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर 15 फरवरी को शहर में शिव बारात के आयोजन के प्रचार-प्रसार हेतु आयोजकों द्वारा पोस्टर बैनर लगाए गये हैं, जिन्हें आपके निर्देश पर 02 फरवरी 2026 को निकलवाया गया। इस कारण आयोजकों में आक्रोश उत्पन्न हुआ और शहर में सौहार्दपूर्ण वातावरण बिगड़ने की स्थिति निर्मित हुई। नगर निगम द्वारा की गई उक्त कार्यवाही से आमजन में असंतोष की भावना उत्पन्न हुई है, जो निगम हित में कतई नहीं है। उन्होंने पत्र के माध्यम से आगे कहा कि नगर निगम को सभी धर्मों के आयोजनों का सम्मान करना चाहिये। यदि आयोजक द्वारा मध्यप्रदेश आउटडोर मीडिया नियम के अंतर्गत अनुमति नहीं ली गई, तो उन्हें नोटिस देना चाहिये था। ऐसा देखा गया है कि इस आयोजन के पूर्व अनेक धार्मिक, राजनैतिक एवं व्यक्तिगत जन्मदिन आदि कार्यक्रमों के बैनर, पोस्टर काफी समय तक शहर में लगाए गये। क्या उन्हें निगम से अनुमति दी गई, यदि बिना अनुमति के लगाए गये थे, तो उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई। एक ही संस्था को टारगेट क्यों किया गया, यह कृत्य निंदनीय है। ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिये। उक्त प्रकरण का परीक्षण कराकर प्रतिवेदन 02 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करायें।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बजट की प्रतियां जलाईं



**रीवा।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन (सीटू) के राष्ट्रीय आह्वान पर केन्द्रीय बजट में आंगनवाड़ी कर्मियों तथा सभी प्रकार के सेवा कर्मियों की दुर्दशा एवं अधिकारों पर किसी भी प्रकार का प्रावधान न किये जाने तथा बजट आवंटन में किसी भी प्रकार की वृद्धि न करने के विरोध में सिरमौर चौराहा में यूनियन द्वारा केन्द्रीय बजट की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। आन्दोलन में उपस्थित यूनियन की प्रदेश महासचिव किशोरी वर्मा ने कहा कि भारत सरकार दावा कर रही है कि श्रम संहिताओं के माध्यम से सभी श्रमिकों को न्यूनतम वेतन मिलेगा जबकि आंगनवाड़ी कर्मियों को अभी भी नाम मात्र का मानदेय मिलता है। संगठन ने सभी कर्मियों से आगामी 12 फरवरी की आम हड़ताल में सरकार के नीतियों के खिलाफ व्यापक भागीदारी का आह्वान किया है। इस दौरान सीटू के जिला सचिव सौरभ मिश्रा, अमित सोहगौरा, सुनीता मिश्रा, रामवती सिंह, अर्चना पाण्डेय, राजकुमारी साकेत, अर्चना पटेल, दिव्या साकेत, कल्पना शुक्ला, गीता शर्मा, आंचल आदिवासी, ममता कोल, किसानसभा के नेता रामनरेश सिंह, संजय निगम, गोकरण शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## समीपस्थ क्षेत्रों में गिरी मावठे की बारिश, हजारों क्विंटल धान भींगी



**आज भी छाए रहे आसमान में बादल, ठंड का असर रहा बरकरार**

**जागरण, रीवा।** शहर में मंगलवार को भी आसमान में बादल छाए रहे, वहीं धुंध भी छाई रही। शहर में तो हल्की बूंदाबांदी हुई किन्तु आसपास के क्षेत्रों में बारिश होने के समाचार प्राप्त हुए हैं, मऊगंज, सीधी, देवतालाब आदि क्षेत्रों में मावठे की बारिश हुई, धान खरीदी के बाद कई स्थानों पर अभी भी धान खुले स्थानों पर ही रखा था, मावठे की बारिश में हजारों क्विंटल धान गीला हो गया है। आसमान पर बादल छाए रहने से सुबह से ही वातावरण ठिठुरन भरा रहा, लोगों को ठंड से राहत पाने अलाव जलाने पड़े, वहीं सूर्यनारायण बादलों की ओट में ही छिपे रहे, जिससे ठंड का असर कम नहीं हुआ, सोमवार से ही ठंडी हवाएं चल रही हैं, मंगलवार दिनभर बादल रहे और तेज हवाएं चलती रही, इस वजह से दिनभर ठिठुरन रही, कुछ देर के लिए धूप खिली लेकिन फिर आसमान को बादलों ने ढंक लिया, तीन बजे बाद सूर्य देवता ने दर्शन नहीं दिए, मारे ठंड के लोगों को घरों में ही दुबकना पड़ा। दोपहर एक बजे व तीन बजे हल्की बूंदाबांदी भी हुई, जिससे लग रहा था बरसात होगी, लेकिन शहर में बरसात नहीं हुई, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में मावठे की बारिश हुई। शाम को भी तेज हवाएं चलती रही।

# आज से शुरू होंगे शुभ मुहूर्त, बजेगी शहनाई



## दिसंबर तक विवाह के 59 शुभ मुहूर्त, मार्च-अप्रैल में लगेगा ब्रेक

**जागरण, रीवा।** हिंदू धर्म के 16 संस्कारों में विवाह को सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। इसलिए लोग शुभ तिथि का विशेष ध्यान रखते हैं। हर साल 15 जनवरी को धनुर्मास समाप्त होते ही शादियों का सिलसिला शुरू हो जाता था लेकिन इस बार शुक्र ग्रह के अस्त होने के कारण जनवरी में एक भी विवाह मुहूर्त नहीं था। अब फरवरी में शुक्र ग्रह अपनी अस्त अवस्था से बाहर आ गए हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शुक्र के अस्त रहने के दौरान विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती है। ऐसे में जैसे ही शुक्र उदय होते हैं, सभी शुभ कार्यों की दोबारा शुरुआत हो जाती है। शुक्र ग्रह को सुख, वैवाहिक जीवन और भौतिक समृद्धि का कारक माना जाता है। विवाह के शुभ मुहूर्त 4 फरवरी से शुरू हो जाएंगे, जबकि पहला विवाह मुहूर्त 5 फरवरी को रहेगा। पूरे साल का अंतिम विवाह मुहूर्त 6 दिसंबर को पड़ने वाला है। इस साल कुल 59 शुभ विवाह मुहूर्त रहेंगे।

### 14 मार्च से 13 अप्रैल तक नहीं होंगी शादियां

फरवरी से मार्च तक विवाह के कई अवसर मिलेंगेए लेकिन 14 मार्च से 13 अप्रैल तक खरमास लगने के कारण शादियों पर विराम रहेगा। जानकारों के अनुसार सूर्य के मीन राशि में प्रवेश करते ही खरमास शुरू हो जाता है और इस दौरान सभी प्रकार के मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। खरमास समाप्त होने के बाद विवाह का दौर फिर से शुरू होगा। फरवरी में 12, मार्च में 8, अप्रैल में 8 और मई में भी 8 शुभ तिथियां रहेंगी। हालांकि साल में कुछ ऐसे महीने भी आएंगे, जब एक भी विवाह मुहूर्त नहीं होगा।

**जुलाई में चातुर्मास**

25 जुलाई से चातुर्मास शुरू हो जाएगा, जो 20 नवंबर तक चलेगा। जानकारों के अनुसार देवशयनी एकादशी से प्रारंभ होकर देवउठनी एकादशी तक सभी शुभ कार्य बंद रहते हैं। देवउठनी एकादशी के अगले दिन तुलसी विवाह के साथ मांगलिक कार्यों की फिर से शुरुआत हो जाती है। इसलिए चातुर्मास के दौरान मांगलिक कार्य नहीं होंगे।

**फरवरी में यह मूहूर्त**

शादी के लिए 5, 6, 7, 8, 10, 12, 14, 19, 20, 21, 24, 25, 26 तारीखें विवाह के लिए शुभ हैं।

## ई-ऑफिस: प्रदेश में प्रथम स्थान पर रीवा संभाग

**रीवा।** प्रशासनिक नवाचार के तहत ई-ऑफिस व्यवस्था लागू की गई है। अब कार्यालयों के अंदर तथा अन्य कार्यालयों में फाइलों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है। ई-ऑफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करके रीवा संभाग में संभागीय रैंकिंग में अक्टूबर माह से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग में कुल 13464 फाइलें ई-ऑफिस में क्रिएट की गईं तथा 53125 फाइलों का मूवमेंट हुआ। प्रदेश में दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम संभाग है, जिसमें 5283 फाइलों का क्रिएशन तथा 40073 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। तीसरे स्थान पर ग्वालियर संभाग है। इसमें 2520 फाइलों का क्रिएशन तथा 26057 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। कमिश्नर ने बताया कि प्रदेश स्तर में संभाग और जिलों की सामूहिक रैंकिंग में सभी जिले और संभाग शामिल किए गए हैं। इनकी कुल संख्या 65 है। इस रैंकिंग में रीवा जिला 19वें स्थान पर है। रीवा जिले में 5610 फाइलें क्रिएट हुई हैं तथा 34788 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। रैंकिंग में सिंगरौली जिला 40वें, मऊगंज जिला 50वें, सतना जिला 46वें, सीधी जिला 45वें तथा मैहर जिला 58वें स्थान पर है। कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को ई-ऑफिस प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने तथा सभी जिला कार्यालयों में इसे दृढ़ता से लागू कराने के निर्देश दिए हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली : डॉक्टरों और पैथालॉजी सेंटरों की लूट से त्रस्त जनता

**बिना किसी ठोस कारण के मरीजों को महंगी जांचों के लिए भेज देते हैं डॉक्टर**



**जागरण, रीवा।** जिले भर में मरीजों के लिहाज से स्वास्थ्य सेवायें बुरी तरह बदहाली के दौर गुजर रही हैं। डॉक्टरों और पैथोलॉजी सेंटरों की मनामानी से मरीज लूटपाट के शिकार हो रहे है। जिले भर में स्वास्थ्य सेवाओं की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि आम जनता के सामने इलाज कराना बड़ा मुश्किल हो गया है। अस्पतालों, क्लीनिकों और पैथोलॉजी केंद्रों में खुलेआम लूट मची हुई है। डॉक्टर और जांच केंद्र वाले मिलकर मरीजों को आर्थिक रूप से निचोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। रीवा शहर और ग्रामीण इलाकों में ज्यादातर निजी डॉक्टर मरीजों से जबरन अत्यधिक फीस वसूल रहे हैं। सामान्य जांच या परामर्श के लिए भी 500 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक फीस ली जा रही है। कई डॉक्टर तो बिना किसी ठोस कारण के मरीजों को महंगी जांचों के लिए भेज देते हैं ताकि उनसे कमीशन लिया जा सके। कई मरीजों की शिकायत है कि डॉक्टर उन्हें अपनी मनचाही दवाइयाँ खरीदने के लिए बाध्य करते हैं। जो दवा दुकानदार डॉक्टर से जुड़ा होता है, वहीं से दवा लेने के लिए कहा जाता है। इससे डॉक्टरों और मेडिकल दुकानदारों की मिलीभगत से जनता की जेब खाली हो रही है। रीवा जिले में पैथोलॉजी और सोनोग्राफी केंद्र खुलेआम लूट खसोट कर रहे हैं। बुखार या सामान्य संक्रमण जैसे मामूली मामलों में भी 4000 रुपये से 8000 रुपये तक की जांचें लिखी जाती हैं। हर मरीज को महंगी जांचों की सलाह देना डॉक्टरों की प्रथा बन चुकी है। इससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार बुरी तरह परेशान हैं।

### मिलावटी और नकली दवाओं का खतरा

जिले के कई मेडिकल स्टोर्स में नकली और घटिया दवाएँ खुलेआम बेची जा रही हैं। डॉक्टरों की सिफारिश पर दी जाने वाली दवाओं की गुणवत्ता पर कोई नियंत्रण नहीं है। न तो स्वास्थ्य विभाग की टीम निरीक्षण कर रही है, न ही प्रशासन इस ओर कोई सख्त कदम उठा रहा है। जिले के सरकारी अस्पतालों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की भारी कमी है, दवाएँ उपलब्ध नहीं हैं और मशीनें अक्सर खराब पड़ी रहती हैं। मरीजों को मजबूर होकर निजी अस्पतालों की ओर जाना पड़ता है, जहाँ पर उनका आर्थिक शोषण किया जाता है।

**कानून-व्यवस्था और प्रशासन की निष्क्रियता**

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि इस खुलेआम लूट और शोषण पर प्रशासन पूरी तरह मौन है। शिकायतें करने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग या जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। ऐसा लगता है जैसे पूरा सिस्टम बेबस और भ्रष्टाचार के आगे झुक गया है। जनता में गहरी नाराजगी और निराशा है। मरीजों को लगता है कि अब स्वास्थ्य सेवा नहीं बल्कि व्यापार बन चुकी है। गरीब परिवार इलाज के लिए कर्ज में डूब रहे हैं, जबकि सरकार के मुफ्त इलाज के वादे केवल कागजों तक सीमित हैं।

# चिकित्सकीय अधोसंरचना विकास में स्टेट ऑफ द आर्ट सुविधाओं को करें शामिल: उप मुख्यमंत्री

## गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल एवं सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार कार्यों की हुई समीक्षा



**जागरण, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल एवं सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रीवा के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में प्रस्तावित निर्माण कार्यों, उपलब्ध अधोसंरचना और भविष्य की आवश्यकताओं पर गहन चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि अस्पतालों के विस्तार एवं उन्नयन कार्यों में चिकित्सकीय सुविधाओं का गुणवत्तापूर्ण, सुगम एवं समयबद्ध प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधोसंरचना विकास के दौरान स्टेट ऑफ द आर्ट सुविधाओं को शामिल करने पर बल देते हुए कहा कि भवन निर्माण, वार्ड व्यवस्था, ओपीडी, डायग्नोस्टिक सुविधाओं और अन्य सहायक सेवाओं में आधुनिक मानकों का पालन किया जाए। साथ ही भविष्य की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की स्थापना के लिए आवश्यक प्रावधानों को योजना में सम्मिलित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समय-सीमा और तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए, ताकि रीवा संभाग सहित आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को उन्नत एवं विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक में आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा धनराजु एस, विभागीय अधिकारी और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शहर में हर 8वें परिवार को मिला है पीएम आवास योजना का लाभ

## पीएम आवास योजना के तहत 95 फीसदी मकानों का निर्माण हो चुका है पूरा



**जागरण, रीवा।** प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के मामले में नगर निगम रीवा द्वारा काफी उदारता बरती है। इस योजना के तहत शहर में अब तक 8968 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। नगर निगम द्वारा कराये गये जीआईएस सर्वे में शहर में कुल 67 हजार मकान बने हुए हैं। इस लिहाज से शहर में हर 8वें परिवार को पीएम आवास योजना का लाभ दिया गया है। सूत्रों से हासिल जानकारी के मुताबिक कुछ हितग्राहियों ने पीएम आवास योजना की राशि मिलने के बाद भी आवास का निर्माण पूरा नहीं किया है एवं कुछ हितग्राहियों ने राशि पाने के बाद निर्माण ही नहीं किया है। ऐसेहितग्राहियों का नोटिस जारी करके कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है। बताया गया है कि शहर में बीएलसी योजना के तहत अब तक कुल 7232 हितग्राहियों का पीएम आवास योजना का लाभ दिया जा चुका है। इनमें में 95 प्रतिशत आवासों का निर्माण पूरा भी हो चुका है। इसके अलावा ईडब्ल्यूएस योजना के तहत शहर में गोल क्वार्टर बिछिया, एसएएफ कॉलोनी के पास, चिरहुला मार्ग पर ललपा साइट, इंजीनियरिंग कॉलेज के पास सुंदरनगर एवं रतहरा में 1736 पीएम आवास बनाये गये हैं। इनमे में 1500 से अधिक आवासों का आवंटन किया जा चुका है। शेष आवंटन की प्रक्रिया में हैं। इसके अलावा एसएएफ कालोनी के पास 48 एवं ललपा साइट में 96 एमआईजी एवं गोल क्वार्टर में 60 एलआईजी आवास का निर्माण किया गया है।


आयुष्मान में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध

कीमोथेरेपी | शिशु रोग विभाग | पथरी का ऑपरेशन | हड्डी का ऑपरेशन | कैंसर का ऑपरेशन | प्लास्टिक सर्जरी | जनरल सर्जरी | आकस्मिक सुविधा | यूरो सर्जरी | जबड़े का फ्रैक्चर

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना PM-JAY

नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)

अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604, 7566831551

कॉस्मेटिक स्किन एंड प्लास्टिक सर्जरी क्लीनिक

डॉ. सौरभ सक्सेना

एम.बी.बी.एस., एम.एस. (सर्जरी), MCH (प्लास्टिक सर्जरी)

समय: 4:00 PM से 7:30PM सोमवार से शनिवार, रविवार 12 PM- 02:00PM

- स्किन टैन, तिल, मस्से का उपचार टैटू रिमूवल
- झुरियां, मुंहासे के दाग के लिए
- सफेद दाग का इलाज • फिलर ट्रीटमेन्ट
- लेजर द्वारा नॉन सर्जिकल एवं सर्जिकल उपचार
- त्वचा संबंधी सभी विकृतियों का उपचार
- स्ट्रेच मार्क चोट, सर्जरी के दाग का उपचार
- हेयर लेजर रिमूवल (अनचाहे बाल) केमिकल पीलिंग से (झाइयों)
- कार्बन पीलिंग • Prp थैरेपी, GFC थैरेपी
- मेडिफेशियल, वैंपायर फेसियल
- हेयर ग्रोथ ट्रीटमेन्ट
- स्किन व्हाइटनिंग एण्ड ग्लो ट्रीटमेन्ट

07662.352194, 9827268788, 9825935433 (एमरजेन्सी नंबर)

पता-साक्षी मेडिकोज के बगल में, LIC क्र.-1 के नीचे, सिरमौर चौराहा, रीवा (म.प्र.)




# थाने में सुरक्षित रहेंगे पेपर, कलेक्टर के प्रतिनिधियों की निगरानी में होंगी परीक्षाएं

## केन्द्राअध्यक्षों के मोबाइल में स्टॉल कराई गई ऐप
## पेपर खोलने का वीडियो बनाकर भेजा जाएगा भोपाल

जागरण,रीवा

10 फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षाओं की निगरानी के लिए हर सेंटर में कलेक्टर द्वारा नियुक्त एक प्रतिनिधि तैनात रहेगा। पूरी परीक्षाएं इन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित होंगी, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल ही इसका हल किया जा सके। बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्नपत्र पास के थानों में सुरक्षित रखे जाएंगे और वहां से लाने के लिए एक टीम गठित रहेगी। परीक्षा होने के बाद कॉपियों को भी सुरक्षित तरीके से मूल्यांकन केन्द्र तक ले जाया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए कलेक्टर प्रतिनिधियों को एक दिनी प्रशिक्षण कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में दिया गया। बताया गया कि जिले में बोर्ड परीक्षाओं के लिए कुल 94 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षाओं के दौरान प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, थाने से प्रश्नपत्रों के निर्गमन, परीक्षा केंद्र तक सुरक्षित परिवहन तथा परीक्षा प्रारंभ कराने की संपूर्ण जिम्मेदारी कलेक्टर प्रतिनिधियों को सौंपी गई है। इसी क्रम में 94 परीक्षा केंद्रों हेतु नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिनिधियों को बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में विशेष रूप से ऑनलाइन सॉफ्टवेयर की स्थापना, संचालन प्रक्रिया, थाने से प्रश्नपत्र प्राप्त करने की डिजिटल प्रक्रिया, परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर प्रश्नपत्र खोलने, परीक्षा प्रारंभ कराने तथा समस्त अभिलेखों के संधारण से संबंधित बिंदुओं को स्पष्ट किया गया। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षाओं के लिए नियुक्त केन्द्राध्यक्षों एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों को निर्देश दिये हैं कि निर्विघ्न और शांतिपूर्वक परीक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करायें। यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्वरूप का है। अतरू इसमें सभी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी योग्यता से करना होगा। परीक्षा केन्द्रों पर नकल न हो, परीक्षा की गोपनीयता एवं विश्वसनीयता बनी रहे इस पर पूरी निष्ठा के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्राध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्ष किसी भी व्यक्ति को प्रश्न पत्र लाने के लिए अधिकृत नहीं करेंगे। इसी प्रकार उत्तर पुस्तिका निर्धारित स्थान पर जमा करने का कार्य भी केन्द्राध्यक्ष अथवा सहायक केन्द्राध्यक्ष को ही करना होगा। कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में कलेक्टर ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंडल के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करायें। परीक्षा केन्द्रों में कलेक्टर प्रतिनिधि के अतिरिक्त सभी का मोबाइल फोन प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा कक्ष में एक बेंच में एक ही परीक्षार्थी बैठेगा तथा 100 मीटर के दायरे में अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि त्रुटि रहित बोर्ड परीक्षाओं का सफल संचालन सुनिश्चित करायें तथा परीक्षा केन्द्रों में तनाव रहित वातावरण निर्मित करते हुए यह सुनिश्चित करें कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



### इन पर होगी कार्यवाही

कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा केन्द्र पर गंभीर शिकायत प्राप्त होने पर केन्द्राध्यक्ष व सहायक केन्द्राध्यक्ष के विरूद्ध अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने कहा कि सभी केन्द्राध्यक्ष व उप केन्द्राध्यक्ष निर्धारित ऐप को डाउनलोड कर इसका संचालन सीख लें। कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया पर प्रश्न पत्रों की गोपनीयता भंग करने के संबंध में फैलने वाली अफवाहों को रोकने के लिए जिला स्तर पर व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। प्रशिक्षण में बताया गया कि परीक्षा अवधि में परीक्षा तिथि को केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष एवं कलेक्टर प्रतिनिधि थाने में उपस्थित होकर प्रश्न पत्र लेकर सुबह 8.30 बजे के केन्द्र में पूर्व पहुंच जायेंगे। प्रश्न पत्रों के बाक्स खोले जाने के पूर्व बाक्सों के 6 तरफ के वीडियो बनाकर माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल को भेजा जायेगा। परीक्षा केन्द्र में ही केन्द्राध्यक्ष द्वारा प्रश्न पत्र का बाक्स खोलकर पैकेट्स पर्यवेक्षकों को सौंपे जायेंगे। तदुपरांत पर्यवेक्षकों द्वारा परीक्षा कक्ष में प्रश्न पत्र के पैकेट्स खोलकर छात्रों को सुबह 8.55 बजे वितरित किये जायेंगे। रीवा जिले में 18 अशासकीय परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीव्ही कैमरे लगाये गये हैं जिनकी लाइव निगरानी जिला एवं भोपाल स्तर पर की जायेगी। जिले में 9 अतिसंवदेनशील परीक्षा केन्द्रों में कलेक्टर प्रतिनिधि के अलावा प्रेक्षकों तथा पुलिस बल की तैनाती रहेगी। उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षा के लिए रीवा जिले में 71 तथा मऊगंज जिले में 23 परीक्षा केन्द्र सुनिश्चित किये गये हैं। मऊगंज जिले में 4 संवदेनशील परीक्षा केन्द्रों पर विशेष निगरानी की व्यवस्था की गयी है।

### प्रतिनिधियों के मोबाइल पर इंस्टॉल हुआ

बताया गया कि कलेक्टर प्रतिनिधियों के मोबाइल फोन में बोर्ड द्वारा उपलब्ध सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कराकर उसकी कार्यप्रणाली का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में 5 फरवरी व शहरी क्षेत्र में 6 फरवरी को प्रश्न पत्रों का वितरण होगा। रीवा जिले में 8 तथा मऊगंज जिले में 3 निरीक्षण दल बनाये गये हैं। प्रशिक्षण अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा, सहायक संचालक राजेश मिश्रा, प्राचार्य वरूणेन्द्र प्रताप सिंह जिला ई-गवर्नेंस मैनेजर आशीष दुबे सहित रीवा एवं मऊगंज केन्द्राध्यक्ष व सहायक केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे।

### बोर्ड परीक्षाओं में 40 फीसदी प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा को छात्रों के लिए सरल बनाने और परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से परीक्षा पैटर्न में कुछ बदलाव किए हैं। नए परीक्षा पैटर्न को वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया हैए जिससे विद्यार्थी अभी से नई व्यवस्था के अनुसार अपनी तैयारी कर सकें। नए पैटर्न के तहत अब कक्षा 10वीं और 12वीं के प्रश्नपत्रों में वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रश्नों का प्रतिशत बढ़ाकर 40 कर दिया गया हैए जो पहले 25 प्रतिशत था। इससे विद्यार्थियों पर लंबे उत्तर लिखने का दबाव कम होगा और परीक्षा अपेक्षाकृत सरल होगी। सामान्य विषयों में सैद्धांतिक 80 और प्रायोगिक 20 अंक निर्धारित किए गए हैं, प्रायोगिक विषयों में सैद्धांतिक 70 और प्रायोगिक 30 अंक रहेंगे।

# परीक्षा केंद्र से 100 मीटर क्षेत्र प्रतिंबधित

**जागरण, रीवा।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं 10 फरवरी से 7 मार्च तक तथा सीबीएसई बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की वार्षिक परीक्षा 10 अप्रैल तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जा रही हैं। बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू संचालन तथा कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रतिभा पाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों में सौ मीटर की परिधि का क्षेत्र प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। इसमें केवल परीक्षार्थी तथा परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारी ही प्रवेश कर सकेंगे। शेष व्यक्तियों के लिए इसमें प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। परीक्षा की अवधि में प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी तरह की दुकान के भी संचालन की अनुमति नहीं होगी। प्रतिबंधात्मक आदेश 10 फरवरी से 10 अप्रैल तक लागू रहेगा। जारी आदेश के अनुसार प्रतिबंधित क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति मोबाइल, टैबलेट, कम्प्यूटर, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग नहीं करेगा। प्रतिबंधित क्षेत्र में अथवा परीक्षा केन्द्र की ओर जाने वाले मार्ग में किसी प्रकार का अवरोध लगाने तथा वाहनों का जमावड़ा पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

### यह सामान रहेंगे प्रतिबंधित

परीक्षा केन्द्र की परिधि में नकल कराने की दृष्टि से किसी भी प्रकार की सामग्री जैसे गाइड, पुस्तकें, नोट्स, नकल की पर्चियाँ, किताबों के पन्ने आदि को लेकर प्रवेश करना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा केन्द्र से सौ मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी व्यक्ति परीक्षा से संबंधित कर्मचारियों को डराने-धमकाने अथवा परीक्षा विरोधी वार्तालाप करते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### धारा 163 लागू

इस संबंध में कलेक्टर ने कहा है कि वर्तमान परिस्थितियों में प्रतिबंधात्मक आदेश की तामीली संभव नहीं है। इसलिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के तहत आदेश एकपक्षीय रूप में लागू किया जाता है। समाचार पत्रों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया के माध्यम से आमजनता को इसकी सूचना दी जा रही है। कलेक्टर ने सभी एसडीएम, कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को आदेश का पालन सुनिश्चित कराने तथा एसडीएम कार्यालय, जनपद सीईओ कार्यालय तथा ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर आदेश को चस्पा कराने के निर्देश दिए हैं।

# यूट्यूबर ने बनाया आपत्तिजनक वीडियो एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग



## ब्राह्मण समाज के लोगों ने सिविल लाइन पुलिस से की शिकायत

**जागरण रीवा।** सोशल मीडिया में मनमाने तरीके से आपत्तिजनक वीडियो बनाकर व्यू की लालच में कुछ यूट्यूबर समाज में जहर घोलने का काम कर रहे है। मनीष पटेल नाम का यूट्यबर अब इसी कृत्य को लेकर चर्चा में है, इसके पूर्व भी उक्त यूट्यूबर आर्मी वाले की पत्नी सहित आपत्तिजनक वीडियो बनाने के मामले में विवादों के घेरे मे था। इस बार ब्राह्मण समाज की लड़की को लेकर बनाया गया वीडियो विवादों में है। वीडियो से आहत ब्राह्मण समाज के लोगों ने यूट्यूबर मनीष पटेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई के लिए सिविल लाइन थाना में शिकायत की है। बघेली भाषा में हास्य वीडियो बनाने वाले मनीष पटेल पर कार्रवाई की मांग की गई है। बताया गया कि मनीष पटेल द्वारा सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया गया जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो का शीर्षक 'ब्राह्मण लड़की पटाने के बाद' रखा गया है। वीडियो सामने आते ही ब्राम्हण समाज के लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला । समाज के प्रबुद्ध वर्ग और युवाओं ने आक्रोश जताया। मनोरंजन के नाम पर समाज के उच्च वर्ग के समाज की महिलाओं को निशाना बनाना न केवल अनुचित है, बल्कि इससे सामाजिक सौहार्द भी प्रभावित होता है। लोगों का आरोप है कि इस तरह का कंटेंट समाज को बांटने और भावनाओं को आहत करने वाला है। विवाद बढ़ने के बाद सोशल मीडिया पर मनीष पटेल के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कई लोगों ने वीडियो को हटाने और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने मांग कर रहे है तो वहीं ब्राह्मण समाज के लोगों ने सिविल लाइन थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है, जिससे इस तरह के आपत्तिजनक वीडियो बनाने से पहले लोगों में कार्रवाई का भय हो। ब्राह्मण समाज के अधिवक्ता विवेक कुमार मिश्रा, शिवेश मिश्रा, कमलेश तिवारी, प्रदीप पाण्डेय, कौशलेश प्रसाद त्रिपाठी, अनिल मिश्रा सहित ब्राह्मण समाज के लोग कार्रवाई की मांग को लेकर सिविल लाइन थाना शिकायत लेकर पहुंचे थे। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# सीईओ गंगेव प्राची चौबे को कारण बताओ नोटिस जारी

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जनपद पंचायत गंगेव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्राची चौबे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लोक सेवा केन्द्र तथा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों का समय सीमा में निराकरण न करने पर जारी किया गया है। नोटिस का जबाव तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत न करने पर लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत अर्थदण्ड अधिरोपित करने की कार्यवाही की जायेगी। बतादें कि एक व्यवसायी की जमीन पर जबरिया कब्जा मामले में अभी हाल में चर्चा में आए पूर्व डीएसपी पीएल अवस्थी की पुत्रवधू हैं।

# धंसने लगा रंग रोगन कर बनाया गया नवीन पुल



## सेमरिया रोड के चौड़ीकरण के दौरान एक हिस्से का पुल नहीं बनाया गया

**जागरण, रीवा।** बीड़ा मोड़ से करहिया मण्डी के सामने होते हुए सेमरिया की ओर जाने वाली सड़क का गत वर्ष चौड़ीकरण किया गया, इस मार्ग पर पड़ने वाले पुराने रोड पर स्थित पुल को ही रंग रांगन कर नवीन बनाने का प्रयास किया गया जबकि चौड़े किए गए रोड के एक हिस्से में नवीन पुल का निर्माण किया गया। पहले से ही दोनों पुल ऊंचे-नीचे हैं, पुराना पुल अब और धंसने लगा है, पुल के उपर गड्ढा हो गया है, जिसमें पानी भरा रहता है, पानी भरा होने से गड्ढे का विस्तार होता जा रहा है, जिससे पुल के इस हिस्से के भविष्य का सहजता से अंदाजा लगाया जा सकता है। पुराने और नवीन पुल को जोड़ा नहीं गया है, दोनों के बीच में स्थान छोड़ दिया गया है, जो यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है, दोनों पुल के बीच में छोड़ी गई जगह में किसी प्रकार का संकेतक नहीं लगाया गया है, खासकर रात के समय यह गड्ढा दिखाई नहीं देता, जिससे कभी भी यहां से गुजरने वाले वाहन इसका शिकार हो सकते हैं। पुल के जिस हिस्से में पानी भरा रहता है वहां कीचड़ भी हो रहा है और दोनों पुल के बीच जो जगह छोड़ी गई है उस हिस्से में कोई सपोर्टिंग वॉल वगैरह भी नहीं बनी, जिससे सेमरिया की ओर से वाला वाहन फिसलकर सीधे पुलों के बीच में छोड़े गए स्थान से नाले में गिरने का भी खतरा बना हुआ है।

# जिले के 10 तहसीलदारों पर कलेक्टर ने ठोका पांच-पांच सौ का जुर्माना

## लोक सेवा गारंटी के आवेदनों का निराकरण नहीं करने पर उठाया कदम

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने लोक सेवा गारंटी के तहत एमपी ई डिस्ट्रिक्ट तथा आरसीएमएस पोर्टल में आवेदनों के लंबित रहने पर 10 अधिकारियों पर जुर्माना लगाया है। कलेक्टर द्वारा इन आवेदनों को समय सीमा में निराकरण करने के लिए 26 जनवरी की तिथि तय की थी लेकिन अधिकारियों द्वारा आवेदनों के निराकरण में रूचि न लेने तथा उनके लंबित रहने पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। कलेक्टर ने तहसीलदार मनगवां आँचल अग्रहरि, तहसीलदार त्योंथर राजेन्द्र शुक्ला, नायब तहसीलदार प्रकाश उपाध्याय, नायब तहसीलदार सिरमौर बिन्दु तिवारी तथा नायब तहसीलदार गुढ़ महिमा पाठक पर समय सीमा में लोक सेवा गारंटी के आवेदनों का निराकरण नहीं करने पर एक-एक हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। इसी प्रकार नायब तहसीलदार जवा राजेश शुक्ला एवं निवेदिता त्रिपाठी, तहसीलदार जवा जीतेन्द्र तिवारी, प्रभारी तहसीलदार गुढ़ अरूण यादव तथा नायब तहसीलदार मनगवां ममता पटेल पर पांच-पांच सौ रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। अधिरोपित अर्थदण्ड की राशि लोक सेवा गारंटी अधिनियम में जमा कराकर चालान की प्रति तीन दिवस के अंदर कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में जिला पंचायत को मिला दूसरा स्थान

**रीवा।** नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत स्वच्छ कार्यालय प्रतियोगिता में जिला पंचायत को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर के प्रयासों से कार्यालय की साफ सफाई कराकर रंगरोगन कराया गया तथा संपूर्ण कार्यालय व परिसर को आकर्षक व सुंदर बनाया गया। स्वच्छता के मानकों में जिला पंचायत नगर निगम के सर्वेक्षण में दूसरे स्थान पर रहा है।

# औद्योगिक क्षेत्रों की जांच के लिए समिति गठित

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने औद्योगिक क्षेत्र के खाली भवनों व परिसरों में ड्रग एवं अन्य नशे के पदार्थ के उपयोग पर रोक लगाने के सख्त निर्देश देते हुए जांच के लिए समिति गठित की है। समिति में महाप्रबंधक उद्योग विकास निगम यू.के. तिवारी, जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन, जे.पी. तिवारी जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सहित संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार व थाना प्रभारी को शामिल किया गया है। यह समिति जिला अन्तर्गत स्थित औद्योगिक क्षेत्रों की नियमित निगरानी कर ड्रग एवं अन्य नशे के पदार्थ के उपयोग पर रोक लगाने के संबंध में सख्त कार्यवाही करेगी।

# ग्रामीण क्षेत्रों के लिये वाश ऑन व्हील एक नवाचार

## एक फोन पर साफ होगा शौचालय



**रीवा।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जिले के ग्रामों को ओडीएफ एवं ओडीएफ प्लस बनाये जाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू शौचालय एवं ग्रामों में स्थित संस्थागत शौचालयों तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसरों में शौचालयो की नियमित साफ-सफाई किये जाने हेतु 'स्वच्छता साथी-वॉश ऑन व्हील' सेवा प्रारंभ की गई है। वॉश ऑन व्हील सेवा हेतु इच्छुक स्वच्छता साथियों को प्रशिक्षण प्रदाय कर सेवा प्रदायकर्ता के रूप में सम्बद्ध किया गया है। इच्छुक महिला-पुरुष स्वच्छता साथियों द्वारा मोबाईल ऐप के माध्यम से शौचालय की साफ-सफाई हेतु प्राप्त मांग आने पर सेवा उपलब्ध करायी जाती है जिसमें शौचालयों की साफ-सफाई का कार्य आधुनिक मशीनों के माध्यम से किया जाता है। स्वच्छता साथी के पास स्वच्छता किट होना अनिवार्य है। वॉश ऑन व्हील अन्तर्गत घरेलू शौचालय की साफ-सफाई हेतु 50 रु. प्रति शौचालय एवं संस्था एवं सामुदायिक शौचालय के साफ-सफाई हेतु 200 रु. प्रति संस्था दर निर्धारित है। वॉश ऑन व्हील सेवा हेतु इच्छुक आमजनों के मोबाइल पर ऐप डाउनलोड बुकिंग की जाती है एवं सेवा उपलब्ध हो जाने पर क्यूआर कोड के माध्यम से स्वच्छता साथी को भुगतान किया जाता है। वर्तमान में जिले के सभी 06 जनपदों में स्वच्छता साथी कार्यरत हैं एवं मोबाइल ऐप पर प्राप्त मांगों के आधार पर साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। जनपद पंचायत रीवा में स्वच्छता साथी हेमराज प्रजापति द्वारा ग्राम पंचायत अमवा पर व्यक्तिगत शौचालय, करहिया नम्बर 1, बहुरी बांध में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता परिसर की, ग्राम पंचायत लपटा, पुरैनी 379 इत्यादि स्थानो पर, जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के ग्राम पंचायत टटिहरा, देवरा फरेदा, मनिकवार नं. 1, उलही कला, जनपद पंचायत सिरमौर के पवन एवं संजय कुमार रावत ग्राम पंचायत बीरखाम के 10 स्थान, खड्डा के 02 स्थान, त्योथर के स्वच्छता साथी सुनील कुमार मेहतर के द्वारा ग्राम पंचायत चुनरी, देउपा कोठार, पंछा, गढी, कोनिया कला, कोटरा खुर्द, कोनिया खुर्द, कोटरा खुर्द, जनपद पंचायत गंगेव के स्वच्छता साथी शिवेन्द्र कुमार नामदेव के द्वारा ग्राम पंचायत रक्शामाजन, गढ, डगरदुआ, जनपद पंचायत जवा के स्वच्छता साथी ज्ञानेन्द्र सिंह के द्वारा ग्राम पंचायत नीवा, सितलहा, जनकहाई स्थानो के मोबाइल ऐप के माध्यम से बुकिंग प्राप्त कर साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है।

# पीटीएस रीवा में पुलिस महानिरीक्षक का भ्रमण

## हार्टफुलनेश मेडिटेशन सत्र का हुआ आयोजन, ट्रेनर्स को मिला प्रशस्ति पत्र



**जागरण, रीवा।** पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में पुलिस महानिरीक्षक(प्रशासन) पुलिस मुख्यालय भोपाल रुचिवर्धन मिश्रा ने भ्रमण किया। सुबह हार्टफुलनेस मेडिटेशन का सत्र आयोजित किया गया जिसमें पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा के सभी प्रशिक्षु नवआरक्षकों, अधिकारीयों एवं कर्मचारियों के साथ 9वीं बटालियन एसएएफ रीवा के समस्त अधिकारी, कर्मचारी व पुलिस परिवार के बच्चे शामिल हुए। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने हार्टफुलनेस मेडिटेशन की आवश्यकता ओर इसके लाभ को लेकर वक्तव्य दिया। प्रशिक्षु आरक्षकों ने हार्टफुलनेस से संबंधित अपने फीडबैक भी इस दौरान साझा किये। इसके साथ आधे घंटे का ध्यान का सत्र भी करवाया गया। कार्यक्रम में भारतीय योग संघ के सदस्य व मध्य प्रदेश राज्य के हार्टफुलनेस के समन्वयक गजेंद्र गौतम ने भी सभी को संबोधित किया। विश्व योग दिवस पर जिला पुलिस बल रीवा में ब्राइटर माइंड्स की अपनी स्किल्स का प्रदर्शन करने वाले पुलिस परिवार के बच्चों व हार्टफुलनेस नेशनल ऐसे इवेंट 2025 में भाग लेने वाले पुलिस परिवार के बच्चों को प्रशस्ति पत्र भी पुलिस महानिरीक्षक ने प्रदान किया। प्रशिक्षु नव आरक्षकों को हार्टफुलनेस की ट्रेनिंग करवाने हेतु पीटीएस रीवा के उप पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश मिश्रा को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके पश्चात पुलिस महानिरीक्षक रुचि वर्धन मिश्र के द्वारा प्रशासनिक भवन का भ्रमण किया। इसके अलावा अधिकारियों और कर्मचारियों को सर्विस रोल ऑनबोर्ड होने के पश्चात इसमें आने वाली समस्या के बारे में फीडबैक लिया गया तथा प्रशासन से संबंधित समस्याओं को सुना गया तथा यथा उचित उनके निराकरण का आश्वासन दिया गया।

### मऊगंज में भी हुआ आयोजन

पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आई जी प्रशासन रूचिवर्धन मिश्रा की उपस्थित में मऊगंज में भी कार्यक्रम का आयेजन किया गया। हार्टफुलनेस संस्था के प्रदेश प्रभारी गजेन्द्र गौतम, जोनल प्रभारी संजय सिंह, जिला मऊगंज प्रभारी अजय चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी और एसडीओपी सचि पाठक सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। आइजी ने ध्यान के व्यावहारिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित अभ्यास से न केवल एकाग्रता बढ़ती है, बल्कि चुनौतीपूर्ण स्थितियों में सटीक निर्णय लेने की शक्ति भी विकसित होती है। उन्होंने जोर दिया कि पुलिस की व्यस्त कार्यशैली में शांत मन और धैर्य का होना अनिवार्य है, जो ध्यान से ही प्राप्त किया जा सकता है। इसी क्रम में श्री गजेन्द्र गौतम जी ने कहा कि मानसिक रूप से स्थिर पुलिसकर्मी ही कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण निर्मित कर सकता है। पुलिस महानिदेशककैलाश मकवाना के निर्देशन में तकनीकी दक्षता के साथ आंतरिक विकास के लिए प्रत्येक रविवार को प्रदेश के सभी थानों पर एक ही समय पर ध्यान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम का समापन पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्य अतिथि एवं हार्टफुलनेस टीम के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## भारत-यूएस डील फ्री ट्रेड की ओर अच्छा बदलाव

*भारत पर टैरिफ अब इतने कम हो गए हैं कि यह वियतनाम, मलेशिया, थाईलैंड, बांग्लादेश, इंडोनेशिया और चीन जैसे अपने एक्सपोर्ट कॉम्पिटिटर की तुलना में अच्छी स्थिति में है। पिछले कुछ दिनों में विदेशी संबंधों और ट्रेड के मामले में यूएस के साथ भारत की लंबी ट्रेड बातचीत खत्म होने के तुरंत बाद, नई दिल्ली और वाशिंगटन आखिरकार एक ट्रेड डील पर सहमत हो गए हैं, दोनों देशों के नेताओं ने सोमवार को एक फोन कॉल के बाद इसे ऑफिशियल कर दिया। महीनों की अनिश्चितता के बाद यह एग्रीमेंट हुआ है, जब दोनों देशों के बीच संबंध हाल के दिनों में अपने सबसे निचले लेवल पर पहुंच गए थे। भारतीय इकॉनमी अब पश्चिमी दुनिया के साथ और करीब से जुड़ गई है, जो जियोपॉलिटिकल अनिश्चितता वाली दुनिया में हितों के मिलने की ओर इशारा करती है।*

*इस डील के तहत यूएस भारतीय एक्सपोर्ट पर टैरिफ रेट को तुरंत 50 परसेंट से घटाकर 18 परसेंट कर देगा। भारत पर टैरिफ अब ऐसे लेवल पर आ गए हैं जो देश को वियतनाम, मलेशिया, थाईलैंड, बांग्लादेश, इंडोनेशिया और चीन जैसे अपने एक्सपोर्ट कॉम्पिटिटर की तुलना में बेहतर स्थिति में रखते हैं। डील की पूरी डिटेल्स अभी जारी नहीं की गई हैं। इस बारे में भी पूरी जानकारी नहीं है कि तेल खरीद का विवादित मुद्दा कैसे आगे बढ़ेगा। लेकिन, भारत लगातार रूस से तेल इंपोर्ट कम कर रहा है, जबकि अमेरिका से क्रूड ऑयल इंपोर्ट बढ़ा रहा है। जैसा कि इस पेपर में बताया गया है, इस साल अप्रैल और अक्टूबर के बीच भारत के तेल इंपोर्ट में अमेरिका का हिस्सा बढ़कर 7.48 परसेंट हो गया, जबकि पिछले साल इसी समय यह 4.43 परसेंट था। अमेरिका से ट्रेड डील के बाद अब भारत के सामने रूस से तेल खरीदने की पाबंदी का तोड़ निकालने की बड़ी समस्या है। भारतीय रिफाइनरी कंपनियों को अब रूस से तेल पर पूरी तरह से पाबंदी लगाने की शर्त को मानने के लिए विंड डाउन पीरियड की जरूरत है। दरअसल, अगर रूस से तेल आयात पूरी तरह रुकता है तो इन कंपनियों ने जो तेल खरीद रखे हैं, उनकी आपूर्ति मार्च तक ही हो पाएगी। ऐसे में अगर सरकार इसे रोकने का आदेश देती है तो उन्हें यह ट्रांजीशन पीरियड चाहिए होगा।*

*इन्वेस्टर्स बहुत खुश हैं, सेंसेक्स दिन की शुरुआत में 4.5 परसेंट ऊपर खुला। डील को लेकर अनिश्चितता खत्म होने से देश में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट की उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। कैपिटल इनफ्लो और रुपये को लेकर चिंताएं दूर हो सकती हैं। करेंसी मार्केट ने डील की घोषणा पर पॉजिटिव रिस्पॉन्स दिया है, और शुरुआती ट्रेड में रुपया मजबूत हुआ है।*

*इस फैसले की बदौलत भारत से निर्यात किए गए जिन उत्पादों पर अमेरिकी उपभोक्ता/कंपनियां पहले 50 प्रतिशत तक टैरिफ चुकाती थीं, अब वे 18 फीसदी टैरिफ ही चुकाएंगी। इसका असर यह होगा कि भारतीय उत्पादों की कीमत अमेरिकी बाजार में कम होगी और इनका उपभोग, जो पहले कुछ कम हुआ था, वह वापस अपने पुराने स्तर पर लौटेगा। लंबी अवधि में भारत इन टैरिफ के जरिए अपने व्यापारिक प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले लाभ की स्थिति में रहेगा, क्योंकि दूसरे देशों के मुकाबले अमेरिकी नागरिक भारतीय उत्पादों को ज्यादा तरजीह दे सकते हैं।*


*मोदी सरकार द्वारा साइन की गई ट्रेड डील्स की एक सीरीज़ एक अच्छे ट्रेंड की ओर इशारा करती है, प्रोटेक्शनिज़्म की दीवारें गिर रही हैं। फ्री ट्रेड की तरफ यह बदलाव, जो भारत को ग्लोबल सप्लाई चेन के साथ और करीब से जोड़ना चाहता है, बहुत अच्छा है। हालांकि, अभी आराम से बैठने का समय नहीं है। सरकार को न सिर्फ कॉम्प्रिहेंसिव एंड प्रोग्रेसिव एग्रीमेंट फॉर ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप जैसे दूसरे ट्रेड एग्रीमेंट करने की संभावना तलाशनी चाहिए, बल्कि एक बड़े घरेलू सुधार एजेंडे पर भी ज़ोरदार तरीके से आगे बढ़ना चाहिए जो इंतज़ार कर रहा है।*

व्यापार समझौता

### डील की बारीकियाँ ही बताएंगी कि यह दिल्ली के नज़रिए से कितनी फायदेमंद

## ट्रंप की दबाव बनाने की कला है टैरिफ को घटाना

अनिल सासी



भारत यूएस डील पर बड़ा सवाल यह है कि 50 परसेंट को घटाकर 18 परसेंट करने में क्या लगा। ट्रंप के साथ, यह हमेशा दबाव बनाने की कला है। यूएस के साथ ट्रेड डील के लिए सबसे पहले आगे आने वाला भारत अब वाशिंगटन डीसी के साथ डील करने वाले आखिरी देशों में से एक है। मज़ाक में कहा जा रहा है कि सोमवार को शायद 'आई' से शुरू होने वाले नामों वाले देशों की बारी थी, क्योंकि इंडोनेशिया ने भारत के समझौते की घोषणा से कुछ घंटे पहले ही अपनी डील कर ली थी।

पहली नज़र में, 18 परसेंट की हेडलाइन वाला 'रेसिप्रोकल टैरिफ' भारत को अमेरिकी बाज़ार तक पहुँचने के मामले में वियतनाम, बांग्लादेश, मलेशिया और चीन जैसे कॉम्पिटिटर के मुकाबले काफी अच्छी स्थिति में रखता है, लेकिन डील की बारीकियाँ ही इस बात की चाबी होंगी कि यह नई दिल्ली के नज़रिए से कितना फायदेमंद है। इस टैरिफ के अंदर भी, तीन कैटेगरी हो सकती हैं- ज़्यादातर प्रोडक्ट जो 18 परसेंट ब्रैकेट में आएंगे, कुछ जैसे स्टील और एल्युमीनियम और फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी चीज़ें जो अमेरिका में आते समय मोटे तौर पर टैरिफ से छूट प्राप्त हैं, इस तथाकथित रेसिप्रोकल टैरिफ के दायरे से बाहर रह सकते हैं, ।

अब, 18 परसेंट टैरिफ कितना अच्छा है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि इसे किस नज़रिए से देखा जाता है। डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ से पहले जब पॉलिसी लागू की गई, तो यूएस में आने वाले भारतीय सामान पर औसतन सिर्फ़ 2.5 परसेंट टैरिफ़ लगाया गया। हालांकि, ट्रंप 2.0 के बाद, यह धीरे-धीरे बढ़कर 50 परसेंट हो गया, इसलिए शायद अब यह ज़्यादा सही शुरुआती पॉइंट है। और सच तो यह है कि यूएस के साथ ट्रेड डेफिसिट वाले देशों पर भी 10-15 परसेंट टैरिफ़ लगा है। इसलिए, 18 परसेंट शायद बिल्कुल भी बुरा न हो।

हालांकि, बड़ा सवाल यह है कि 50 परसेंट को 18 परसेंट तक नीचे लाने में क्या रणनीति रही। ट्रंप के तरीके से देखें तो यह हमेशा से दबाव बनाने की कला है। यह समझा जा रहा है कि 18 परसेंट तक लाने में कुछ बड़ी रियायतें देनी पड़तीं, जैसा कि कई एनालिस्ट कह रहे हैं- एक, ट्रंप का दावा कि भारत ने एनर्जी, टेक्नोलॉजी, एग्रीकल्चर और कोयला प्रोडक्ट्स सहित 500 बिलियन से ज़्यादा का अमेरिकी सामान खरीदने का वादा किया है। दो, यूएस एग्रीकल्चर सेक्रेटरी ब्रूक रोलिंस का बयान कि अमेरिकी खेती के सामान को 'इंडिया के बड़े मार्केट' तक पहुँचाने के लिए इस ट्रेड डील से हालात बेहतर होंगे।

सवाल यह है कि इंडियन नेगोशिएटर्स ने 18 परसेंट तक पहुँचने के लिए कौन से टैरिफ और नॉन-टैरिफ तरीकों का वादा किया है? इससे भी ज़रूरी बात यह है कि पिछले कुछ हफ़्तों में क्या-क्या मीठा किया गया? 500 बिलियन का आंकड़ा शायद इनमें से एक है। यह एक आकर्षक नंबर है, और ट्रंप की दूसरी डील अनाउंसमेंट से मेल खाता है, जो कई बड़े-बड़े नंबरों के साथ आईं, जैसा कि साउथ कोरिया के साथ ट्रेड डील या जापान के साथ हुआ था। साफ़ है, ये आँकड़े ट्रंप के बड़े नंबरों के जुनून को दिखाते हैं, लेकिन ये पूरे भी हो सकते हैं और नहीं भी। यह नहीं बताया गया है कि यह 500 बिलियन किस समय में मिलेगा, और इसमें कौन-कौन सी चीज़ें शामिल हैं।

यह तो सच है कि यूएस भारत को ज़्यादा एक्सपोर्ट करेगा, लेकिन यह साफ़ नहीं है कि यह समय-सीमा क्या है और यह बढ़ता हुआ इम्पोर्ट का आंकड़ा किन चीज़ों पर लागू होगा। क्या यह उन चीज़ों से कहीं आगे जाता है जिनके लिए भारत ज़ोर दे रहा था- डिफ़ेंस इक्विपमेंट, एविएशन गियर, न्यूक्लियर रिएक्टर और टेक हार्डवेयर? इसके भी खतरे हैं। पिछले महीने की शुरुआत में, ट्रंप ने कहा था कि वह दक्षिण कोरियाई सामान, जिसमें ऑटोमोबाइल, लकड़ी और फार्मास्यूटिकल्स शामिल हैं, पर टैरिफ बढ़ा रहे हैं, और देश पर पिछले साल हुई ट्रेड डील के तहत किए गए इन्वेस्टमेंट कमिटमेंट से मुकरने का आरोप लगाया। यह एक साफ़ और मौजूदा खतरा है।

बड़ा सवाल यह है कि क्या यह डील भारत के एग्रीकल्चर सेक्टर पर भी लागू होती है। ट्रंप ने एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स का जिक्र किया और रॉलिंस ने खास तौर पर भारत द्वारा दिए जा रहे फ़ार्म एक्सपोर्ट के मौके के बारे में ट्वीट किया। यह किसानों की चिंताओं के बीच आया है कि यूएस के खेती के सामान के इम्पोर्ट पर रोक है, क्योंकि वॉशिंगटन को दुनिया के सबसे बड़े खेती के सामान पर सब्सिडी देने वालों में से एक माना जाता है। और भारत के इस पर या पिछले साल की शुरुआत में अपने ऑफर में खींची गई दूसरी बड़ी रेड लाइन पर झुकने की उम्मीद कम है।

हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि खेती के सामान की कौन सी कैटेगरी खोली गई हैं, ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन के तहत यूएस ट्रेड डील्स में एग्रीकल्चर पर बहुत ज़्यादा ज़ोर दिया गया है। यूएस ने ट्रंप के दूसरे टर्म में हुई सभी ट्रेड डील्स में न सिर्फ़ एग्रीकल्चर के लिए मार्केट एक्सेस मांगा, बल्कि पिछले 12 महीनों में ही खेती के प्रोडक्ट्स को शामिल करने के लिए डील्स पर फिर से बातचीत भी की।

रूस से तेल की खरीद बंद करने और इससे भी ज़रूरी, भारत द्वारा दूसरे इम्पोर्ट्स, जिनमें डिफ़ेंस इक्विपमेंट और स्पेयर्स शामिल हैं, पर सवालिया निशान हैं। लेकिन फिर, आम राय यह है कि एक्स्ट्रा टैरिफ़ असल में कभी भी रूसी तेल के बारे में नहीं थे। साथ ही, भारत के इम्पोर्ट बास्केट में रूसी तेल नीचे हो सकता है, लेकिन यह अभी भी कुल इम्पोर्ट्स का एक चौथाई हिस्सा है।

पिछले हफ़्ते रेसिप्रोकल टैरिफ़ मुद्दे को सुलझाने पर दोनों देशों के बीच एक राय बनी, जिसमें कई 'चिपचिपे' मुद्दों को सुलझाया गया। उम्मीद है कि नई दिल्ली इस बारे में कुछ साफ़ जानकारी देगी कि इन मुद्दों पर बातचीत कैसे हुई। यह भी साफ़ है कि डील पर किए गए दावों पर ट्रंप या उनके कैबिनेट साथियों से फ़ैक्ट-चेक न करने में बहुत सावधानी बरती जाएगी।

खुला मंच

## होइहि सोइ जो बाबू रचि राखा

पीए सिद्धार्थ

तुलसी बाबा, अलाउद्दीन खिलजी के समकालीन नहीं थे। उन्होंने कभी राज दरबार में नौकरी भी नहीं की। अगर की होती तो कभी न कहते, 'होइहि सोइ जो राम रचि राखा, को करि तर्क बढ़ावै साखा।' पत्नी को त्यागने के बाद आज़ादी का सुख भोगते हुए ही वह राम की महिमा का मनचाहा बखान कर पाये। उन्होंने रामचरितमानस जैसे महाकाव्य का वितान ऐसे घड़ा मानो सारा घटनाक्रम उनकी आंखों के सामने घटित हुआ हो। गृहस्थ मनोविज्ञान कहता है कि पत्नी से त्रस्त व्यक्ति जब खुले आसमान में उड़ान भरता है तो या वह अति रचनात्मक हो जाता है या विध्वंसात्मक। ऐसे व्यक्ति को या तो संसार में कुछ भी नहीं चाहिए होता है या फिर वह सब कुछ हासिल करना चाहता है। किसी भी कीमत पर। उसके लिए काल, समाज या देश भी मायने नहीं रखता। इसलिए अपने हरिशंकर परसाई जी ब्याह के झंझट से दूर ही रहे और विवाहितों पर जी भर कर व्यंग्य करते रहे। परपीड़ा का आनंद ही कुछ और है। पाश्चात्य जगत् में पत्नी से भाग कर, आज़ादी का आनंद लेने वालों में नेपोलियन बोनापार्ट, फ्रीडा काह्लो और रॉबर्ट राउशेनबर्ग के नाम सामने आते हैं। भारतीय पौराणिक संदर्भ में राजा उत्तम, जरत्कारु, राजा भृगु और पृथु के नाम सामने आते हैं। पर 21वीं सदी में जो अवतारी, पत्नी को छोड़कर दुनिया के सामने प्रकट हुए हैं, वे समाज और देश की दिशा को खाई की ओर मोड़ चुके हैं।

काल के बारे कुछ कहना इसलिए मुश्किल है कि काल ही व्यक्ति और समाज को बरगलाता है। शायद इसलिए कहा गया है, विनाश काले विपरीत बुद्धि।

पर हम बात कर रहे हैं अपने तुलसी बाबा की। वही तुलसी बाबा, जिन्होंने राजा राम को मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। तुलसी बाबा साधु आदमी थे, अकेले रहते होंगे। जिस रूप में राम के बारे में सोचा, दुनिया को परस दिया। परिवार होता तो उन्हें पता चलता कि पिता के कहने पर वनवास भी जाना पड़ता है, पत्नी की फरमायश पर जानते-बूझते भी मायावी हिरन के पीछे भागना पड़ता है, पत्नी को बचाने के लिए रावण से युद्ध करना पड़ता है और धोबी के कहने पर अग्निपरीक्षा से गुजरी पत्नी को भी कथित लोक-लाज के लिए त्यागना पड़ता है।

तुलसी बाबा ने भी न दरबार की नौकरी की न कभी परिवार पाला। अगर उनका पाला दरबार के लिपिकों से पड़ा होता तो यही तुलसी बाबा अपने ग्रंथों में रचते, 'होइहि सोइ जो बाबू रचि राखा, को करि तर्क बढ़ावै साखा।' अगर तुलसी बाबा पत्नी छोड़ने के बाद अकेले रहने की बजाए किसी मोटा भाई साधु के साथ रहे होते तो मुमकिन था कि वह रामचरितमानस की बजाए तुलसीचरितमानस रचते। और लोग राम की बजाए तुलसी बाबा के मंदिर बनवा रहे होते।

प्रसंगवश

## खेल मैदान पर सियासत से बाज आए पाकिस्तान

*विश्व क्रिकेट में पैदा ताजा तनाव दुखद और निराशाजनक है। आगामी 15 फरवरी को कोलंबो में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला तय था, पर पाकिस्तान सरकार ने भारत के खिलाफ होने वाले मैच से हटने का फैसला सुनाकर अपनी बेवजह की दुश्मनी का इजहार कर दिया है। बांग्लादेश के नाहक ही अपनी जिद पर अड़े रहने के कारण उसे क्रिकेट टी20 विश्व कप से बाहर कर दिए जाने के बाद पाकिस्तान की ओर से भारत के साथ मुकाबला न खेलने के एलान को खेल के राजनीतिकरण से जोड़कर देखा जा रहा है। हैरत की बात है कि पाकिस्तान सरकार ने अपने इस निर्णय के पीछे स्पष्ट रूप से कोई वजह भी नहीं बताई है।*

*ऐसे में माना जा रहा है कि बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाने के लिए पाकिस्तान ने सोची-समझी रणनीति के तहत यह फैसला किया है। यह एक ऐसा कदम है, जिससे न केवल पाकिस्तान क्रिकेट टीम की साख को नुकसान होगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय खेलों पर भी इसका दूरगामी असर पड़ सकता है। इससे खेल भावना की गरिमा को भी ठेस पहुंची है, क्योंकि इस तरह के खेलों का आयोजन राष्ट्रों के बीच एकता, शांति, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने का एक शक्तिशाली माध्यम होता है। इसलिए खेलों को भू-राजनीतिक तनाव और सियासत के दायरे से परे रखा जाना चाहिए।*

*दरअसल, इस गतिरोध की शुरुआत आइसीसी के उस फैसले से हुई थी, जिसमें सुरक्षा आश्वासनों को मानने से इनकार करने और अपने सभी मैच भारत से श्रीलंका स्थानांतरित करने की जिद के बाद बांग्लादेश को टी20 विश्व कप से बाहर कर दिया गया था। आइसीसी के इस फैसले के बाद पाकिस्तान के क्रिकेट और राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिलीं थी। पाकिस्तान ने भले ही भारत के साथ मैच न खेलने के फैसले की कोई वजह नहीं बताई है, लेकिन उसके मंसूबों को साफ समझा जा सकता है। इसमें दोराय नहीं कि भारत-पाकिस्तान का मुकाबला किसी भी आइसीसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रोमांचकारी माना जाता है, जिसे वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक दर्शक, प्रायोजकों की रुचि और प्रसारण राजस्व मिलता है। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में अपने सारे मुकाबले श्रीलंका में ही खेलने वाला है, वह खेलेगा, लेकिन भारत के खिलाफ नहीं। अब क्रिकेट की विश्व संस्था आईसीसी में नाराजगी है और आयोजकों को घाटा होना तय है। वैसे, आईसीसी की ओर से अभी भी यह कोशिश जारी है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड कोई ऐसा फैसला न करे, जिससे क्रिकेट को नुकसान पहुंचे।*

*इसलिए आइसीसी के सामने भी वित्तीय और नियामकीय चुनौतियां खड़ी होने की आशंका है। इस बीच, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग भी जोर पकड़ रही है। ऐसे में आइसीसी को सख्त कदम उठाने की जरूरत है, ताकि भविष्य में खेल भावना के साथ कोई खिलवाड़ न हो। भारत क्रिकेट की महाशक्ति है, तो यह सच संतुलित ढंग से दुनिया के सामने आना चाहिए। क्रिकेट प्रेमियों की भावना के साथ खिलवाड़ रुकना चाहिए।*

*कोई दोराय नहीं है कि पाकिस्तानी क्रिकेट पर पूरी तरह से राजनीति हावी हो गई है। विडंबना यह है कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट न खेलने की मांग भारत में ज्यादा होती है और न खेलने का फैसला उसने किया है। वहां का क्रिकेट बोर्ड अपने खर्चे के लिए विश्व क्रिकेट पर निर्भर है और विश्व क्रिकेट में 80 प्रतिशत से भी ज्यादा पैसा भारतीय है। पाकिस्तान को यह मानने में बहुत परेशानी होती है कि विश्व क्रिकेट को चलाए रखने में भारत का सर्वाधिक योगदान है। पाकिस्तान अपनी भारत विरोधी नीतियों में सुधार के लिए तैयार नहीं है। शायद उसे लगता है, भारत या भारतीय बोर्ड उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। मिसाल के लिए, एशिया कप की ट्रॉफी भी पाकिस्तानी बोर्ड के अध्यक्ष ने विजेता भारत को नहीं सौंपी है। बड़ा सवाल है कि जो भारतीय बोर्ड अपने हिस्से की ट्रॉफी नहीं ले पाया, वह अब आगे क्या कड़े कदम उठाएगा?*


*वैसे, अनुमान है, इस बार भारतीय बोर्ड कड़े कदम उठाएगा, क्योंकि भारत-पाकिस्तान मैच की भारी मांग होती है। प्रसारण के समय विज्ञापनों की कीमत 40 लाख रुपये तक पहुंच जाती है। अब समय आ गया है, जब भारतीय बोर्ड को कमाई के साथ सम्मान की भी चिंता करनी पड़ेगी। विश्व क्रिकेट को पहले बांग्लादेश और अब पाकिस्तान ने जिस तरह चोट पहुंचाने की कोशिश की है, उसकी भरपाई होनी चाहिए। भारत को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि क्रिकेट सियासत का जरिया बनकर समस्याओं को न बढ़ाए। असंख्य भारतीयों की धारणा है कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट नहीं खेलना चाहिए, मगर भारतीय बोर्ड जहां भी पाकिस्तान के साथ खेलना जरूरी होता है, कोई न कोई राह निकालता आया है। यह भारत की भलमनसाहत है, पर पाकिस्तान ने इसका जैसा उत्तर दिया है, उसका अनुकूल प्रति-उत्तर अवश्य जाना चाहिए।*

साइबर फ्रॉड

### शहरों में ग्राहक अब रोजाना के डिजिटल लेन-देन के लिए बना रहे अलग बैंक अकाउंट

## स्मार्ट उपभोक्ता बनें तो बचेंगे साइबर धोखाधड़ी से

प्रांजल शर्मा




देश भर में साइबर धोखाधड़ी के जोखिम को कम करने के लिए लोग अपने डिजिटल लेन-देन में स्मार्ट बन रहे हैं। महानगरों के साथ-साथ दूसरे और तीसरे दर्जे के शहरों में ग्राहक अब रोजाना के डिजिटल लेन-देन के लिए अलग बैंक अकाउंट बना रहे हैं, ताकि उनका मुख्य खाता सुरक्षित रहे। भारत में करोड़ों उपभोक्ता अब डिजिटल भुगतान सेवा का इस्तेमाल कर रहे हैं। कंसल्टिंग फर्म पीडब्ल्यूसी के एक अनुमान के मुताबिक, वित्तीय साल 2025 में 299 खरब रुपये का डिजिटल भुगतान हुआ, जिसके 2030 में 907 खरब तक पहुंचने की उम्मीद है, यानी पांच साल में लगभग तीन गुना। जैसे-जैसे भारत में डिजिटल बैंकिंग बढ़ रही है, इसमें धोखाधड़ी की घटनाएं भी बढ़ रहीं हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के आधार पर भारत में वित्तीय वर्ष 2020 से 2024 के बीच 'साइबर फ्रॉड' के 5,82,000 मामलों में कुल 3,207 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। धोखाधड़ी की घटनाओं और इनके कारण होने वाले नुकसान, दोनों में साल-दर-साल काफी तेज बढ़ोतरी हो रही है। साल 2023 में जहां ऐसी 75,800 घटनाएं दर्ज की गई थीं, वहीं 2024 में ये बढ़कर 2,92,800 की संख्या पर पहुंच गईं। वहीं, 2023 में हुई नुकसान राशि 421.4 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024 में 2,054.6 करोड़ रुपये हो गई। ये आंकड़े डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते जोखिम को दिखाते हैं।

बैंकिंग उद्योग के एक आकलन के अनुसार, ज्यादातर डिजिटल धोखाधड़ी कम मूल्य के होते हैं। जैसे-जैसे 'डिजिटल फ्रॉड' के मामले बढ़ रहे हैं, ग्राहक या उपभोक्ता अपने मुख्य बचत खाते या वेतन खाते को डिजिटल धोखाधड़ी से बचाने को लेकर सावधान हो रहे हैं। कई ग्राहक अब रोजाना के लेन-देन के लिए 'पेमेंट्स बैंक' में दूसरा 'अकाउंट' बना रहे हैं। वे अपने मुख्य खाते से थोड़ी रकम 'डिजिटल पेमेंट्स बैंक अकाउंट' में ट्रांसफर कर लेते हैं। इससे उनका मुख्य खाता सुरक्षित रहता है, जबकि पेमेंट बैंक अकाउंट से डिजिटल धोखाधड़ी की आशंका बहुत कम होती है।

पेमेंट्स बैंक अपने ग्राहकों से रोजाना इस्तेमाल होने वाले कम राशि के लेन-देन के लिए दूसरे अकाउंट का उपयोग करने के लिए कह रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि पेमेंट बैंक देश के उन इलाकों के डिजिटल समावेशीकरण के लिए शुरू किए गए थे, जहां बैंक नहीं हैं। पेमेंट्स बैंक अब अपने बिजनेस मॉडल की वजह से सभी तबके के ग्राहकों के लिए एक सही विकल्प के तौर पर उभर रहे हैं। पेमेंट बैंक खातों की एक और खास बात यह है कि इनमें न्यूनतम राशि रखने की बाध्यता नहीं होती। ये यूपीआई के साथ जुड़े होते हैं और डेबिट कार्ड भी देते हैं। धोखाधड़ी होने पर, खाता तुरंत संदिग्ध कोशिशों को ब्लॉक कर देता है। यही नहीं, इस्तेमाल न करते समय ग्राहक इस खाते को रोक सकते हैं और भुगतान पर रोजाना की एक सीमा भी लगा सकते हैं।

देश में पेमेंट बैंकों के करोड़ों बचत खाता धारक हैं। उधर, आरबीआई व बैंकिंग उद्योग धोखाधड़ी में इस्तेमाल होने वाले अवैध खातों को हटाने के लिए तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। रिजर्व बैंक इनोवेशन हब यानी आरबीआईएच पूरी तरह आरबीआई के मालिकाना हक वाली सहायक कंपनी है, जो डिजिटल धोखाधड़ी के खिलाफ सक्रिय है। आरबीआईएच का एआई से लैस तंत्र 'म्यूलहंटर.एआई' हर महीने लगभग 20,000 अवैध बैंक खातों का पता लगा रहा है। ये अवैध खाते धोखाधड़ी वाली राशि के हस्तांतरण में अहम बिचौलिया की भूमिका निभाते हैं।

म्यूलहंटर का एआई मॉडल 20 से भी ज्यादा बैंकों के लेन-देन के पैटर्न पर नजर रख रहा है। आरबीआईएच के सीईओ साहिल किनी के मुताबिक, 'दो महीने में अवैध खातों की शिनाख्त करने की संख्या काफी बढ़ जाएगी। पिछले कुछ महीनों में 85,000 से ज्यादा ऐसे खातों का पता लगाया गया है और उनकी सटीकता 85 से 90 प्रतिशत के बीच है।'

भारतीय ग्राहक व उपभोक्ता यदि डिजिटल बैंकिंग और नई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल का स्मार्ट तरीका अपनाएं, तो देश में डिजिटल धोखाधड़ी को काबू करने में मदद मिल सकती है। यह सवाल आज हर मोबाइल यूज़र का है। डिजिटल पेमेंट ने ज़िंदगी आसान कर दी है, पर ठगों के तरीके भी तेज़ी से बदल रहे हैं। अच्छी खबर यह है कि थोड़ी समझदारी, सही आदतें और भरोसेमंद सुरक्षा ऐप्स से आप अपने पैसे और डेटा दोनों को सुरक्षित रख सकते हैं। जब कोई संदिग्ध यूपीआई गतिविधि दिखती है, अजीब पेमेंट रिक्वेस्ट, शक वाले ऐप, तो सुरक्षा ऐप्स पर अलर्ट मिलता है। जोखिम वाले ऐप्स को ब्लॉक करने में यह परत लगातार आपकी मदद करती है। कुछ सावधानियां रखकर फ्रॉड से बच सकते हैं- जैसे अनजान कॉल पर ओटीपी, पिन कार्ड विवरण कभी न बताएं। कस्टमर केयर नंबर सिर्फ आधिकारिक वेबसाइट/ऐप से लें। सुरक्षा ऐप, फोन ओएस और बैंकिंग ऐप अपडेटेड रखें। मज़बूत पासवर्ड अपनाएं; अलग-अलग सेवाओं के लिए अलग पासवर्ड रखें। पब्लिक वाईफाई पर लेन-देन करने से बचें; ज़रूरी हो तो मोबाइल डेटा इस्तेमाल करें।

जीवन दर्शन

## द्वंद्वमुक्त होकर चल सकेंगे ध्यान की ओर



कुछ लोग कहते हैं कि वे नियमित रूप से आसन, प्राणायाम और योग करते हैं। इस एक वाक्य से ही साफ हो जाता है कि ऐसे लोग योग को सही रूप में नहीं समझते। योगसूत्र में कहा गया है कि चित्तवृतियों अथवा मन पर नियंत्रण ही योग है। योग के आठ अंग हैं- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। चिकित्सा-पद्धति के रूप में या फिर शरीर और मन के रूपांतरण के लिए योग के इन सभी आठों अंगों का अभ्यास करना अनिवार्य है। योग में शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार के अभ्यास सम्मिलित होते हैं। सवाल है कि शारीरिक अभ्यास क्रम महत्वपूर्ण है या मानसिक अभ्यास क्रम?

हमारा शरीर और व्यक्तित्व वास्तव में हमारी भाव प्रक्रिया से ही बनता है। जैसा हम लगातार चिंतन करते हैं, जो कुछ भी हम सोचते रहते हैं, हम वैसे ही हो जाते हैं। इसलिए हमारी विचार प्रक्रिया का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य या फिर रोग पर भी पड़ता है। यही विचार प्रक्रिया रोग के उपचार में भी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यहां मन महत्वपूर्ण हो जाता है। जैसा या जो भी हम चाहते हैं वह मन-मस्तिष्क की एक खास अवस्था (अल्फा) में ही पूरा होता है। अब प्रश्न उठता है कि अगर सारा खेल मन का ही है तो फिर आसन और प्राणायाम की हमें जरूरत ही क्या है? वास्तव में भौतिक शरीर की जड़ता को खत्म करके उसे मन से जोड़ने और उसके बाद मन को अपेक्षित दशा अर्थात अल्फा अवस्था में ले जाने के लिए योगासन और प्राणायाम का अभ्यास अनिवार्य है।

जब हम योग-साधना करते हैं तो कोई न कोई भाव तो हमारे मन में व्याप्त होता ही है। मन के कई स्तर हैं। चेतन या जाग्रत अवस्था में भी भाव तो होता है लेकिन वह वास्तविकता में नहीं बदलता, क्योंकि एकाग्रता और ध्यान के बिना यह असंभव है। एकाग्रता और ध्यान से हम अपेक्षित अल्फा लेवल में पहुंच जाते हैं या यूं कहें कि अल्फा लेवल में पहुंच कर ही हम एकाग्रता और ध्यान की अवस्था में पहुंच सकते है। अल्फा लेवल कहिए या ध्यान की अवस्था, इसी में मन हमारे भावों को वास्तविकता में बदलने में सक्षम होता है। अगर हमारा शरीर स्वस्थ है और मन अपेक्षाकृत कम चंचल है तो शरीर को सही आसन में रखकर दो-चार गहरी सांस लेने पर ही हम अल्फा अवस्था में पहुंच जाएंगे और फिर इस अवस्था में पहुंचकर हम जैसा भी विचार करेंगे, जो भी सोचना शुरू करेंगे, वही भौतिक जगत में वास्तविकता ग्रहण करने लगेगा।

लेकिन अगर हम यह सब ध्यानावस्था के बगैर दोहरा रहे हैं कि मैं स्वस्थ अथवा रोगमुक्त हूं तो उस अवस्था में हमारे विचार, संकल्प या फिर स्वीकारोक्ति के विरोधी विचार भी उठने लगते हैं। द्वंद्वातीत अवस्था ही उपचार की आदर्श अवस्था है और द्वंद्वातीत अवस्था के लिए मन की गहराई में उतरना अनिवार्य है। यही वह अवस्था है जहां हम रोग को निर्मूल कर सकते हैं या रोग की पीड़ा से मुक्त हो सकते हैं। सुख-दुख, लाभ-हानि, आय-व्यय, राग-द्वेष, मान-अपमान से ऊपर उठकर हमारा मन समता में स्थित हो, यह इसी अवस्था में संभव है। यहीं ध्यान से समाधि की ओर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त होता है। इसी में योग की पूर्णता है।

-सीताराम गुप्ता

॥गीता ज्ञान॥



**श्लोक**

**सर्वधर्मान्परित्यज्य**
**मामेकं शरणं व्रज।**
**अहं त्वां सर्वपापेभ्यो**
**मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥**

**भावार्थ**

श्री कृष्ण कहते हैं- सभी धर्मों को छोड़कर केवल मेरी शरण में आओ। मैं तुम्हें समस्त पापों से मुक्त कर दूँगा, इसलिए शोक मत करो।

# वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के समापन पर आएंगे नौसेना प्रमुख

## 9 से 13 फरवरी तक रीवा में आयोजित होगी सीजन की सबसे बड़ी प्रतियोगिता



**जागरण, रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय इस वर्ष सीजन की सबसे बड़ी प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियों में जुटा हुआ है। वहीं प्रतियोगिता के समापन अवसर पर इस वर्ष बतौर मुख्य अतिथि नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी शामिल होंगे। उन्होंने प्रतियोगिता के समापन अवसर पर शामिल होने की सहमति विवि प्रबंधन को प्रदान कर दी है। सारस्वत अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला होंगे, विशिष्ट अतिथि जस्टिस विवेक कुमार सिंह मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया करेंगे। बता दें कि वेस्ट जोन की इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता का आगाज आगामी 9 फरवरी को होना है, जिसका समापन 13 फरवरी को किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में वेस्ट जोन के अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय सहित 52 विश्वविद्यालय प्रतिभाग करेंगे। इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में इस वर्ष एपीएसयू को महिला फुटबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी दी गई है। बताया गया कि प्रतियोगिता में 52 विश्वविद्यालयों के 1040 खिलाड़ी व स्टाफ मौजूद होंगे। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का शारीरिक शिक्षा विभाग मेजबानी को लेकर तैयारियों में जुटा हुआ है। प्रदेश भर से स्टाफ विवि द्वारा बुलाया जा रहा है, ताकि प्रतियोगिता का आयोजन सफलता पूर्वक किया जा सके। विवि ने पूरा खाका प्रतियोगिता की मेजबानी का तैयार कर लिया है, मैदानों के चयन के साथ-साथ समितियों का गठन कर दिया गया है, सभी को दायित्व दे दिए गए हैं। आयोजक सचिव व संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग एपीएसयू डॉ.रामभूषण मिश्रा द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है।

### समितियों का किया गठन

बता दें कि कार्यक्रम को लेकर समितियों का गठन कर दिया गया है, इसके साथ ही आवास व्यवस्था कर दी गई है। टीमों के आने का क्रम प्रतियोगिता के शुभारंभ के दो दिन पूर्व से ही शुरू हो जाएगा। व्यवस्था समिति का गठन कुलगुरु द्वारा दिया गया है, जिसमें संयोजक डॉ.अतुल पांडेय, सदस्य डॉ.रामभूषण मिश्रा, डॉ.अनुराग मिश्रा व डॉ.कमलेश मिश्रा शामिल हैं। बता दें कि इसके साथ ही आयोजन के लिए समितियों का गठन किया जा रहा है।

# आभा नंबर 14 अंकों की एक विशिष्ट डिजिटल स्वास्थ्य पहचान है: प्रो.शुक्ल

## समाजशास्त्र विभाग द्वारा चलाया गया आभा नंबर को लेकर जागरुकता अभियान



**जागरण,रीवा।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य सुरक्षा एवं डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) नंबर के निर्माण एवं उसके महत्व को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अर्पिता अवस्थी के निर्देशन में समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.अखिलेश शुक्ल के मार्गदर्शन में तथा डॉ.महानंद द्विवेदी के संयोजकत्व में कक्ष क्रमांक एमबी-43 में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत आभा नंबर की उपयोगिता, आवश्यकता एवं लाभों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो.अखिलेश शुक्ल ने छात्रों को बताया कि आभा नंबर 14 अंकों की एक विशिष्ट डिजिटल स्वास्थ्य पहचान संख्या है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने संपूर्ण स्वास्थ्य रिकॉर्ड को सुरक्षित रूप से डिजिटल प्लेटफार्म पर संग्रहीत कर सकता है। यह डिजिटल आईडी विभिन्न स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच स्वास्थ्य संबंधी जानकारी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करती हैए जिससे उपचार में निरंतरता बनी रहती है और स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सरल पारदर्शी एवं प्रभावी होती हैं। इसी क्रम में समाजशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 2 फरवरी 2026 को विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए 100 छात्रों का सफलतापूर्वक आभा नंबर पंजीयन कराया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए डिजिटल स्वास्थ्य पहचान की महत्ता को समझा और इसके भविष्यगत लाभों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को नियमित रूप से डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। जागरुकता कार्यक्रम में डॉ.शाहेदा सिद्दीकी, डॉ.मधुलिका श्रीवास्तव, डॉ.निशा सिंह, डॉ. प्रियंका पाण्डेय, योगेश निगम की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

# डॉ.सरोज गोस्वामी सेवानिवृत्त सम्मान समारोह आयोजित




**जागरण, रीवा।** प्रो.डॉ.सरोज गोस्वामी, प्राध्यापक (हिन्दी) शा.कन्या स्नातक महाविद्यालय की गत 31 जनवरी को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन होटल समदड़िया गोल्ड में किया गया। समारोह में मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.सरोज गोस्वामी, विशिष्ट अतिथि साहित्यकार डॉ.चन्द्रिका प्रसाद चन्द्र , डॉ.सेवाराम त्रिपाठी, डॉ.विवेक द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ला तथा डॉ.विभा श्रीवास्तव, प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय उपस्थित रहीं। अध्यक्षता डॉ.दिनेश कुशवाह, विभागाध्यक्ष हिन्दी अवधेश प्रताप सिंह वि.वि. ने की। स्वागत भाषण हनुमंत किशोर शर्मा, जिला अभियोजन अधिकारी रीवा तथा प्रसिद्ध रंगकर्मी ने अपने आत्मीय संस्मरण के साथ दिया। तत्पश्चात डॉ.सरोज गोस्वामी एवं मंचासीन अतिथियों का पुष्प गुच्छ और माल्यार्पण से भावभीनी स्वागत किया गया। डॉ.विभा श्रीवास्तव ने अभिनंदन-पत्र का वाचन किया,महाविद्यालय की ओर से अभिनंदन पत्र डॉ.सरोज गोस्वामी को सम्मान सहित प्रदान किया गया। दिल्ली शिक्षा विभाग में प्रवक्ता (हिन्दी) एवं मेंटोर के रूप में सेवारत डॉ.विजय प्रताप तिवारी की पुस्तक 'उदय प्रकाश के कथा साहित्य में यथार्थ बोध' का विमोचन हुआ। कार्यक्रम के अंत में डॉ.सरोज गोस्वामी ने अपने उद्बोधन में अपनी 43 वर्षीय शासकीय सेवा में पारिवारिक जनों,छात्रों, व शिक्षकों के सहयोग पर धन्यवाद प्रस्तुत किया तथा अपने संपूर्ण कार्यकाल के मौखिक चित्रण प्रस्तुत किया। सभी गणमान्य लोगों का स्वागत डॉ. विद्याप्रकाश तिवारी ने किया एवं अंत में आभार स्वरूप ओशो उत्सव ने किया। कार्यक्रम में डॉ.दिनेश प्रताप आजमगढ़, डॉ.आशुतोष दुबे मैहर,डॉ निवेदिता कुसमी सीधी, रेशमा पयासी, प्रियंवदा, ज्योति पाण्डेय, कंचन, नेहा, सरला एवं परिवार के सदस्य तथा प्रसिद्ध साहित्यकार व रंगकर्मी हरीश धवन, सुमन सिंह, अभिषेक त्रिपाठी, विपुल सिंह, विनोद मिश्रा, चन्द्रशेखर पाण्डेय, रंजना बंसल, शैलेन्द्र द्विवेदी, प्रवेश तिवारी, समाजसेवी मनोज अग्रवाल, रवि तिवारी, अनीस खान, पैथालाजिस्ट अमित श्रीवास्तव आदि गणमान्य नागरिक, बुद्धजीवी वर्ग भावभीनी विदाई में शामिल रहे।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक के प्रदेश अध्यक्ष आज आएंगे रीवा



**रीवा।** आज 04 फरवरी को मध्यप्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एड. शेख अलीम वायुयान द्वारा दोपहर 01 बजे रीवा पहुंचेंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 02 बजे जिला न्यायालय परिसर पहुंचकर अधिवक्ताओं एवं कांग्रेसजनों से जनसंपर्क करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष रात्रि विश्राम रीवा में करेंगे तथा 05 फरवरी को सतना एवं मैहर जिले में अधिवक्ताओं एवं कांग्रेसजनों से जनसंपर्क कर पुन: रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे। तत्पश्चात 06 फरवरी को प्रात: 09 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय उर्रहट में जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग रीवा एवं मऊगंज के पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे।

## ओरछा में ही बनेगा रामायण शोध पीठ का मुख्य केन्द्र

# एपीएसयू की एक एकड़ जमीन के बदले दी गई दो एकड़ जमीन

## बाउंड्रीवॉल का निर्माण भी कराएगा निवाड़ी प्रशासन

### तकनीकी टीम ने कलेक्टर के साथ किया निरीक्षण, विवि प्रबंधन को मिली बड़ी जीत

जागरण,रीवा

रामायण शोध पीठ का मुख्य केन्द्र की स्थापना ओरछा में ही होगी, बीते डेढ़ माह से भूमि को लेकर चल रही खींचतान अब समाप्त हो गई है। विवि प्रबंधन को मामले में बड़ी जीत मिली है। अब विवि को एक एकड़ के बदले दो एकड़ जमीन ओरछा में दी जाएगी। मंगलवार को विवि की तीन सदस्यीय टीम ने निवाड़ी प्रशासन के साथ इसका निरीक्षण भी किया है। निरीक्षण के साथ ही अब विवि व निवाड़ी प्रशासन के बीच चल रहा भूमि विवाद भी समाप्त हो गया है। बता दें कि रामराजा मंदिर के समीप विवि की करीब एक एकड़ जमीन थी, जिसमें विवि प्रबंधन द्वारा देश के पहले रामायण शोध पीठ का मुख्य केन्द्र स्थापित करने भूमिपूजन किया गया, कुछ माह बाद ही इसे निवाड़ी प्रशासन द्वारा जबरन बिना किसी सूचना के विवि की बाउंड्री तोड़कर अपने कब्जे में करने का प्रयास किया। इसको लेकर विवि प्रबंधन ने इसका विरोध किया। प्रबंधन ने निवाड़ी कलेक्टर को ओरछा स्थिति अपनी भूमि देने से साफ इंकार कर दिया है। इतना ही नहीं विवि प्रबंधन ने निवाड़ी कलेक्टर की




कार्यवाही को नियमों के विपरीत भी बताया है। विवि कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया के मामले को गंभीरता से लेते हुए विवि की भूमि को बचाने राज्यपाल सहित मुख्यमंत्री व विभागीय अधिकारियों को पत्राचार किया। मामला मीडिया में आया तो हड़कंप मच गया। निवाड़ी कलेक्टर ने अब विवि प्रबंधन से विवि की भूमि के बदले दूसरी भूमि ओरछा में देने का प्रस्ताव दिया गया जिसके बाद सर्वहित को देखते हुए विवि प्रबंधन ने भूमि निर्माण के लिए दी है।

### 500 मीटर दूरी पर है भूमि

बता दें कि ग्राम ओरछा जिला निवाड़ी मध्यप्रदेश स्थित भूमि खसरा नम्बर 455/15/6 रकवा 0.400 हेक्टेयर के बदले अब विवि को दो एकड़ भूमि दी गई है। यह भूमि इस भूमि से मात्र 500 मीटर दूरी पर है। जिसके नजदीक बस स्टैंड व हास्पिटल है। विवि को यह भूमि बाउंड्रीवॉल निर्माण के साथ निवाड़ी प्रशासन देगा। मंगलवार को तीन सदस्यीय दल जिसमें संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग डॉ.रामभूषण मिश्रा, प्राध्यापक डॉ.अनुराग मिश्रा सहित तकनीकी टीम ने निरीक्षण भी किया और कलेक्टर के साथ बैठक की।

### 1994 में मिली थी जमीन

बता दें कि विवि को यह भूमि वर्ष 1994 में दान में मिली थी। इसमें पूर्व के कुलगुरुओं की भी बड़ी लापरवाही रही है कि 31 वर्षों तक इस भूमि पर किसी प्रकार की कोई योजना नहीं बनाई गई। विवि का पद्भार संभालते ही कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया ने यहां रामायण शोध पीठ की स्थापना व संग्रहालय बनाए जाने का निर्णय लिया और मात्र 5 माह के कार्यकाल के भीतर ही सभी औपचारिकताएं पूरी कराई गईं। अब विवि को इसके एक के बदले दो एकड़ जमीन दी जा रही है, इस प्रकार के मामले में विवि की बड़ी जीत में कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया की अहम भूमिका रही। उनके प्रयास से और वृहद स्तर पर अब ओरछा में रामायण शोध पीठ का मुख्य केन्द्र की स्थापना की जाएगी।

### अंतरराष्ट्रीय शोध का केंद्र बनेगा रामायण पीठ

अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के साथ एपीएस विश्वविद्यालय पहले ही एमओयू कर चुका है। इसके तहत अयोध्या के संस्थान की सहायता से रीवा में शोध और संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। अब तक दो राष्ट्रीय संगोष्ठियां संपन्न हो चुकी हैं, जिनमें `वनवासी राम' और `दंडकारण्य में श्रीराम' विषयों पर चर्चा हुई। इसके अलावा, एक बड़ी प्रदर्शनी भी रीवा में आयोजित की गई थी। मध्यप्रदेश सरकार श्रीराम वन गमन पथ के लिए 1450 किलोमीटर लंबा धार्मिक कॉरिडोर तैयार कर रही है। इसमें चित्रकूट, सतना, रीवा, पन्ना, शहडोल, जबलपुर, कटनी, अनूपपुर, विदिशा, होशंगाबाद सहित कई जिले शामिल हैं। इस कॉरिडोर में विभिन्न तीर्थ स्थलों का विकास किया जाएगा। रीवा में रामायण पीठ की स्थापना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह क्षेत्र श्रीराम के वन गमन मार्ग का हिस्सा है। इसमें श्रीराम और रामायण से जुड़े हर पहलू पर शोध की व्यवस्था की जाएगी। इससे न केवल शोधार्थियों को लाभ मिलेगा, बल्कि यह विंध्य क्षेत्र को धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से वैश्विक पहचान दिलाने में भी मददगार होगा।

> ओरछा में विवि की भूमि के बदले अन्य भूमि दी गई है, पूर्व की भूमि से महज 500 मीटर पर दो एकड़ भूमि विवि को दी गई है। रामायण शोध पीठ के मुख्य केन्द्र की स्थापना यहां की जाएगी, क्षेत्र में बड़ा होने से और भी कार्य विवि यहां करा सकेगा।
>
> डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया, कुलगुरु एपीएसयू।

# वेतन विसंगत पर सेंट्रल स्कूल के शिक्षकों में असंतोष, मानव संसाधन मंत्री से मिले

## राज्य के कर्मियों से कम है केंद्रीय शिक्षकों का वेतन

**जागरण, रीवा।** सेंट्रल स्कूल के शिक्षक खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्हें कई सालों से केवल दो ही वित्तीय लाभ दिए जा रहे हैं, जबकि इन्हीं स्कूलों के कर्मियों को 3 लाभ मिल रहे हैं। शिक्षक लम्बे समय से मांग कर रहे हैं कि उन्हें भी 3 बल्कि और अधिक लाभ दिए जाएं लेकिन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यही कारण है कि विगत दिवस एआईकेवीटी प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री से मुलाकात की और जल्द ही समाधान की मांग की गई। एआईकेवीटी के पदाधिकारियों ने बताया कि अखिल भारतीय केन्द्रीय विद्यालय शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय महासचिव केपी सिंह के नेतृत्व में भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से मिला, जो केन्द्रीय विद्यालय संगठन के पदेन अध्यक्ष भी हैं। बैठक में स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मुख्य सचिव संजय कुमार, केवीएस की उपाध्यक्ष प्राची पांडेय, केवीएस के आयुक्त विकास गुप्ता तथा केवीएस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा

सभी तथ्यों को सुनने के बाद शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन मंत्रालय की एक प्रमुख और प्रतिष्ठित संस्था है तथा केवीएस के शिक्षकों को अब और प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। उन्होंने केवीएस के आयुक्त को निर्देश दिया कि 6 माह के भीतर एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया जाए, जिसके पश्चात केवीएस शिक्षकों के लिए एमएसीपी योजना लागू की जाएगी।

### केन्द्रीय मंत्री ने स्वयं जानकारी ली

बैठक के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री ने केवीएस शिक्षकों के लिए एमएसीपी के कार्यान्वयन में लगभग 16 वर्षों से हो रही देरी के कारणों के बारे में जानकारी ली। शिक्षक संघ ने यह तथ्य सामने रखा कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2009 में लागू एमएसीपी योजना के अंतर्गत सभी केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को 10, 20 और 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर तीन वित्तीय उन्नयन प्रदान किए जाते हैं, किंतु केवीएस में यह योजना अब तक केवल गैर-शिक्षण कर्मचारियों पर ही लागू की गई है और शिक्षकों को इससे वंचित रखा गया है।

### केवल 2 बार ही मिलता है लाभ

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 1987 से केवीएस शिक्षकों को केवल दो कैरियर प्रगति 12 वर्ष की सेवा के बाद सीनियर स्केल तथा 24 वर्ष की सेवा के बाद सेलेक्शन स्केल प्रदान की जाती रही हैए जिससे सीमित वित्तीय लाभ मिलता है और जो वर्तमान कैरियर प्रगति व्यवस्था के अनुरूप नहीं है। वर्ष 2009 से ही एआईकेवीटी, लगातार शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ दिलाने के लिए संघर्षरत है पर लम्बे समय बाद भी लाभ नहीं दिया जा रहा है।

# चिल्ड्रेन एकेडेमी अनन्तपुर रही विजेता




**रीवा।** स्थानीय 'माई छोटा स्कूल' में आयोजित अंतर-जिला स्तरीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में का फाइनल मैच खेला गया। प्रतियोगिता में कई टीमों ने भाग लिया था, फाइनल मैच चिल्ड्रेन एकेडेमी और हंसवाहिनी पब्लिक स्कूल के खेला गया, जिसमें चिल्ड्रेन एकेडेमी अनन्तपुर ने प्रतिद्वंद्वी टीम को 17 के मुकावले 31 अंकों से पराजित किया। विजेता टीम को 5100 रुपये और ट्रॉफी प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि ऐसी प्रतियोगिताओं से खेल जगत में विद्यार्थियों को अपने प्रतिभा को प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिलता है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विधायक ने किया पुरस्कृत

## शा. महाविद्यालय गुढ़ में हुआ वार्षिक स्नेह सम्मेलन




**जागरण,रीवा।** शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़ में वृहद स्तर पर वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गुढ़ नागेंद्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आरके तिवारी द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ, जिसे महाविद्यालय की छात्रा प्रियंका गौतम द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा तबले पर संगत शिवांग शुक्ल द्वारा दी गई। इसके पश्चात महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति शालिनी मिश्रा द्वारा दी गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं गायन की मनमोहक प्रस्तुति मानसी त्रिपाठी एवं प्रियंका गौतम द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसने सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। भाषण प्रतियोगिता में आभा शुक्ला एवं रेनू शुक्ला द्वारा प्रस्तुत वक्तव्य को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। इसी क्रम में मद्यपान निषेध विषय पर छात्रा सुलोचना एवं उनके साथियों द्वारा एक प्रभावशाली नाटक की प्रस्तुति दी गई। इसके उपरांत मुख्य अतिथि विधायक नागेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने महाविद्यालय के विकास हेतु अनेक उपहार एवं सौगातों की घोषणा की, जिनमें पुस्तकालय उन्नयन, फर्नीचर की व्यवस्था तथा पठन-पाठन की सुविधाओं के विस्तार से संबंधित घोषणाएँ प्रमुख रहीं। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आरणके तिवारी ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि विधायक नागेन्द्र सिंह द्वारा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए, जिससे विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन हुआ और उनके मनोबल में वृद्धि हुई। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अमित मिश्रा द्वारा तथा संयोजन डॉ.श्रीराम द्विवेदी जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका रेखा मिश्रा सहित प्रो.रेखा मिश्रा, डॉ.व्यास नारायण मिश्रा, डॉ.संदीप कपूर, डॉ.करुण सोनी सहित अन्य मौजूद रहे।

# फिर होगा 'क्रांतिबीज' नाटक का मंचन

**रीवा।** 2003 में मंचित बहुचर्चित नाट्य प्रस्तुति का मंचन पुन: रीवा शहर में होगा तत्पश्चात प्रयागराज और वाराणसी में मंचन किया जाएगा। नाटक का रिहर्सल जोर शोर से एवं पूरे उत्साह से जारी है। नाटक के लेखक और निर्देशक वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ राघवेन्द्र मिश्र हैं। कलाकारों में वरिष्ठ रंगकर्मी राजेश शुक्ल, राजन, रमजान मोहम्मद, आकाश जगतियानी, प्रयागराज के रजत मिश्र, शिवांश शर्मा, वाराणसी से वंशपति वर्मा, सुनील शास्त्री आदि हैं। गीत डॉ योगेंद्र मिश्र एवं संगीत संस्कृति शर्मा का है। क्रांतिबीज स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारियों की कहानी है जो वर्तमान संदर्भों की भी रोचक और अर्थपूर्ण प्रस्तुति है। नाटक विहंगम रंगमंच के अंतर्गत होगा

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय वेंकट संस्कृत महाविद्यालय रीवा (म.प्र.)**

ईमेल: hegvscollegerewa@mp.gov.in फोन नं. 07662-299117

क्रमांक 32/स्था./2025 रीवा, दिनांक 03.02.2026

**//निविदा आमंत्रण //**

म.प्र. शासन उच्च विभाग वित्तीय वर्ष 2025-26 के पत्र क्रमांक 22/214/विस./योजना/2025 के आदेशानुसार महाविद्यालय पुस्तकालय विकास के लिए डेस्कटाप/कम्प्यूटर तथा मल्टीफक्शनल प्रिंटर मूल उपकरण मैनूफेक्चर (OEM) मान्य स्पेसिफिकेशन उचित दर पर क्रय किया जाना है। एतदर्थ शासन के निर्देशानुसार क्रयार्थ शीलबन्द कोटेशन तीन (03) कार्य दिवस में प्राचार्य शासकीय वेंकट संस्कृत महाविद्यालय रीवा के नाम से इच्छुक एजेंसी /फर्म/ बिडर्स दिनांक 07.02.2026 सायं 05 बजे तकस्वीकार किया जावेगा।

टीप :- 1. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य को सुरक्षित रहेगा।

2. निविदा की नियम शर्ते एवं कम्प्यूटर, प्रिंटर का माडल महाविद्यालय समय (10 से 06 बजे) मध्य अवलोकन कर सकते हैं। साथ ही www.mphighereducatior.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

प्राचार्य
शासकीय वेंकट संस्कृत महाविद्यालय
रीवा (म.प्र.)

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **25/02/2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स आन्या एक्वा एसोसिएट्स** प्रोपराइटर- श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह निवासी : एलन टाउन स्कूल के सामने, जेपी टर्न के पास, पडारा, रीवा म.प्र.-486001 **श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह** | 1) भूमि खसरा नं. 3/21, रकवा 0.014 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल- 25*60=1500 वर्गफिट (0.014 हेक्टेयर), मौजा-पाडरा 333, पटवारी हल्का नं. धेखा 26, वार्ड नं. 05, आरआईसी रीवा, तहसील हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.) 486001 (संपत्ति मालिक- श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह) चर्तुसीमाएं- पूर्व- 20 फिट चौड़ी प्रस्तावित रोड, पश्चिम- लालमनी शर्मा की भूमि, उत्तर- श्रीमती नीतू सिंह का प्लाट, दक्षिण- भूतपूर्व वेन्डर का बिका हुआ प्लाट खसरा नं. 3/20/2, रकवा 0.012 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल- 23.5*60=1350 वर्गफिट, (0.012 हेक्टेयर) मौजा-पाडरा 333, पटवारी हल्का नं. धेखा 26, वार्ड नं. 05, आरआईसी रीवा, तहसील हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.) 486001 (संपत्ति मालिक- श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह) चर्तुसीमाएं- पूर्व- वेन्डर द्वारा 20 फिट चौड़ी प्रस्तावित रोड, पश्चिम- श्री रमेश पांडे का प्लाट, उत्तर- सियावती मिश्रा का प्लाट, दक्षिण- श्रीमती प्रीतू सिंह का खरीदा हुआ प्लाट **सांकेतिक कब्जा** BAANKNET PROPERTY ID: AANYAALB COORDINATES: 24.546324, 81.268863 | 04-05-2021 / 20-10-2021 / दि. 03.02.2026 को ₹ 76,96,238.34/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 42,75,000/- / ₹ 4,27,500/- / ₹ 10,000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 24/02/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 25/02/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)
दिनांक : 03.02.2026, स्थान : भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

## संक्षिप्त खबरें

### किसानों तक रथ के जरिए पहुंच रहीं योजनाएं

**भोपाल।** प्रदेश में वर्ष 2026 कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। सभी जिलों में किसानों और कृषि के संबंध संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। किसान-रथ के माध्यम से किसानों के खेत तक योजनाएँ पहुँचाई जा रही हैं। हरदा जिले के तीनों विकासखंडों में 'कृषि रथ' का संचालन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य उन्नत कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं को सीधे किसानों के खेतों तक पहुँचाना है। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि कृषि रथ के साथ कृषि विज्ञान केंद्र, कोलीपुरा-हरदा के वैज्ञानिक, कृषि विभाग एवं संबद्ध विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा किसानों से सीधा संपर्क कर ई-विकास प्रणाली से उर्वरक क्रय करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। साथ ही नरवाई प्रबंधन, ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के स्थान पर उडद, मूंगफली, तिल आदि फसलों को प्रोत्साहन, प्राकृतिक व जैविक कृषि करने हेतु प्रोत्साहित, मृदा स्वास्थ कार्ड के आधार पर उर्वरकों की संतुलित मात्रा का उपयोग करने और भूमि पर बोई गई फसल अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग करने आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान कृषि विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं तथा समसामयिक सलाह भी किसानों को प्रदान की जा रही है।

### पटना-इंदौर एक्सप्रेस से 311 दुर्लभ प्रतिबंधित कछुए जब्त

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में वन्यजीव तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश, रेलवे सुरक्षा बल एवं वन मंडल भोपाल की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 311 दुर्लभ एवं प्रतिबंधित प्रजाति के कछुओं को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर रेलगाड़ी संख्या 19322 पटना-इंदौर एक्सप्रेस के प्रथम श्रेणी वातानुकूलित कोच में तलाशी के दौरान आरोपी अजय सिंह राजपूत, पिता रामकुमार, के कब्जे से इन कछुओं को बरामद किया गया। इस संबंध में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 237/23, 3 फरवरी 2026 को पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। प्राथमिक जांच में यह वन अपराध अंतर्राज्यीय स्तर का प्रतीत होने के कारण, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, मध्यप्रदेश के निर्देश पर प्रकरण दर्ज कर स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी से विस्तृत पूछताछ की जा रही है और उसे 4 फरवरी 2026 को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। इन कछुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने के बाद उन्हें उनके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रूप से मुक्त किया जाएगा।

### शोध जर्नल का विमोचन

**भोपाल।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने, मंगलवार को शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय भोपाल द्वारा संकलित शोध पत्रों पर प्रकाशित शोध जर्नल का विमोचन किया। उच्च शिक्षा मंत्री ने महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित शोध पत्रों एवं उनकी गुणवत्ता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के अन्य महाविद्यालयों द्वारा भी इस प्रकार के शोध प्रकाशन किए जाना चाहिये। मंत्री ने छात्र-छात्राओं को भी शोध पत्र लेखन के लिये प्रोत्साहित किये जाने को कहा। भारतीय ज्ञान परम्परा से संबंधित आलेख का भी समुचित समावेश किये जाने पर जोर दिया ताकि नयी पीढी भारतीय समृद्ध पुरातन ज्ञान एवं संस्कृति से परिचित हो सकें।

### आवासीय प्रवेश परीक्षा 8 को

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जिला उत्कृष्ट व मॉडल स्कूल एवं श्रमोदय आवासीय प्रवेश चयन परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 8 फरवरी को सुबह 11 बजे से शुरू होगी प्रवेश परीक्षा में कुल 2 हजार 870 विद्यार्थी एवं जिला उत्कृष्ट/मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा में 80 हजार 699 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल 386 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल के साथ मुख्यमंत्री ने बताईं आम बजट की खूबियां

# वैश्विक स्तर पर छवि बेहतर बनेगी: सीएम

**विशेष संवाददाता,भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केन्द्रीय बजट से वैश्विक स्तर पर भारत की छवि बेहतर बनेंगी। इससे मध्यप्रदेश का भी ग्रोथ होगा। बजट में अंत्योदय की भावना दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील मेक इन इंडिया अभियान को नई ऊर्जा देगा,जिससे देश में विकास और निवेश के नए अवसर खुलेंगे।

सीएम डॉ. यादव मंगलवार को कुशाभाई ठाकरे सभागार में केन्द्रीय बजट को लेकर पत्रकारों से संवाद कर रहे थे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा,प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल,प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। सीएम ने कहा कि अमेरिका के साथ हुई ट्रेप डील भारत के सशक्त नेतृत्व और वैश्विक साझेदारी में बने विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट के उपरांत हुई डील कई मायने में अहम है। बजट में किए गए प्रावधान दूरगामी और व्यापक प्रभाव वाले है। जिस तरह से बजट में महिला सशक्तिकरण और रोजगार पर केंद्रित प्रावधान को प्राथमिकता दी गई है,उससे महिला रोजगार ,उद्यमिता और स्व-सहायता समूहों को मजबूत करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए है। इससे ग्रामीण अंचल के अलावा शहरी आबादी की महिलाओं को आर्थिक रुप से मजबूती मिलेगी। सीएम ने कहा कि बजट में टियर-1,टियर-2 शहरों के विकास, अधोसरंचना निर्माण और औद्योगिक



गतिविधियों के विस्तार के लिए विशेष प्रावधान किए गए है,इसका लाभ मध्यप्रदेश के शहरो को ही होगा। जिससे यहां के कई शहरों में तेजी से कार्य होंगे। हमने दो मेट्रोपॉलिटन सिटी की दिशा में काम किए जा रहे है। आम बजट में केन्द्र सरकार ने इसके लिए प्रावधान किए है। जिसका लाभ राज्य को सीधे मिलेगा। इसी तरह फार्मा बायोटेक,स्वास्थ्य और रिसर्च सेक्टर को बढ़ावा देने की दिशा में भी केन्द्रीय बजट में विशेष प्रावधान किए गए है। कई गंभीर बीमारियों से जुड़ी दवाईयों के दाम कम होने के अलावा विशेष रियासतें और योजनाएं भी घोषित की गई है। रिसर्च सेक्टर को बढ़ावा देने से मध्यप्रदेश के युवाओं और स्टार्ट-अप को इसका लाभ मिलेगा। ए-आई आधारित तकनीको को बढ़ावा देने के लिए बजट में प्रावधान किए गए है,जिससे राज्य सहित पूरे देश में हाइटेक इंडस्ट्री,डिजिटल निवेश और नवाचार आधारित उद्योमिता को बढ़वा मिलेगा और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। प्रदेश में कपड़ा उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्यों को जी.डी.पी में योगदान के आधार पर बजट मिलेगा,इससे राज्य और बेहतर काम करेंगे।

### हमारा केन्द्र से आत्मा जैसा तालमेल

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो आम बजट को देखें,तो कई मामले में वह राज्य की प्राथमिकताओं से मेल खाते है। हमारी सरकार कृषि,रोजगार ,महिला सशक्तीकरण और बुनियादी ढांचे को लेकर जो काम कर रही है,उसका बजट में समावेश देखने को मिलता है।

### राहुल को समझ में नहीं आता

एक सवाल के जवाब में सीएम डॉ.यादव ने कहा कि राहुल गांधी को स्वयं कुछ समझ में नहीं आता है कि वह बोल क्या रहे है। उन्हें बोलने से पहले यह सोच लेना चाहिए कि लोग उनके बोलने का क्या मतलब निकालेंगे,उनकी मुश्किल यही है,जिस रक्षा बजट पर 15 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है,उससे अच्छा क्या हो सकता है।

### विकास और विश्वास का बजट: खंडेलवाल

इससे पहले प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के आम बजट को विकास और विश्वास का बजट बताया। उन्होंने कहा कि बजट में तत्कालीन विषयों पर प्रकाश डालने की बजाए दीर्घकालीन काम पर असर डालने वाले प्रावधान किए गए है। यह बजट विकसित व आत्मनिर्भर भारत के विजन का सशक्त दस्तावेज है। गरीब,युवा,नारी शक्ति,अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग और उद्यमियों के कल्याण व सशक्तिकरण के प्रावधान बजट रिफॉर्म परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की योजना है। बजट से मध्यप्रदेश को भी व्यापक लाभ मिलेगा।

## तत्काल सर्वे करा किसानों को उपलब्ध कराएं राशि

**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों से कहा है कि राज्य में जहां भी ओला-पाला से फसलें प्रभावित हुई है,वहां कलेक्टर सर्वे कराकर किसानों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराने की दिशा में काम करें। उन्होंने कहा कि कृषि कल्याण वर्ष के दौरान किसानों के हितों पर विशेष फोकस किया जाएगा। मुख्यमंत्री मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक से पहले अपने मंत्रियों के साथ संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों के सभी प्रकार के हित सुनिश्चित करने और उनकी आय दोगुना करने के उद्देश्य से ही वर्ष-2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कृषक कल्याण कृषि वर्ष में मालवा, निमाड़, चंबल और विंध्य अंचलों में कृषि कैबिनेट आयोजित की जाएगी। कृषि के साथ उद्यानिकी, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन जैसी गतिविधियां अपनाने के लिए कृषकों को प्रेरित किया जा रहा है। पुष्प उत्पादन और देश-विदेश में फूलों की बेहतर मार्केटिंग व्यवस्था को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भावांतर योजना में सरसों और अन्य तिलहन फसलों को भी शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। उड़द को प्रोत्साहित करने के लिए नीति बनाई जा रही है। सीएम ने श्रीपशुपतिनाथ लोक में सुविधाओं और प्रतिमा के क्षरण को रोकने के उपाय को अनुकरणीय बताया।

**सीएम को सौंपा लाभांश मुख्यमंत्री डॉ यादव को मंत्रालय में:** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने 4 करोड़ 39 लाख रुपए लाभांश का चैक भेंट किया। मंत्री शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री की नीतियों के परिणाम स्वरूप म.प्र. ऊर्जा विकास निगम पिछले 2 वर्षों में लाभ की स्थिति में आ गया है। वर्ष 1982 में निगम की स्थापना के बाद यह पहला अवसर है, जब निगम को लाभ हुआ है। मंत्री श्री शुक्ला ने बताया कि कुसुम योजनाओं में किसानों द्वारा बड़ी संख्या में भाग लेने के परिणाम स्वरूप 3 वर्षों में निगम को 41 करोड़ आय हुई है।

## सरकार कराएगी पेयजल पाइपलाइनों का ऑडिट

### पीएमओ और सीएस के पास पहुंची शिकायत, जांच के निर्देश

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य में पेयजल पाइपलाइनों की ऑडिट कराएगी। जिसमें यह पता लगाया जाएगा कि जल आपूर्ति परियोजनाओं में घटिया एचडीपीई (उच्च घनत्व पॉलीथीन) पाइपों के उपयोग तो नहीं किया गया है। सरकार ने पीएमओ और मुख्य सचिव को मिली शिकायत के उपरांत यह जांच कराने के निर्देश दिए है। जानकारी के अनुसार इंदौर में दूषित पानी की वजह से हुई मौतों के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय और मुख्य सचिव को एक शिकायत मिली है,जिसमें दावा किया गया है कि पाइपलाइन की दूषित सामग्री के कारण इंदौर और अन्य शहरों में जल प्रदूषण हुआ और इससे रहवासियों की मौतें हुई है। शिकायत में कहा गया है कि जनवरी 2023 से भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस)द्वारा मध्य प्रदेश जल निगम, जल शक्ति मंत्रालय और राज्य के विभागीय अधिकारियों को एचडीपीई पाइपों में पुनः संसाधित या पुनर्चक्रित पॉलिमर से जुड़े जोखिमों के बारे में कई बार चेतावनी भेजी गई थी। लेकिन इस पर किसी भी स्तर पर ध्यान नहीं दिया गया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि पेयजल नेटवर्क का लगभग 80प्रतिशत हिस्सा एचडीपीई पाइपों पर निर्भर है । कहा गया है कि कई स्थानों पर पाइप स्थापना से पहले ही खराब हो रहे हैं जिससे उनमें विषाक्त पदार्थों का रिसाव हो रहा है और दुर्गंध, खराब स्वाद, मैलापन पानी हो रहा है,जिसमें सूक्ष्मजीवों की वृद्धि होने से पानी का सेवन करने पर दस्त, हैजा, पीलिया और टाइफाइड जैसी जलजनित बीमारियों को बढ़ावा मिल रहा है। शिकायत में दावा किया गया है कि इंदौर के नगर निगम अधिकारी कई दिनों तक प्रदूषण के स्रोत की पहचान करने में विफल रहे, और कहा गया है कि पाइपलाइन ही मूल कारण है। इंदौर के अलावा सतना,रतलाम में भी इसी तरह की घटनाएं प्रशासनिक अनदेखी के कारण हुई है।

इस संबंध में शहरी प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत एस भोंडवे ने कहा कि आरोपों की जांच की जा रही है। आयुक्त भोंडवे ने बताया, उनके द्वारा संबंधित विभाग के माध्यम से पाइपों का ऑडिट कराने का आदेश दिया गया है। इस पर पूरी नजर रखी जा रही है।

## बुरहानपुर में रीजनल कॉन्क्लेव 14 फरवरी को, तैयारी शुरू




**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** ताप्ती नगरी बुरहानपुर में 14 फरवरी को निवेश, कौशल और रोजगार के मकसद से रीजनल इंडस्ट्री स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट (राइज) कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। एमपीआईडीसी से मिली जानकारी के अनुसार यह कॉन्क्लेव 14 फरवरी को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चलेगा। इस एक दिवसीय आयोजन में बुरहानपुर की पहचान केला और टेक्सटाइल को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इस आयोजन में सीएम डॉ मोहन यादव मौजूद रहेंगे और इस दौरान कई निवेशकों से मौके पर ही एमओयू साइन होने की संभावना है। राइज कॉन्क्लेव में अलग-अलग सत्र भी होंगे जिसमें औद्योगिक क्षेत्रों के विशेषज्ञ युवाओं और उद्योगपतियों को रोजगार के साथ नई औद्योगिक इकाई लगाने की जानकारी देंगे। इस दौरान उम्मीद जताई जा रही है कि कौशल विकास और रोजगार पर आधारित इस कॉन्क्लेव के जरिए युवाओं को भी रोजगार के कई अवसर मिलेंगे।

## पूर्व सीएम शिवराज व राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा के बीच कानूनी लड़ाई खत्म

### सुप्रीम कोर्ट ने समझौते को अभिलेख पर लेकर मानहानि प्रकरण किया निरस्त

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा के बीच लंबे समय से चल रहा कानूनी विवाद आखिरकार खत्म हो गया है।

सुप्रीम कोर्ट के सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने के सुझाव के बाद, दोनों नेताओं ने लंबी कानूनी लड़ाई के बजाय बातचीत का रास्ता चुना। संसद में मुलाकात और बातचीत के बाद, विवेक तन्खा ने चुनाव के दौरान दिए गए बयानों के संबंध में दायर किए गए सिविल और आपराधिक मानहानि के मामलों को वापस लेने का



फैसला किया। समझौते को अभिलेख पर लेते हुए करते सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेद्या व न्यायमूर्ति एनके सिंह की युगलपीठ ने मानहानि के प्रकरण को निरस्त करने का राहतकारी आदेश पारित कर दिया। दरअसल, तन्खा ने आरोप लगाया था कि शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें पंचायत चुनावों पर रोक के लिए दोषी ठहराया। ऐसा करने के लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेशों को गलत तरीके से पेश किया। इसी के व्यथित होकर उन्होंने मानहानि का नोटिस भेज दिया था। बाद में अदालत में मानहानि का मुकदमा दायर कर दिया, जो जबलपुर की एमपीएमएलए कोर्ट में विचाराधीन रहने के दौरान प्रकरण निरस्त कराने शिवराज सहित अन्य पहले हाई कोर्ट और बाद में सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गए।

### 10 करोड़ रुपए के हर्जाने की मांग का था मामला

यह मामला 2021 में हुए मध्य प्रदेश के पंचायत चुनावों से जु?ा था। उन दिनों विवेक तन्खा वरिष्ठ अधिवक्ता के तौर पर सुप्रीम कोर्ट में पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण से जु? एक केस में पेश हुए थे। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे लेकर कुछ बयान दिए थे। तन्खा का कहना था कि इन बयानों से उनकी छवि को नुकसान पहुंचा। उन्हें सार्वजनिक आलोचना का सामना करना पड़ा. इसे आधार बनाते हुए उन्होंने सिविल और क्रिमिनल मानहानि केस दर्ज करवाए। सिविल केस में 10 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग की। वहीं, आपराधिक शिकायत में आईपीसी की धारा 500 के तहत कार्यवाही की मांग की। शिवराज सिंह चौहान की ओर से सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने अवगत कराया कि दोनों पक्ष संसद में मिले और वहां आपसी सहमति से विवाद का समाधान कर लिया। इसके बाद तन्खा ने दोनों मामलों को वापस ले लिया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता की तरफ से आरोप वापस लेने के बाद आपराधिक कार्यवाही जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है।

## प्रदेश की ईवीएम से होंगे राजस्थान में निकाय चुनाव

### जयपुर में निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव की मौजूदगी में हुआ एमओयू

**विसं भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग को स्थानीय निकाय चुनावों के लिए कुल 30 हजार कंट्रोल यूनिट एवं 60 हजार बैलेट यूनिट किराये पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इन ईवीएम का उपयोग राजस्थान में नगरीय निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में किया जाएगा।

इस संबंध में मंगलवार को राजस्थान के जयपुर के सचिवालय स्थित राज्य निर्वाचन आयोग में अतिरिक्त समझौता ज्ञापन (एडिशनल एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एम.ओ.यू. मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग एवं राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग के बीच ईवीएम उपलब्धता एवं उपयोग से संबंधित पूर्व में किए गए समझौते का विस्तार है।आयुक्त राज्य निर्वाचन म.प्र. मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि इस एडिशनल एम.ओ.यू. के अंतर्गत

ईवीएम की आपूर्ति, उपयोग, रख-रखाव, सुरक्षा एवं वापसी से संबंधित सभी शर्तें भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप



सुनिश्चित की जाएंगी। राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त राजेश्वर सिंह ने मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आपसी समन्वय एवं सहयोग संघीय ढांचे की भावना को मजबूत करने के साथ चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान ईवीएम की सुरक्षा, परिवहन, भंडारण एवं संचालन की जिम्मेदारी संबंधित प्रोटोकॉल के तहत सुनिश्चित की जाएगी। ईवीएम के तकनीकी परीक्षण (एफ.एल.सी.), मरम्मत एवं आवश्यक तकनीकी सहयोग का कार्य भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (ईसीआईएल), हैदराबाद के अधिकृत इंजीनियरों द्वारा किया जाएगा।

एडिशनल एम.ओ.यू. में यह भी प्रावधान किया गया है कि ईवीएम के परिवहन, लोडिंग-अनलोडिंग, सुरक्षा व्यवस्था तथा तकनीकी स्टाफ की यात्रा से संबंधित व्यय की व्यवस्था निर्धारित नियमों के अनुसार की जाएगी। चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात ईवीएम की वापसी, परीक्षण एवं क्षति की स्थिति में प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया भी स्पष्ट रूप से तय की गई है।

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग को 30 हजार कंट्रोल यूनिट एवं 60 हजार वैलट यूनिट 4 महीने की अवधि के लिए किराए पर दी जायेंगी। इसके लिए राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग को लगभग 3 करोड़ रुपए दिये जायेंगे। पूर्व में भी म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़, जम्मू काश्मीर, सिक्किम और महाराष्ट्र को किराये पर ईवीएम दी जा चुकी हैं।

## नाम कटवाने को लेकर कांग्रेस ने दर्ज कराई रिपोर्ट, इंदौर में धरने पर बैठे जीतू

**विसं भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में इंदौर के राजवाड़ा में धरना दिया गया। इस मौके पर पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार इस मामले में न तो दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है और न ही पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा व उन्हें न्याय दिलाया जा रहा है। पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार की आपराधिक लापरवाही की वजह से 32 निर्दोषों की जान गई है। उन्होंने कहा कि कोई भी पीड़ित अकेला नहीं है,उनके साथ कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता खड़ा है।

### कांग्रेसी पहुंचे एसआईटी के पास



इधर भोपाल में प्रदेश कांग्रेस महासचिव अमित शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने स्लाटर हाउस की जांच कर रहे एसआईटी प्रमुख एसीपी उमेश तिवारी से मिला और उन्हें कई दस्तावेज दिखाते हुए महापौर और कुछ एमआईजी सदस्यों के खिलाफ जांच कराने का आग्रह किया। शर्मा ने कहा कि इस पूरे मामले में जिस तरह की जांच की जा रही है,उसमें प्रमुख लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला जनभावनाओं से जुड़ा हुआ है,इसलिए इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### फॉर्म 7 के दुरुपयोग की शिकायत

इधर भोपाल में शहर कांग्रेस ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर प्रक्रिया के तहत फॉर्म 7 का दुरुपयोग होने की शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी से की। शहर जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना की अगुवाई में कांग्रेसियों ने जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों को अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम काटे जाने की शिकायत की। इस पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उनके द्वारा भोपाल के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को फॉर्म 7 की गहन जांच एवं अवैध आपत्तियों पर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। इसी तरह पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा के साथ जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने टीटी नगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि सूरज नगर में रहने वाले कदीर खां और साहिल का नाम फॉर्म 7 के जरिए कटवाया गया है।

**प्रस्ताव** राजधानी में चार लोकेशन चिन्हित इनमें से एक का होगा चुनाव

# लाल आतंक के अंत और शहीदों की शौर्यगाथा होगी जीवंत, भोपाल में बनेगा नक्सल संग्रहालय

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस ने राज्य से नक्सलवाद के सफाए के बाद अब इसके काले इतिहास और सुरक्षा बलों के साहस को सहेजने की तैयारी कर ली है। पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने राजधानी भोपाल में एक अत्याधुनिक नक्सल संग्रहालय स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार किया है। यह संग्रहालय न केवल पिछले साढ़े तीन दशकों के पुलिस और नक्सली संघर्ष को दर्शाएगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को लिए शांति और सुरक्षा समझाने वाला एक महत्वपूर्ण केंद्र भी बनेगा। प्रस्ताव के मुताबिक संग्रहालय में प्रदेश में नक्सलवाद के 35 वर्षों के इतिहास को कालक्रम के अनुसार दर्शाया जाएगा।



फाईल फोटो

### शुरुआत से अंत तक की कहानी डिजिटल में

संग्रहालय में चित्रों और प्रतिमाओं के जरिए दिखाया जाएगा कि किस तरह अविभाजित एमपी के जंगलो में नक्सलवाद ने अपनी जड़े जमानी शुरू कीं। इसके अलावा सुरक्षा बलों को दुर्गम जंगलों और कठिन परिस्थितियों में इनके सफाए के लिए कठिन चुनौतियों का सामना किया। इस म्यूजियम की सबसे बड़ा आकर्षण घटनाओं, हमलों और मुठभेड़ों के विवरण को डिजिटल मीडिया के जरिए जीवंत स्वरुप में पेश किया जाना होगा।

### 50 जांबाज शहीदों की प्रतिमाएं बनेंगी प्रेरणा स्रोत

संग्रहालय का सबसे भावुक और अहम महत्वपूर्ण उन 50 से अधिक वीर शहीदों को समर्पित होगा जिन्होंने राच्य की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इसमें एमपी पुलिस के 30 से अधिक जवानों समेत सीआरपीएफ, कोबरा और हॉक फोर्स के शहीद शामिल होंगे। इसके साथ ही इन शहीदों की वीरता, समर्पण और बलिदान की कहानियों को लिखित और ऑडियो विजुअल के रूप में पेश किया जाएगा ताकि यह संग्रहालय एक स्मारक का रूप भी ले सके।

### चार स्थानों में से एक का होगा चयन, मंजूरी का इंतजार

पिछले साल दिसंबर में ही मध्य प्रदेश को पूरी तरह से नक्सल मुक्त घोषित किया गया है। प्रदेश के बालाघाट, मंडला, उमरिया और डिंडोरी किसी समय इस समस्या से प्रभावित थे। एंटी-नक्सल ऑपरेशंस के तत्कालीन स्पेशल डीजी पंकज श्रीवास्तव ने इस प्रस्ताव को तैयार कर राज्य सरकार को भेजा था, जिसके जल्द ही मंजूर होने के आसार हैं। संग्रहालय के लिए भोपाल के कई प्रमुख स्थानों पर विचार किया जा रहा है। राजधानी के पीएचक्यू परिसर, श्यामला हिल्स स्थित एसटीएफ मुख्यालय, भौरी स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर या राच्य संग्रहालय के नजदीक किसी उपयुक्त स्थल पर इसे स्थापित किया जा सकता है। पीएचक्यू के अफसरों का दावा है कि यह संग्रहालय आने वाले समय में न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का एक केंद्र होगा।

## मूक-बधिर के दुष्कर्म के आरोपी की जमानत निरस्त

**जागरण, इंदौर।** हाई कोर्ट ने जिला कोर्ट के फैसले को पलटते हुए मूक-बधिर युवती से दुष्कर्म करने वाले दुष्कर्म के आरोपी की जमानत निरस्त कर दी। जिला कोर्ट ने यह कहते हुए आरोपी को जमानत दे दी थी कि आरोपित युवती को सहमति से ले गया था या बगैर सहमति के यह साक्ष्य का विषय है। पीड़िता की ओर से जमानत निरस्त करने के लिए हाई कोर्ट में याचिका प्रस्तुत हुई थी। न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर ने मंगलवार को याचिका स्वीकारते हुए जिला कोर्ट के जमानत आदेश को निरस्त कर दिया। अधिवक्ता शन्नो शगुफ्ता खान ने बताया कि एमआईजी पुलिस थाना क्षेत्र में रहने वाली 18 वर्ष 9 माह आयु की मूक-बधिर युवती से दो युवकों ने दुष्कर्म किया था।

## श्योपुर-कटनी में शराब तस्करों से 67 लाख रुपए का माल जब्त

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश पुलिस ने कटनी और श्योपुर में अवैध शराब के कारोबारियों पर दबिश देते हुए 67 लाख 34 हजार रुपए की अवैध शराब के साथ तस्करी में इस्तेमाल कि एजा रहे वाहन जब्त किए हैं। पीएचक्यू से मिली जानकारी के अनुसार श्योपुर में पुलिस को सूचना मिली थी कि ट्रक में छिपाकर भारी मात्रा में अवैध शराब राजस्थान ले जाई जा रही है। इसके बाद जिले की देहात थाना पुलिस ने राजस्थान-श्योपुर सीमा पर नाकाबंदी कर एक ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली। इस ट्रक में अंग्रेजी शराब की 635 पेटियों में 4,863 लीटर शराब थी। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने शराब और ट्रक को जब्त किया है, जिसकी कुल कीमत 58 लाख 90 हजार रुपए है।

### फिल्मी अंदाज में पीछा कर पकड़ी शराब से भरी कार

दूसरी कार्रवाई कटनी जिले के ग्राम देवरीटोला में हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक कार में अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। जब पुलिस ने संदिग्ध कार को रोकने की कोशिश की, तो ड्राइवर ने कार की रफ्तार ब?ा दी और मैहर बायपास की तरफ भाग निकला। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपी कार छोड़कर फरार हो गए। इस दौरान जब पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें 24 पेटी देसी शराब भरी हुई थी। इस मामले में पुलिस ने 8 लाख 44 हजार रुपए की शराब और कार जब्त की है। पुलिस ने इसके बाद एक एक आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की।

## भारत-अमेरिका में डील के बाद रुपये की मजबूती और शेयर बाजार में तेजी की वजहें

# मजबूत आर्थिक जमीन पर 'ट्रंप फैक्टर' से मिला बड़ा उछाल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मंगलवार का दिन भारतीय आर्थिक परिदृश्य में एक साथ कई संकेत छोड़ गया है। डॉलर के मुकाबले रुपया १२९ पैसे मजबूत हुआ, जो बीते तीन सालों की सबसे बड़ी बढ़त है। शेयर बाजार में सेंसेक्स 2,073 अंक उछल गया, निफ्टी 639 अंक ऊपर बंद हुआ और अडाणी समूह के कई शेयर 7 से 11 प्रतिशत तक चढ़ गए। पहली नजर में इसकी वजह अमेरिकी की ओर से भारत पर टैरिफ घटाना दिखाई देता है, लेकिन इतनी बड़ी हलचल की वजह महज टैरिफ में कमी नहीं है। इसके पीछे कई परतों में फैली आर्थिक कहानी है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर लगाए गए आयात शुल्क (टैरिफ) को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की है। इसका सीधा अर्थ यह है कि भारतीय सामान अब अमेरिका में सस्ता पड़ेगा, जिससे निर्यात (एक्सपोर्ट) बढ़ने की उम्मीद है। यही खबर बाजार के लिए ट्रिगर बनी यानी वह चिंगारी, जिससे तेजी की शुरुआत हुई। विदेशी निवेशकों (एफपीआई—फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स) में यह संकेत गया कि भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में अनिश्चितता घट रही है। डॉलर पर दबाव आया और रुपया तेजी से मजबूत हुआ। लेकिन अर्थशास्त्र का एक पुराना नियम है कि केवल एक खबर से इतना बड़ा और व्यापक उछाल नहीं आता, जब तक जमीन पहले से तैयार न हो। यह न तो सिर्फ एक व्यक्ति की घोषणा है, न ही एक कंपनी का नतीजा। यह नीति, कॉरपोरेट रणनीति और वैश्विक माहौल तीनों का संयुक्त परिणाम है। शेयर बाजार और रुपया भावनाओं से चलते हैं, लेकिन भावनाएं खाली हवा में नहीं बनतीं। मंगलवार की तेजी दरअसल उस कहानी का परिणाम है, जो कई महीनों से लिखी जा रही थी।

### मजबूती के पीछे चार वजहें और हिस्सेदारी

- **ट्रंप का टैरिफ फैसलाः** 30 फीसदी असर
- **अडाणी के शेयर और मुनाफाः** 25 फीसदी
- **बजट का कैपेक्सः** 25 फीसदी
- **ईयू डील और अन्य वैश्विक संकेतः** 20 फीसदी
- ट्रेड डील से डॉलर की मांग घटी
- शेयर बाजार में तेजी से विदेशी पूंजी की निकासी रुकी, कुछ जगहों पर शॉर्ट कवरिंग हुई
- कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर स्पष्टता बढ़ी
- भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से अप्रत्यक्ष हस्तक्षेप (यानी बैकएंड में स्थिरता बनाए रखना)
- **रुपया महज 'टैरिफ की खबर पर प्रतिक्रिया' नहीं, बल्कि आर्थिक सेंटिमेंट का थर्मामीटर है।**



### बजट का कैपेक्सः मजबूत नींव से बढ़ा भरोसा

अगर ट्रंप की खबर चिंगारी है, तो बजट में कैपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स) उसका ईंधन है। सरकार ने पूंजीगत खर्च बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपए कर दिया है। इसका मतलब है कि सड़क, रेल, बंदरगाह, बिजली, ग्रीन एनर्जी, लॉजिस्टिक्स और भारी उद्योग में पैसा जाएगा। इसका असर तुरंत नहीं, लेकिन धीरे-धीरे पूरे बाजार पर पड़ता है। निवेशक इसे ग्रोथ का भरोसा मानते हैं। यही कारण है कि इंफ्रास्ट्रक्चर, मेटल, कैपिटल गुड्स और पावर सेक्टर में एक साथ खरीदारी दिखी।

### अडाणी फैक्टरः तेजी को हवा देने वाला इंजन

शेयर बाजार की इस रैली में अडाणी समूह की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अडाणी एंटरप्राइजेज का मुनाफा तीसरी तिमाही में 97 गुना बढ़कर 5,627 करोड़ रुपए पहुंचा। यह मुनाफा मुख्यतः एसेट मोनेटाइजेशन से आया यानी कंपनी ने अपनी हिस्सेदारी बेचकर नकदी जुटाई।

सरल शब्दों में कहें तो, कंपनी ने अपने कुछ कारोबार बेचे, कर्ज का दबाव कम किया और बैलेंस शीट (लेखा-जोखा) मजबूत की। इससे निवेशकों को यह संदेश गया कि जोखिम घट रहा है।

- 10 फीसदी से ज्यादा चढ़ा अडाणी एंटरप्राइजेज
- 7 से 11 फीसदी तक उछले ग्रीन, पोर्ट्स, पावर जैसे शेयर
- 300-400 अंकों की तेजी सिर्फ अडाणी शेयरों से सेंसेक्स और निफ्टी पर पड़ने का अनुमान

## 2025 में महिलाओं के काम छोड़ने की वजह

### 4.55 लाख महिलाएं जॉब से हुईं बाहर

**देखभाल की जिम्मेदारी और चाइल्ड केयर खर्च**



रिसर्च के मुताबिक कार्यस्थल पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर काम करने वाली गैर-लाभकारी संस्था कैटलिस्ट के ताजा आंकड़े बताते हैं कि 2025 में नौकरी छोड़ने वाली महिलाओं में से 42 फीसदी ने देखभाल से जुड़ी जिम्मेदारियों को इसका मुख्य कारण बताया।

- **200** से ज्यादा महिलाओं के बीच किया गया सर्वे, जो जनवरी 2025 के बाद कार्यबल से बाहर हुईं
- **42%** महिलाओं ने देखभाल की जिम्मेदारियों को नौकरी छोड़ने की मुख्य वजह बताया
- **17%** महिलाओं ने नौकरी में मिलने वाले कम वेतन को एक बड़ा कारण बताया
- **57%** महिलाओं ने स्वेच्छा से छोड़ी नौकरी
- **43%** महिलाओं को नौकरी से निकाला गया

यह महिलाओं के कार्यबल में पूरी भागीदारी से पीछे हटने का संकेत है। महिलाएं काम छोड़ नहीं रहीं, बल्कि उन्हें देखभाल की जिम्मेदारियों और कठोर कार्य-संरचना के बीच फाड़ा जा रहा है।

**शीला ब्रासेल**
**रिसर्च डायरेक्टर, कैटलिस्ट**

**समाधान क्या हो सकता है**

- काम के समय में लचीलापन
- देखभाल का बोझ कम करने वाले संसाधन, जैसे ऑन-साइट डे-केयर या पेड लीव
- न्यायसंगत वेतन और करियर ग्रोथ की नियमित समीक्षा

## संक्षिप्त खबरें

### महिलाओं को ईरान में दी गईं खौफनाक प्रताड़नाएं

**तेहरान, जेएनएन।** ईरानी-जर्मन पत्रकार मिशेल अब्दोल्लाही ने ईरानी सरकार पर चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ईरानी सुरक्षा बलों ने विरोध करने वाली महिलाओं के खिलाफ बलात्कार और म्यूटिलेशन (विकलांग करना) को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया ताकि वह लोगों में ज्यादा से ज्यादा डर पैदा कर सके और संघर्ष रुक जाए। एक की रिपोर्ट के अनुसार, अब्दोल्लाही ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर दावा किया कि उन्हें प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी मिली है। उनके अनुसार, गिरफ्तार महिलाओं के साथ बलात्कार किया जाता है, उनके गर्भाशय निकाल दिए जाते हैं, सिर की खाल उनके बालों सहित उतार दी जाती है और शरीर पर सिगरेट के जलने के निशान छोड़ दिए जाते हैं।

### उधमपुर में घिरे जैश के आतंकी, मुठभेड़

**जम्मू,जेएनएन।** जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले के माजल्टा में छिपे आतंकवादियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ शुरू हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों की मौजूदगी से जुड़ी ठोस खुफिया जानकारी के आधार पर इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए हैं और ऑपरेशन जारी है। यह कार्रवाई आतंकी नेटवर्क को फंडिंग, मदद और लॉजिस्टिक सपोर्ट देने से जुड़े मामलों की जांच के सिलसिले में की जा रही है। एनआईए ने श्रीनगर के रैनावाड़ी में छापेमारी की। एनआईए की टीमें स्थानीय सुरक्षा बलों के साथ इलाके में मौजूद हैं और संदिग्ध ठिकानों की तलाशी ले रही है।

### ग्लोबल ऑर्डर मर चुका हैः इटली के पूर्व पीएम

**ब्रसेल्स, जेएनएन।** इटली के पूर्व पीएम मारियो द्रागी ने दावा किया है कि ग्लोबल ऑर्डर मर चुका है। उन्होंने यह बयान बेल्जियम की ल्यूवेन यूनिवर्सिटी में सोमवार को आयोजित एक समारोह में दिया। द्रागी ने कहा कि जो लोग ये चेतावनी दे रहे हैं कि मौजूदा ग्लोबल इकोनॉमिक ऑर्डर टूट रहा है, वे सही हैं। द्रागी यह भी कहा कि असली खतरा इसके टूटने से नहीं है, बल्कि इस बात से है कि इसकी जगह क्या लेगा। उन्होंने कहा कि यूरोप को एक ऐसे अमेरिका का सामना करना पड़ रहा है जो ये कहता है कि उसने बहुत ज्यादा कीमत चुकाई है, लेकिन ये नहीं देखता कि उसे कितने फायदे मिले हैं। वहीं चीन पर आरोप लगाया कि वो ग्लोबल सप्लाई चेन के अहम हिस्सों को अपने कंट्रोल में रखता है।

### मुनव्वर राणा की बेटी को तलाक दे घर से निकाला

**लखनऊ,जेएनएन।** उत्तरप्रदेश राजधानी लखनऊ के सादतगंज थाना क्षेत्र से एक गंभीर और संवेदनशील मामला सामने आया है। मशहूर शायर मुनव्वर राना की बेटी हिबा राना ने अपने पति सैय्यद मो. साकिब पर दहेज उत्पीड़न, जानलेवा हमला और तीन तलाक देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हिबा राना के मुताबिक उनकी शादी के समय परिजनों ने लाखों रुपये नकद और कीमती सोने चांदी के जेवर दिए थे। इसके बावजूद शादी के बाद ससुराल में उन्हें लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। आरोप है कि पति और ससुर की नजर हमेशा अतिरिक्त दहेज पर रही। कभी 20 लाख रुपये तो कभी फ्लैट की मांग को लेकर उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया गया।

## सबसे बढ़िया डील मिली, देश के उज्ज्वल भविष्य का अच्छा संकेत : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर मंगलवार को वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आज हर भारतवासी देश भर में पीएम मोदी का साधुवाद कर रहा है, क्योंकि उन्होंने एक बहुत ही बढ़िया ट्रेड डील संपन्न किया है। जनहित को ध्यान में रखने के लिए भारत के भविष्य को चार चांद लगाने वाले डील को फाइनल किया है। मैं सभी देशवासियों को बधाई देना चाहता हूं। 140 करोड़ देशवासियों की तरफ से पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं। भारत की अर्थव्यवस्था को, हर गरीब के लिए ढेर सारे अवसर लाने वाला ट्रेड डील पीएम ने कल तय किया। गोयल ने कहा कि पीएम ने जो ट्रेड डील फाइनलाइज की है, सभी पड़ोसियों के मुकाबले सबसे बढ़िया डील भारत को मिली है। देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। महीनों से हमारी टीम लगातार बातचीत कर रही थी। कई सारे जटिल विषय थे।



### लघु, मध्यम उद्योगों को मिलेंगे मौके

कई सारी समस्याएं थीं। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा हुआ था। सभी को तकलीफ हो रही थी। मित्रता के आधार पर पीएम ने भारत के हितों को प्राथमिकता देते हुए, विश्व के सामने जिस प्रकार से पेश किया है, पीएम मोदी के नेतृत्व में बढ़िया डील मिली है। पीएम मोदी ने हमेशा कृषि और डेयरी, दोनों सेक्टर्स को संभाला है। यूएस के साथ ट्रेड डील में कृषि, डेयरी सेक्टर को लेकर भी संरक्षण किया है। इस ट्रेड डील से सभी देशवासी काफी उत्साहित हैं।

# तेल खरीदी बंद करने के ट्रंप के बयान पर रूस बोला हमें यकीन नहीं

**मॉस्को, जेएनएन।** रूस ने मंगलवार को कहा कि भारत सरकार की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, जिसमें यह कहा गया हो कि भारत रूस से तेल की खरीद बंद करने जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक क्रेमलिन के प्रवक्ता रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस, भारत को लेकर ट्रम्प की टिप्पणियों का विश्लेषण कर रहा है। जब उनसे सीधे पूछा गया कि क्या भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने का फैसला कर लिया है, तो उन्होंने कहा कि अब तक दिल्ली की तरफ से इस मुद्दे पर कोई बयान नहीं आया है।

### ट्रम्प का दावा- भारत रूसी तेल खरीदना बंद करेगा




पेस्कोव का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए ट्रेड डील के तहत रूस से तेल खरीदना रोकने पर सहमति जताई है। डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को घोषणा की थी कि अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौता हुआ है। इसके तहत अमेरिका ने भारतीय सामान पर लगने वाला टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति दी है। इसके बदले में ट्रम्प का दावा है कि भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और व्यापार से जुड़ी रुकावटें भी कम करेगा। भारत ने उनकी इस घोषणा पर न तो स्वीकार किया है और न ही खारिज किया है।

### यूक्रेन जंग बाद बढ़ी रूसी तेल की खरीद

फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर सैन्य हमला किया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच युद्ध शुरू हो गया, जो अब तक जारी है। इस युद्ध के कारण रूस पर अमेरिका और यूरोपीय देशों ने कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए, खासकर उसके तेल और गैस सेक्टर पर। इन प्रतिबंधों की वजह से रूस को अपना कच्चा तेल सस्ते दामों पर बेचने के लिए नए खरीदार ढूंढने पड़े। इसी दौरान भारत ने रूस से रियायती दरों पर तेल खरीदना शुरू किया। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और रूस का द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 68.7 अरब डॉलर तक पहुंच गया। लेकिन इसमें बड़ा हिस्सा कच्चे तेल का था।

### मंत्री ने मानी थी गिरावट की बात

अब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प कह रहे हैं कि भारत रूस से तेल आयात रोकने पर सहमत हो गया है। अगर भारत वाकई रूसी तेल का आयात पूरी तरह बंद कर देता है, तो भारत-रूस का कुल द्विपक्षीय व्यापार घटकर 20 अरब डॉलर से भी नीचे आ सकता है। भारत के पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पिछले महीने कहा था कि रूस से कच्चे तेल के आयात में आगे भी गिरावट आने की संभावना है। पुरी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि रूस से तेल खरीद में आई कमी की वजह किसी राजनीतिक या विदेशी दबाव की वजह से नहीं, बल्कि बाज़ार की परिस्थितियों का नतीजा है।

## एपस्टीन फाइल्स में नार्वे की राजकुमारी के नाम पर विवाद

**ओस्लो, जेएनएन।** नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मारिट और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच संबंध सामने आने से विवाद छिड़ गया हैं। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की ओर से 30 जनवरी को जारी की गई एपस्टीन फाइल्स में प्रिसेंस नाम का 1 हजार से ज्यादा बार आया है। नॉर्वे के एक अखबार रिपोर्ट के मुताबिक, इन फाइलों में मेटे-मारिट और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच 2011 से 2014 के दौरान हुए कई ईमेल शामिल हैं। दोनों के बीच लंबे समय तक संपर्क रहा। एक मेल में एपस्टीन ने मेटे-मारिट को बताया कि वो शादी करना चाहता है और पत्नी की तलाश में पेरिस आया है। उसने फ्लर्टी मैसेज करते हुए कहा था कि पेरिस अफेयर और अवैध संबंध बनाने के लिए अच्छा है, लेकिन पत्नी ढूंढनी हो तो स्कैंडिनेवियाई महिलाएं ज्यादा अच्छी और वफादार पत्नी होती हैं। इस पर मेटे-मारिट ने जवाब दिया, मुझे अभी भी इस बात पर यकीन नहीं हो रहा कि आप सच में पत्नी की तलाश कर रहे हैं।

### एपस्टीन की बातें मुझे गुदगुदाती हैं : मेटे



एक ईमेल में मेटे ने एपस्टीन से पूछा था कि क्या अपने 15 साल के बेटे के वॉलपेपर के लिए दो न्यूड लड़कियों की फोटो (सर्फबोर्ड के साथ) लगाना ठीक रहेगा? एक अन्य ईमेल में उन्होंने एपस्टीन को आकर्षक बताया था। नॉर्वे के मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, निजी ईमेल में मेटे-मारिट ने एपस्टीन से कहा था, 'तुम्हारी बातें मुझे गुदगुदाती हैं।' कुछ ईमेल में उन्होंने उन्हें 'सॉफ्ट हार्टेड' और 'स्वीटहार्ट' भी लिखा। दोनों की दोस्ती सामने आने के बाद शनिवार को मेटे-मारिट ने एपस्टीन से अपने संबंधों को लेकर माफी मांगी।

## एआई ड्रीमलाइनर के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच शुरू

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एयर इंडिया ने अपने सभी 787 ड्रीमलाइनर विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की दोबारा जांच कर दी है। यह फैसला लंदन के हीथ्रो से बेंगलुरु विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच में गड़बड़ी के बाद लिया गया है। विमान में 200 यात्री सवार थे। एयर इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मनीष उप्पल ने बोइंग 787 के पायलटों को ईमेल भेजकर यह जानकारी दी। फिलहाल एयर इंडिया के बेड़े में 32 बोइंग 787 विमान हैं। उप्पल ने इमेल में बताया कि फ्यूल कंट्रोल स्विच के लैच की एहतियातन फ्लीट-वाइड री-इंस्पेक्शन की जा रही है। इंजीनियरिंग टीम को बोइंग कंपनी के पास भेजा है। कंपनी का जबाव आने तक अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए सभी विमानों की जांच शुरू की गई है। अब तक के विमानों की जांच में कहीं कोई भी गड़बड़ी नहीं मिली है। एयर इंडिया ने क्रू से कहा है कि संचालन के दौरान दिखने वाली किसी भी तकनीकी गड़बड़ी को तुरंत रिपोर्ट करें। विमान का हैंडओवर लेने से पहले सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जाएं। लंदन-बेंगलुरु का स्विच लॉक हो था सोमवार को एक पायलट ने बोइंग 787 विमान में फ्यूल कंट्रोल स्विच से जुड़ी खराबी की रिपोर्ट दी थी।




लंदन-बेंगलुरु विमान का स्विच लॉक नहीं हो रहा था, उड़ान पर पाबंदी

## रूस-यूक्रेन पर बोले ट्रंप-दुनिया को जल्द मिलेगी अच्छी खबर

**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने करीब चार साल से चल रहे रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर एक बड़ी उम्मीद जगाई है। ट्रंप ने संकेत दिए कि उनकी सरकार के शांति प्रयास रंग ला रहे हैं और जल्द ही दुनिया को इस मोर्चे पर कोई अच्छी खबर मिल सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार यूक्रेन और रूस के बीच जारी संघर्ष को खत्म करने के लिए बहुत प्रभावी ढंग से काम कर रही है।



### फिर होगी अबू धाबी में बातचीत

रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने की कोशिशों के तहत शांति वार्ता का अगला दौर अगले हफ्ते होने जा रहा है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार को घोषणा की है कि रूस, यूक्रेन और अमेरिका के प्रतिनिधियों के बीच 4 और 5 फरवरी को अबू धाबी में त्रिपक्षीय बैठकें आयोजित की जाएंगी।

## यूएस नेवी ने मार गिराया ईरानी ड्रोन, अरब सागर में बढ़ी टेंशन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिकी नौसेना ने अरब सागर में एयरक्राफ्ट कैरियर के पास पहुंच रहे ईरानी ड्रोन को मार गिराया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि यह ड्रोन अमेरिकी युद्धपोत की ओर बढ़ रहा था, जिसे खतरे के तौर पर देखा गया। यह घटना तब सामने आई जब अमेरिका-ईरान के बीच तुर्की में इसी हफ्ते परमाणु समझौते पर बातचीत शुरू होने वाली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ईरान का शहीद-139 ड्रोन था, जिसे अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट ने हवा में ही निशाना बनाकर गिरा दिया। इस घटना को क्षेत्र में बढ़ते अमेरिका-ईरान तनाव से जोड़कर देखा जा रहा है, हालांकि ईरान की तरफ से इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को ही स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरानी हथियारबंद नावों ने एक एस-फ्लैग्ड ऑयल टैंकर को रोकने की कोशिश की थी। विपक्ष समर्थित एक ईरानी न्यूज एजेंसी ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि जैसे ही टैंकर इस रणनीतिक जलमार्ग में दाखिल हुआ, उस पर दबाव बनाने की कोशिश की गई। रिपोर्ट में समुद्री सुरक्षा एजेंसी वैनगार्ड टेक के हवाले से कहा गया है कि 50-कैलिबर मशीन गनों से लैस ईरान की छह गनबोट्स टैंकर के करीब पहुंचीं और उसे इंजन बंद कर बोर्डिंग के लिए तैयार होने का आदेश दिया। हालांकि, टैंकर ने रफ्तार बढ़ा दी और बाद में एक अमेरिकी युद्धपोत ने उसे सुरक्षा दी। ब्रिटेन की यूके मेरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस एजेंसी ने भी ओमान से करीब 16 नॉटिकल मील उत्तर, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के इनबाउंड ट्रैफिक जोन में एक जहाज से जुड़ी घटना की सूचना मिलने की पुष्टि की थी।



## सड़क पर गिरे व्यक्ति की मदद के बजाय मोबाइल चोरी की कोशिश

### इलाज न मिलने से मौत, घटना सीसीटीवी में कैद

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली के आउटर इलाके में मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। शनिवार तड़के सड़क पर बेहोश होकर गिरे एक व्यक्ति की मदद करने के बजाय एक राहगीर ने उसका मोबाइल फोन चुराने की कोशिश की। पीड़ित को समय पर सहायता नहीं मिल सकी और बाद में उसकी मौत हो गई। दिल्ली पुलिस ने मामले में चोरी का केस दर्ज कर लिया है और आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। घटना नई दिल्ली के रन्होला क्षेत्र के विकास नगर में सुबह करीब 4 बजे हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि फुटेज से संकेत मिलता है कि व्यक्ति को संभवतः दिल का दौरा या मिर्गी का दौरा पड़ा हो सकता है। हालांकि, मौत के सटीक कारण की पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### घंटों सड़क पर पड़ा रहा पीड़ित

घटना के बाद पीड़ित कई घंटों तक सड़क पर ही पड़ा रहा। सुबह करीब 8 बजे जब स्थानीय लोग वहां जमा हुए, तब पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।



### सीसीटीवी में क्या दिखा

सीसीटीवी फुटेज में दिखाई देता है कि व्यक्ति सड़क पर बेहोश पड़ा है। इसी दौरान स्कूटर पर सवार दो युवक वहां पहुंचे। पीछे बैठे युवक ने पहले पीड़ित का मोबाइल फोन उठाया। मानो उसने मान लिया हो कि व्यक्ति नशे में है। इसके बाद वह लौटा और पीड़ित की जेबें टटोलने लगा। पुलिस के मुताबिक, उसे कुछ हाथ नहीं लगा। तभी उसकी नजर पास लगे सीसीटीवी कैमरे पर पड़ी और वह स्कूटर सवार साथी के साथ मौके से फरार हो गया।

**रोचक** | प्रीमियम बोतलबंद पानी का बिज़नेस 400 मिलियन डॉलर का

## भारत के अमीरों को वाइन नहीं, प्रीमियम पानी का नशा

### बॉलीवुड स्टार और अमीर लोगों की पसंद प्रीमियम पानी

पॉपुलर 20 रु वाला प्लास्टिक बोतलबंद पानी मुख्य रूप से पेप्सी, कोका-कोला और भारतीय बाज़ार की लीडर बिसलेरी बनाती है। आम भारतीय इसे खरीद सकते हैं। ज्यादातर लोग अपने घरों में पानी को साफ करने वाले प्यूरीफायर भी लगवाते हैं, लेकिन इससे ज्यादातर मिनरल्स भी पानी से निकल जाते हैं। यही वजह है कि अमीर उपभोक्ता इम्पोर्टेड और लोकल प्रीमियम पानी के बिजनेस को बढ़ावा दे रहे हैं। बॉलीवुड स्टार भूमि पेडनेकर और उनकी बहन ने प्रीमियम पानी का ब्रांड 'बैकबे' लॉन्च किया है। जो 700 मिली की बॉटल्स के कार्टन में उपलब्ध है।




- **90** रुपए से शुरू एक लीटर की बोतल
- **300** रुपए तक की बोतल इंपोर्टेड ब्रांडेड पानी की
- **24%** की दर से हर साल बढ़ रहा बिजनेस

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एक भारतीय फूड स्टोर पर, अवंती मेहता ने फ्रांस, इटली और भारत से मंगाए गए ड्रिंक्स की एक ब्लाइंड टेस्टिंग ऑर्गनाइज की। शायद आप गलत समझ रहे हैं, यह वाइन नहीं, पानी है.... इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने फ्रेंच आल्प्स से 'एवियन', दक्षिणी फ्रांस से 'पेरी', इटली से 'सैन पेलेग्रिनो' और अरावली पहाड़ों की तलहटी से भारत के 'आवा' के सैंपल्स में मिनरल कार्बोनेशन और सलिनिटी चेक करने के लिए छोटे शॉट ग्लास में इसे चखा। अवंती मेहता खुद को इंडिया की सबसे कम उम्र की वॉटर सोमेलियर कहती है (यह शब्द आमतौर पर प्रीमियम वाइन से जुड़ा होता है।) अवंती कहती हैं- आपको ऐसा पानी चुनना चाहिए जिससे आपको कुछ न्यूट्रिशनल वैल्यू मिल सके। उनका परिवार आवा मिनरल वॉटर ब्रांड का मालिक है। प्रीमियम वॉटर दुनिया के सबसे ज़्यादा आबादी वाले देश में 400 मिलियन का बिज़नेस है और यह और भी बड़ा होता जा रहा है क्योंकि इसके अमीर लोग इसे एक नए स्टेटस सिंबल के तौर पर देखते हैं जो फैलते वेलनेस क्रेज़ के साथ फिट बैठता है। प्रीमियम इंडियन मिनरल वॉटर की एक लीटर की बोतल लगभग एक डॉलर यानी 90 रू की होती है, जबकि इम्पोर्टेड ब्रांड 3 डॉलर से ज़्यादा के होते हैं, यानी देश के सबसे कम कीमत वाले बेसिक बोतलबंद पानी की कीमत से 15 गुना ज़्यादा। यह विचारणीय है कि 1.4 बिलियन लोगों वाले देश में पीने के लिए साफ़ पानी मिल पाना एक बड़ी बात है।

### तेजी से बढ़ रहा पानी का बाजार

भारत में कई लोग बोतलबंद पानी को एक ज़रूरत मानते हैं और स्टैंडर्ड 20 रु की बोतलें सुविधा स्टोर, रेस्टोरेंट और होटलों में आसानी से मिल जाती हैं। स्टेंडर्ड पानी का बाज़ार सालाना लगभग 5 बिलियन डॉलर का है और हर साल लगभग 24 फीसद कर दर से बढ़ रहा है, जो कि विश्व में सर्वाधिक तेज दर है। भारत प्रीमियम वॉटर सेगमेंट डिमांड में बढ़ोतरी में सबसे आगे है। कुछ इलाकों में म्युनिसिपल पानी पर भरोसा न होने की वजह से बोतलबंद पानी की मांग बढ़ गई है। अब लोग समझते हैं कि मिनरल वॉटर के कितने फ़ायदे हैं। यह महंगा है, लेकिन सेहत के लिए ज़्यादा फ़ायदेमंद है। दिल्ली के रियल एस्टेट डेवलपर बीएस बत्रा कहते हैं कि उनका परिवार सेहत को बनाए रखने के लिए घर पर सिर्फ़ प्रीमियम पानी इस्तेमाल करता है।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

83,739

2073

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Adani Enterpris | 2,233.40 | 10.38% |
| Adani Ports | 1,537.00 | 9.10% |
| Jio Financial | 267.00 | 8.11% |
| Bajaj finance | 972.80 | 6.72% |
| Interglobe Avi | 5,007.80 | 5.53% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Tech Mahindra | 1854.00 | -0.44% |
| Bharat Elec | 460.00 | -0.03% |
| Nestle | 1,340.40 | -0.02% |
| Infosys | 1,662.00 | -1.52% |
| Cipla | 1,333.00 | -1.30% |

**फोरेक्स रेट**

| | मुद्रा | बिक्री |
|---|---|---|
| $ | डॉलर | 90.260 |
| € | यूरो | 106.44 |
| ¥ | येन | 0.5792 |
| £ | पौंड | 123.36 |

# अडाणी एंटरप्राइजेज का मुनाफा 97% बढ़ा, 5,627 करोड़ पहुंचा

### फॉर्च्यून तेल कंपनी को बेचने से मिले 5,632 करोड़; शेयर 10% चढ़ा



**मुंबई, जेएनएन।** अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में 5,627 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। सालाना आधार पर यह 97 गुना यानी 9601 फीसदी बढ़ा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 58 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। रिजल्ट के बाद कंपनी का शेयर 10 फीसदी से ज्यादा चढ़कर 2207 रुपए पर पहुंच गया है। तीसरी तिमाही में कंपनी को हुए मुनाफे की मुख्य वजह अडाणी विल्मर को बेचने से मिला पैसा है। इसे तीन चरण में बेचा गया था। दिसंबर तिमाही में तीसरा चरण के दौरान कंपनी को अपनी 20 फीसदी हिस्सेदारी बेचने से 5,632.09 करोड़ का मुनाफा हुआ।

### फॉर्च्यून तेल वाली कंपनी है अडाणी विल्मर

**पहला चरण:** ऑफर फॉर सेल के जरिए 13.51 फीसदी शेयर बेचे। इससे ग्रुप को 3,945.73 करोड़ का एक्स्ट्रा मुनाफा हुआ।

**दूसरा चरण:** कंपनी ने फिर से 10.42 फीसदी शेयर बेचे। इससे 2,968.72 करोड़ का मुनाफा हुआ। अब ग्रुप की हिस्सेदारी घटकर सिर्फ 20 फीसदी रह गई।

**तीसरा चरण:** कंपनी ने 13 फीसदी हिस्सेदारी लेनी पीटीई लिमिटेड को बेची और बाकी बची 7 फीसदी हिस्सेदारी खुले बाजार में बेच दी। इससे 5,632.09 करोड़ का मुनाफा हुआ।

**नतीजा:** अब अडाणी ग्रुप का एडब्ल्यूएल में कोई मालिकाना हक या हिस्सेदारी नहीं बची है।

### कम्पनी का मार्केट कैप 2.75 लाख करोड़ रुपए

तिमाही नतीजों के बाद अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर आज 10 फीसदी से ज्यादा की तेजी के साथ 2,207 रुपए पर बंद हुआ। कंपनी का शेयर एक महीने में 3 फीसदी और छह महीने में 4 फीसदी गिरा है। वहीं बीते एक साल में इसके शेयर में बदलाव नहीं हुआ है। इसका मार्केट कैप 2.75 लाख करोड़ रुपए है। कंपनियों के रिजल्ट दो भागों में आते हैं- स्टैंडअलोन और कंसॉलिडेटेड। स्टैंडअलोन में केवल एक यूनिट का वित्तीय प्रदर्शन दिखाया जाता है। जबकि कंसॉलिडेटेड या समेकित फाइनेंशियल रिपोर्ट में पूरी कंपनी की रिपोर्ट दी जाती है।

## स्पेसएक्स बनी दुनिया की 11वीं सबसे वैल्यूएबल कंपनी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क ने एक बड़ा दांव खेला है। उन्होंने अपनी रॉकेट कंपनी स्पेसएक्स और एआई स्टार्टअप कंपनी एक्सएआई का मर्जर कर दिया है। इस कंबाइंड कंपनी की वैल्यू 1.25 ट्रिलियन डॉलर हो गई है। इस वैल्यूएशन पर यह दुनिया का 11वीं बड़ी वैल्यूएबल कंपनी होगी। स्पेसएक्स अगले कुछ महीनों में आईपीओ लाने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि यह 1.75 ट्रिलियन डॉलर की वैल्यूएशन पर हो सकता है। यह आईपीओ दुनिया का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है। अभी तक का सबसे बड़ा आईपीओ सऊदी अरामको का था जिसने 2019 में 29 अरब डॉलर जुटाए थे। लिस्टेड कंपनियों की बात करें तो अभी एनवीडिया 4.519 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी है। इसके बाद गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट, ऐपल, माइक्रोसॉफ्ट, ऐमजॉन, मेटा प्लेटफॉर्म्स, टीएसएमसी, सऊदी अरामको, टेस्ला और ब्रॉडकॉम शामिल हैं।

**कब तक आएगा आईपीओ :** स्पेसएक्स के सीएफओ ब्रेट जॉनसन पिछले साल दिसंबर से ही आईपीओ को लेकर पुराने निवेशकों से बात कर रहे हैं। वह जून तक कंपनी का आईपीओ लाने की संभावना तलाश रहे हैं। बैंक ऑफ अमेरिका, गोल्डमैन सैश, जेपी मॉर्गन चेज और मॉर्गन स्टेनली इस बड़े आईपीओ को लीड कर सकते हैं। स्पेसएक्स रॉकेट और सैटेलाइट बनाती है।

## फ्लिपकार्ट के खिलाफ जांच की जरूरत है या नहीं...

### एससी ने एनसीएलएटी का आदेश किया रद्द




**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल कंपनी अपीलेट ट्रिब्यूनल के 2020 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें डायरेक्टर जनरल को यह जांच करने का निर्देश दिया गया था कि फ्लिपकार्ट ने कॉम्पिटिशन एक्ट 2000 का कोई उल्लंघन किया है या नहीं। कोर्ट ने फ्लिपकार्ट की इस दलील पर विचार करने के बाद कि एनसीएलएटी ने इनकम टैक्स की कार्रवाई में एक असेसमेंट ऑफिसर की टिप्पणियों के आधार पर आदेश दिया था, जिसे इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल ने रद्द कर दिया था, मामले को नए सिरे से विचार के लिए एनसीएलएटी को वापस भेज दिया। कोर्ट ने साफ किया कि उसने एनसीएलएटी द्वारा नए सिरे से विचार के लिए सभी मुद्दों को खुला छोड़ दिया है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की बेंच ने कहा, हम एनसीएलएटी से रिक्वेस्ट करते हैं कि वह इस कोर्ट के कई फैसलों, जिसमें कोल इंडिया लिमिटेड भी शामिल है, में बताए गए प्रिंसिपल्स को ध्यान में रखते हुए अपील पर नए सिरे से फैसला करे। पार्टियों को यह तय करने के लिए अपनी-अपनी बातें रखने की आजादी होगी कि क्या पहली नजर में कोई केस बनता है, और अगर ऐसा है, तो क्या केस को सीसीआई को आगे भेजने की जरूरत है। फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड के सीनियर एडवोकेट डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ऐसा कोई नतीजा नहीं निकला है कि यह संबंधित मार्केट में डोमिनेंट प्लेयर था और इसने डोमिनेंस का कोई गलत इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा कि एनसीएलएटी का ऑर्डर इनकम टैक्स प्रोसीडिंग्स में एक असेसिंग ऑफिसर द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों पर आधारित था। सिंघवी ने तर्क दिया कि असेसिंग ऑफिसर के ऑर्डर को इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल ने रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा कि कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया ने पाया था कि फ्लिपकार्ट डोमिनेंट प्लेयर नहीं था। उन्होंने दावा किया कि ऑनलाइन मार्केटप्लेस में अमेजन डोमिनेंट प्लेयर था। उन्होंने कोल इंडिया केस में सुप्रीम कोर्ट के तय किए गए टेस्ट पर भरोसा किया और कहा कि फ्लिपकार्ट के खिलाफ उनमें से कोई भी पूरा नहीं हुआ। इस मोड़ पर, सीजेआई ने मामले को एनसीएलएटी को वापस भेजने का प्रस्ताव दिया, ताकि असेसिंग ऑफिसर के नतीजों के अलावा दूसरे फैक्टर्स पर भी विचार किया जा सके।

## एशियाई शेयर बाजार में जोरदार उछाल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एशियाई शेयर बाजारों में मंगलवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिली। दक्षिण कोरिया के बेंचमार्क इंडेक्स में करीब 5 फीसदी की छलांग लगी, जबकि टोक्यो का निक्केई 225 करीब 3 फीसदी चढ़ गया। निवेशकों ने टेक से जुड़े शेयरों में जोरदार खरीदारी की। बाजार अब प्रमुख कंपनियों के आय नतीजों का इंतजार कर रहे हैं, ताकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ और चीन द्वारा रेयर अर्थ निर्यात पर संभावित पाबंदियों जैसे रुझानों के असर को समझा जा सके। जापान का बेंचमार्क निक्केई 225 3.2 फीसदी चढ़कर 54,346.33 पर पहुंचा।

## ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक का शानदार प्रदर्शन, तीसरी तिमाही में 663.60 करोड़ का राजस्व

**हैदराबाद, जेएनएन।** देश की अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में शानदार नतीजे दर्ज किए हैं। कंपनी ने 663.60 करोड़ का राजस्व हासिल किया, जो पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले 29 फीसदी अधिक है। इस दौरान कंपनी ने रिकॉर्ड 385 इलेक्ट्रिक वाहनों की डिलीवरी की, जो सालाना आधार पर 37 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। तिमाही में कंपनी का ईबीआईटीडीए बढ़कर 97.10 करोड़ पहुंच गया।

## निजी पीएफ ट्रस्ट की आयकर प्रणाली युक्ति संगत बनाएगा बजट: ईपीएफओ




**नई दिल्ली, जेएनएन।** सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने भविष्य निधि ट्रस्ट के लिए आयकर प्रणाली को युक्तिसंगत बनाने के लिए केंद्रीय बजट 2026-27 में रखे गए प्रस्ताव का मंगलवार को स्वागत करते हुए कहा कि विभिन्न नियमों को एक-दूसरे के अनुरूप बनाने और तालमेल बिठाने से हितधारकों के हितों को मजबूती मिलेगी। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि बजट में मान्यता-प्राप्त भविष्य निधि से जुड़े आयकर ढांचे को कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 और कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 के वैधानिक और प्रशासनिक प्रावधानों के अनुरूप कर दिया गया है। बयान के मुताबिक, फिलहाल निजी पीएफ ट्रस्ट को आयकर अधिनियम और ईपीएफ अधिनियम की धारा 17 के तहत छूट की पात्रता में अंतर है। इसके अलावा, आयकर प्रावधानों और ईपीएफओ के तहत अधिसूचित निवेश के तरीके भी अलग हैं, जबकि नियोक्ता के अंशदान की सीमा दोनों कानूनों में समान नहीं है। इन भिन्नताओं से भ्रम की स्थिति पैदा होती है और अनावश्यक मुकदमेबाजी बढ़ती है। मान्यता-प्राप्त भविष्य निधि ट्रस्ट का नियमन आयकर अधिनियम, 2025 की अनुसूची-11 के तहत होता है। नए प्रावधानों के तहत आयकर अधिनियम, 2025 के अंतर्गत पीएफ की मान्यता केवल उन्हीं ट्रस्ट को मिलेगी जिन्हें ईपीएफ अधिनियम, 1952 की धारा 17 के तहत छूट मिली हुई है। धारा 17 के तहत नियोक्ता अपने कर्मचारियों के पीएफ खातों के प्रबंधन और मासिक ईपीएफ रिटर्न दाखिल करने से छूट के लिए आवेदन कर सकते हैं। ईपीएफओ ने निवेश के मोर्चे पर कहा कि निवेश मानदंड अभी मौजूदा ईपीएफ ढांचे और अधीनस्थ विधानों के तहत ही नियंत्रित रहेंगे। साथ ही, सरकारी प्रतिभूतियों में 50 प्रतिशत निवेश की अनिवार्य सीमा को हटा दिया गया है। नियोक्ता के अंशदान के संबंध में कहा गया कि अब यह 7.5 लाख रुपये प्रति वर्ष की मौद्रिक सीमा के अधीन होगा। इस सीमा से अधिक अंशदान पर परिलाभ के रूप में कर लगाया जाएगा। ईपीएफओ ने कहा कि केंद्रीय बजट में आयकर प्रणाली को युक्तिसंगत बनाना हितधारकों के हितों को साधने में भूमिका निभाएगा।

## सिंहस्थ की तैयारी अब डिजिटल निगरानी में

**जागरण उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 की तैयारियां अब पूरी तरह हाईटेक होने जा रही हैं। उज्जैन में सिंहस्थ से जुड़े सभी विकास कार्य जीआईएस (जियोग्राफिकल इंफार्मेशन सिस्टम) एक्सपर्ट की निगरानी में किए जाएंगे। इसके लिए जिले में तीन जीआईएस एक्सपर्ट की नियुक्ति कर दी गई है, जिन्होंने कलेक्टर की सीधी निगरानी में काम भी शुरू कर दिया है। मध्यप्रदेश में सीमा से जुड़े विवादों को सुलझाने और विकास योजनाओं को बेहतर तरीके से जमीन पर उतारने के लिए राज्य सरकार 27 जिलों में जीआईएस एक्सपर्ट तैनात कर रही है। अब इन्हीं विशेषज्ञों की मदद सिंहस्थ की तैयारियों में भी ली जा रही है। इस साल उज्जैन के हर क्षेत्र का बारीकी से डिजिटल नक्शा तैयार किया जाएगा। शहर की गलियां, सड़कें, खुले मैदान, नाले, बिजली-पानी की लाइनें और संभावित विकास क्षेत्र—सब कुछ एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्ज किया जाएगा। इसी नक्शे के आधार पर आगे विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार होगी।

# अदाणी डिफेन्स एंड एयरोस्पेस और लियोनार्डो फोर्ज भारत में बनाएंगे हेलीकॉप्टर




**नई दिल्ली।** भारत में रक्षा क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में शामिल, अदाणी डिफेन्स एंड एयरोस्पेस ने आज डिफेन्स, एयरोस्पेस और सिक्योरिटी के क्षेत्र में दुनिया की जानीमानी इटालियन कंपनी लियोनार्डो के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के घोषणा की। यह महत्वपूर्ण साझेदारी भारत में एक पूरी तरह एकीकृत हेलिकॉप्टर मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम तैयार करेगी। इससे देश की बढ़ती सैन्य ज़रूरतों को पूरा करने के साथ-साथ देश को हेलिकॉप्टर निर्माण में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी तेजी से काम होगा। भारतीय सशस्त्र बलों की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए यह कदम काफी अहम है। खासतौर पर लियोनार्डो के एडवांस एडब्ल्यू169एम और एडब्ल्यू109 ट्रैक्केरएम हेलिकॉप्टरों इसमें काफी सहायक साबित होंगे। यह सहयोग चरणबद्ध तरीके से स्वदेशीकरण, मजबूत मेंटेनेंस-रिपेयर-ओवरहॉल (एमआरओ) सुविधाएं और पायलटों के लिए व्यापक ट्रेनिंग उपलब्ध कराएगा। लियोनार्डो की विश्वस्तरीय हेलिकॉप्टर डिज़ाइन और इंजीनियरिंग क्षमता को अदाणी डिफेन्स की संपूर्ण रक्षा एवं एयरोस्पेस विशेषज्ञता के साथ जोड़कर देखा जाए तो यह पहल आत्मनिर्भर भारत के विज़न को आगे बढ़ाती है। यह पहल राष्ट्रीय रक्षा तैयारियों को मज़बूत करती है और आगे चलकर सिविल एविएशन के उपयोग और अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन से जुड़ने की भी बड़ी संभावना पैदा करती है। अदाणी डिफेंस और लियोनार्डो का साथ आना इकोसिस्टम में बड़े पैमाने पर आर्थिक बदलाव लाने की क्षमता रखता है। इससे इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स और मेंटेनेंस सेवाओं में हज़ारों हाई-स्किल जॉब्स पैदा होंगी। इसके साथ ही भारत को हेलिकॉप्टर निर्माण का एक प्रतिस्पर्धी वैश्विक केंद्र बनाने में मदद मिलेगी। अदाणी डिफेन्स एंड एयरोस्पेस के डायरेक्टर जीत अदाणी ने कहा, लियोनार्डो के साथ यह साझेदारी भारत में एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार हेलिकॉप्टर इकोसिस्टम की दिशा में एक अहम कदम है। ग्लोबल एक्सीलेंस को हमारे इंडस्ट्रियल मोमेंटम के साथ जोड़कर, हम दीर्घकालिक मूल्य सृजन, उच्च-कौशल रोज़गार और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों के अनुरूप भारत को एक ग्लोबल एयरोस्पेस पावरहाउस के रूप में स्थापित करेंगे। अदाणी डिफेन्स एंड एयरोस्पेस के सीईओ आशीष राजवंशी ने कहा, भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा आने वाले एक दशक में 1,000 से अधिक हेलिकॉप्टरों की मांग को देखते हुए, यह साझेदारी स्वदेशी निर्माण के हमारे विज़न को साकार करती है। इससे स्वदेशीकरण की गति तेज़ होगी, सप्लाई चेन मज़बूत होंगी और भारत एक विश्वस्तरीय उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित होगा। लियोनार्डो हेलिकॉप्टर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर जियान पिएरो कुटिल्लो ने कहा, अदाणी के साथ साझेदारी कर हमें बेहद खुशी हो रही है। इसके ज़रिये हम भारत की रोटरक्राफ्ट इंडस्ट्री को और मज़बूत व विस्तारित बनाने के विज़न में अपना योगदान दे पाएँगे और देश को वह आधुनिक तकनीक व संचालन क्षमता उपलब्ध कराएंगे, जिसकी उसे आवश्यकता है। हम अपनी एक-दूसरे की विशेषज्ञताओं का लाभ उठाते हुए इस पहल में आगे बढ़ने और सर्वोत्तम समाधान देने को लेकर उत्साहित हैं। यह रणनीतिक साझेदारी भारत के एयरोस्पेस परिदृश्य को नए सिरे से परिभाषित करती है, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मज़बूत करती है और देश को हेलिकॉप्टर मैन्युफैक्चरिंग और सस्टेनमेंट के लिए एक भरोसेमंद वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करती है।

## नेटफ्लिक्स ने कंटेंट लाइन-अप के साथ भारत पर फोकस किया दोगुना



**मुंबई, जेएनएन।** नेटफ्लिक्स ने भारत के लिए 2026 की अपनी कंटेंट स्लेट का अनावरण किया है। यह घोषणा ऐसे समय आई है जब स्ट्रीमिंग दिग्गज भारत में अपने 10 साल पूरे कर रहा है और जॉनर, भाषाओं व फॉर्मेट्स में बड़े स्तर पर विस्तार का संकेत दे रहा है। नेटफ्लिक्स इंडिया की वाइस प्रेसिडेंट मोनिका शेरगिल ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा, भारत में नेटफ्लिक्स के दस साल ऐसा पड़ाव नहीं हैं जिसे हम अकेले मनाएं। भारतीय कहानियां कहने का कोई एक तरीका नहीं है और न ही कोई एक दर्शक वर्ग। भारत एक देश है, जो कई 'भारतों' से मिलकर बना है। स्लेट में स्थापित फिल्ममेकर्स और बड़े सितारों के साथ-साथ उभरते क्रिएटर्स को भी जगह दी गई है। इसमें वॉर ड्रामा, क्राइम थ्रिलर, रोमांस, कॉमेडी, फैमिली नैरेटिव्स और अनस्क्रिप्टेड फॉर्मेट्स शामिल हैं। शेरगिल ने कहा, हमारी महत्वाकांक्षा है। एक-एक कहानी के जरिए भारत का उत्सव मनाना, उसका मनोरंजन करना और उसे सलाम करना। प्रमुख हिंदी टाइटल्स में ऑपरेशन सफेद सागर शामिल है, जो कारगिल युद्ध में भारतीय वायुसेना की भूमिका को दर्शाता है। अन्य हाइलाइट्स में नीना गुप्ता अभिनीत स्लाइस-ऑफ-लाइफ सीरीज चुंबक, निलांजना पुरकायस्थ की रोमांटिक थ्रिलर ये दिल सुन रहा है, नीरज पांडे की घूसखोर पंडित, जिसमें मनोज बाजपेयी हैं।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील से हीरा उद्योग में लौटी चमक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत-अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते से रत्न एवं आभूषण उद्योग में खुशी की लहर दौड़ गई है। रत्न एवं आभूषण कारोबारियों को उम्मीद है कि इस समझौते से व्यापार बढ़ेगा, विश्वास फिर से बनेगा और पूरे क्षेत्र को एक मजबूत बढ़ावा मिलेगा। भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापार समझौते पर सहमति बनी है जिसके तहत अमेरिका भारतीय सामान पर जवाबी शुल्क को घटाकर 18 फीसदी कर देगा। व्यापार समझौते की सबसे ज्यादा खुशी मुंबई के बीकेसी में स्थिति एशिया के सबसे बड़े डायमंड मार्केट भारत डायमंड ब्रूश में देखने को मिल रही है। अमेरिकी टैरिफ की चलते पिछले करीब पांच महीनों से भारतीय हीरा उद्योग में ग्रहण लग गया था। हीरा कारोबारियों की कहना है कि ब्रूश के अंदर काम बुरी तरह प्रभावित हुआ था, सबसे बड़े बाजार अमेरिका से व्यापार प्रभावित होने के कारण हीरे के कई कारखाने बंद करने पड़े थे, कारोबारियों को मजबूरी में कम कीमत पर माल बेचना पड़ रहा था, लेकिन इस समझौते से अमेरिकी बाजार खुल जाएंगे जिससे एक बार फिर से भारतीय हीरे की चमक वैश्विक बाजार को गुलजार करेगी। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष किरिट भंसाली ने कहा कि शुल्क को घटाकर 18 फीसदी करने से अमेरिकी आयातकों के लिए लागत कम होगी।

## बैंक और एमपीआईडीसी के साथ 3.57 करोड़ की धोखाधड़ी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** कारोबार को बढ़ाने के लिए बैंक से करोड़ों का लोन लेकर उसका दुरूपयोग करने के आरोप में इंदौर की कंपनी यशास एफआरपी मैन्युफैक्चरिंग एलएलपी के संचालक पति-पत्नी के खिलाफ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की इंदौर यूनिट ने केस दर्ज किया है। ईओडब्ल्यू ने बैंक ऑफ बड़ौदा और मप्र औद्योगिक केंद्र विकास निगम के साथ 3.57 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में संचालकों संजय गुप्ता और शालिनी गुप्ता के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 409 और 120 बी के तहत एफआईआर दर्ज की है। फर्म के संचालकों ने बैंक ऑफ बड़ौदा से टर्म लोन, वर्किंग कैपिटल, कैश क्रेडिट एवं एक्सपोर्ट पैकेजिंग क्रेडिट के रूप में 2013 से 2015 तक कुल 11.05 करोड़ रुपए का ऋण मंजूर कराया था। इस लोन का उपयोग केवल व्यापार और निर्यात के लिए होना था। लेकिन बिजनेस में इन्वेस्ट करने के बजाय लोन की बड़ी रकम कैश के रूप में निकाली गई।

## चित्रकूट में सीवरेज परियोजना के कार्यों में तेजी, मुख्य अभियंता ने दिए समयबद्ध निर्देश



**रीवा।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा चित्रकूट नगर में सीवरेज परियोजना के अंतर्गत कार्य तेज़ी से प्रगति पर है। परियोजना की प्रगति की समीक्षा हेतु मुख्य अभियंता शैलेन्द्र शुक्ला द्वारा सीवरेज परियोजना, चित्रकूट का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भरत घाट आईपीएस के पंप हाउस का स्लैब कार्य 10 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही भरत घाट आईपीएस से संबंधित समस्त कार्य, जिसमें इनलेट चेंबर, पंप इंस्टॉलेशन एवं राइजिंग मेन शामिल हैं, 28 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वहीं एसबीआर आधारित एसटीपी के निर्माण कार्य को छह माह की अवधि में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य अभियंता ने कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा निर्धारित समय-सीमा का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया, जिससे चित्रकूट नगर को सुव्यवस्थित सीवरेज सुविधा उपलब्ध कराई जा सके और स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिले।

## भोपाल में सुबह 50 मीटर विजिबिलिटी रात होते ही शुरू हुआ ठंडी हवा का दौर

**नगर संवाददाता, भोपाल।** पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। मंगलवार को भोपाल में घना कोहरा छाया था, जिस कारण सुबह छह बजे से सात बजे के बीच विजिबिलिटी महज 50 मीटर रह गई थी। यानि सड़क पर सिर्फ 50 मीटर तक ही दिखाई दे रहा था। अन्य जिलों में भी विजिबिलिटी कम हुई, लेकिन भोपाल के मुकाबले बहुत कम। राजधानी भोपाल में जहां सुबह के समय घना कोहरा छाया हुआ था, वहीं रात होते होते ठंडी हवाओं का दौर भी चल पड़ा। इससे शहर का तापमान गिरने लगा। मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार बुधवार से भोपाल में रात का पारा कुछ नीचे जाएगा, जबकि दिन के तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। मंगलवार को भोपाल में दिन का अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री और रात का न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री रहा।

**आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत:** अलग-अलग जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की जान चलीग गई है। प्रदेश के शिवपुरी जिले में एक झोपड़ी पर बिजली गिरने से किसान की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं छतरपुर जिले के भगवा थाना क्षेत्र के ग्राम पठिया में खेत से लौटते समय 25 वर्षीय लखन लोधी पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### ग्वालियर-मंदसौर में गिरे ओले, फसलों को नुकसान की आशंका

ग्वालियर और मंदसौर में ओलावृष्टि हुई, जिससे फसलों को नुकसान पहुंचा है। भोपाल, भिंड, छतरपुर, राजगढ़, आगर-मालवा और गुना समेत 8 जिलों में बारिश दर्ज की गई। रायसेन में सुबह ओस की बूंदें जम गईं। कोहरे का असर उज्जैन, मुरैना, देवास, धार, इंदौर, नर्मदापुरम, रतलाम, श्योपुर, शिवपुरी, दतिया और ग्वालियर सहित कई जिलों में रहा। भोपाल और सीहोर में दृश्यता घटकर 50 मीटर तक पहुंच गई। खराब मौसम के कारण दिल्ली से भोपाल और इंदौर आने वाली कई ट्रेनें अपने तय समय से देरी से चल रही हैं। मौसम विभाग ने भोपाल, ग्वालियर, रीवा समेत 20 जिलों में मावठा गिरने का अलर्ट जारी किया है। भोपाल मौसम केंद्र से मिली जानकारी अनुसार मौसम में बदलाव के कारण आसमान पर बादल छाए हुए हैं। उत्तर भारत जैसे हिमालयी क्षेत्र में बर्फबारी हो रही है। वहां से ठंडी हवाएं मप्र के मैदानी क्षेत्रों में पहुंच रही हैं। बुधवार से आसमान साफ होने की संभावना है, जिससे बादल छंट जाएंगे। बादल हटने से रात के तापमान में गिरावट आएगी। इससे ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग का कहना है कि जब सिस्टम वापस लौटेगा तो ठंड का असर एक दौर और आएगा। प्रदेश में दिन-रात के तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, पहले ही सप्ताह में पश्चिमी विक्षोभ का असर रहेगा। शुरुआत 4 दिन तक बारिश होने की संभावना है। 2 और 5 फरवरी को फिर से नए वेस्टर्न डिस्टरबेंस की एक्टिविटी देखने को मिलेगी।

## पतंजलि में हुआ 'योगा ओलंपियाड ओरिएंटेशन एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम'



**हरिद्वार।** पतंजलि अनुसंधान संस्थान एवं वेलनेस, हरिद्वार में 'योगा ओलंपियाड ओरिएंटेशन एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम' का नौ दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का पतंजलि अनुसंधान संस्थान एवं वेलनेस में संपन्न हुआ। 22 से 30 जनवरी तक चला प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा। यह कार्यक्रम योगदर्शन, मनोविज्ञान एवं आध्यात्मिकता पर आधारित था, जो आंतरिक शांति एवं आध्यात्मिक चिंतन की दिशा प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग सिक्किम सरकार के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास, समानता एवं योग के व्यापक प्रसार को बढ़ावा देना रहा। शुभारंभ मेडिटेशन, शंख वादन और हवन पूजन से हुआ। अध्यक्षता करते हुए आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि योग प्राचीन भारत की एक समग्र शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक साधना है। इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि नेचुरोपैथी अर्थात प्राकृतिक चिकित्सा एक औषधि-रहित उपचार पद्धति है, जो शरीर की स्वाभाविक उपचार क्षमता को सक्रिय करती है। इसमें संतुलित आहार, जड़ी-बूटियाँ, जल एवं मिट्टी चिकित्सा, योग, प्राणायाम, उपवास, सूर्य चिकित्सा एवं एक्यूपंक्चर के माध्यम से रोगों के मूल कारणों का उपचार किया जाता है। उन्होंने पतंजलि एवं सिक्किम सरकार के संयुक्त प्रयासों की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधियों के रूप में श्री अधिकारी एवं जामयांग भूटिया उपस्थित रहे। समापन अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें प्रतीक-चिह्न एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# अड़गड़ नाथ धर्मस्थली के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए किया सात दिवसीय अनशन

## 27 जनवरी से प्रारंभ भूख हड़ताल 02 फरवरी को हुई समाप्त एसडीएम से मिला अनशनकारियों को मांग पूरी करवाने का अश्वासन




**चिल्ला, नि.प्र.।** अड़गड़ नाथ धर्म स्थली की सौंदर्यीकरण और विकास की मांग को लेकर अड़गड़ नाथ धाम सोहागी पहाड़ में 27 जनवरी से 02 फरवरी तक चला सांकेतिक क्रमिक अनशन का आयोजन किया गया। स्थानीय निवासियों ने संवाददाता को बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार यह धाम बहुत ही पवित्र तथा प्रतापी है। आम जनमानस एवं भक्तजनों के प्रयास से मंदिर का विस्तार होता गया किन्तु लोगों का कहना है कि उस समय के तत्कालीन राजाओं, महराजाओं के द्वारा अति सिद्ध एवं दिव्य अड़गड़ नाथ धाम के विकास और सौंदर्यीकरण का काम नहीं किया गया और राजाओं महराजाओं के बाद शासन प्रशासन के द्वारा भी अड़गड़ नाथ धाम को नजर अंदाज किया जाता रहा है। अड़गड़ नाथ की कृपा का बखान करते हुए श्रद्धालु बताते हैं कि जो भी श्रद्धालु दर्शन करके अपनी मनोकामना व्यक्त करता है सभी की मनोकामना पूर्ण होती है। ऐसे शक्ति स्वरुप शंकर भगवान की महान महिमा होने के बाद भी शासन प्रशासन की नजर नहीं पड़ी इस ओर जिसके लिए राज बहादुर सिंह मजनू भाई ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी त्योंथर के माध्यम से मुख्यमंत्री को दिनांक 23 जनवरी 2026 को पत्र प्रस्तुत कर पूर्व से निर्धारित 27 जनवरी 2026 से सात दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल पर अड़गड़ नाथ धाम में बैठ कर शासन प्रशासन की नजर इस ओर केंद्रित कराने के लिए भक्त जन मजबूर हो चुके है।

### ये हैं प्रमुख मांग

भक्त जनों की मुख्य मांग है कि अड़गड़ नाथ धाम का सौंद्रयीकरण कराया जाय। अड़गड़ नाथ धाम तक टमस नदी से पानी की सप्लाई पहुंचाई जाय। अड़गड़ नाथ धाम में धर्मशाला निर्माण कराया जाय। तथा गौशाला निर्माण कराया जाय। अड़गड़ नाथ धाम के नाम से जो जमीन है उसे चिन्हित कराकर बाउंड्री कराई जाय क्योंकि अड़गड़ नाथ धाम हाइवे नंबर 30 से जुडा है। और दसों हजार लोग प्रति दिन उस स्थान में आते जाते हैं।

### एसडीएम के अश्वासन से समाप्त किया अनशन

अनशनकारियों ने संवाददाता को बताया कि आज सात दिवस की सांकेतिक क्रमिक भूख हड़ताल का निर्धारित समय पूरा हुआ। जहाँ पर एसडीएम त्योंथर अपर कलेक्टर पीएस त्रिपाठी पहुंच कर समस्याओं को सुनें और स्थल निरीक्षण किये और मांगे पूरी करवाने का विश्वास दिला कर अनसन समाप्त करवाए। अश्वासन के बाद अनशन समाप्त हुआ। अनशनकरियों ने राजबहादुर सिंह मजनू के नेतृत्व में अनुविभाय अधिकारी अधिकारी को पुनः ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया कि अगर शासन प्रशासन ने समय से मांग नहीं पूरी किये तो आगे अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल करने के लिए हम सब बाध्य होंगे।

### अनशन में यह रहे शामिल

27 जनवरी से अनशन करने वालों में राम नारेश सिंह, दयानन्द मिश्रा, रामसागर दीपानकर, छोटे लाल वर्मा पार्षद प्रियंका राजबहादुर सिंह, मजूला सिंह, रजनीकांत दुवेदी, विष्णुपाल सिंह, दिनेश सिंह, रबीराज यादव, गजेंद्र यादव, ओमप्रकाश सिंह, रमेश, हरी लाल आदि शामिल रहे।

# भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ ने जनसमस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## समस्याओं का त्वरित निराकरण करने किया मांग



**सिरमौर, नि.प्र.।** ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ अध्यक्ष नित्कर्ष मिश्रा के नेतृत्व में एक सैकड़ा छात्रों युवाओं ने सिरमौर एसडीएम को क्षेत्रीय समस्याओं को ज्ञापन सौंपकर त्वरित निराकरण की मांग किया है। छात्रों को पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय के नेतृत्व में नगर कांग्रेस का भरपूर समर्थन रहा। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ ने अपने मांग पत्र मे तमाम गौशालाओं के बावजूद सड़कों में अबारा घूम रहे गौवंश के संरक्षण की मांग करते हुए गौशालाओं में व्यापक भ्रष्टाचार की जांच करने की मांग किया है। मांग पत्र मे कहा गया है कि गौरक्षा की दुहाई देने वाली सरकार में सैकड़ों गोवंश रोज सड़क दुघर्टना में मारे जा रहे हैं। किसानों की फसलें भी नष्ट हो रही हैं। सड़कों में अबारा घूम रहे गौवंश के लिए जरूरत के अनुसार नई गौशालाएं संचालित की जायें। अवारा पशुओं से नष्ट हुई फसल का किसानों को मुआवजा दिया जाए। सिरमौर क्षेत्र में पानी, बिजली तथा खाद की उपलब्धता चिंताजनक है। जब फसलों को जरूरत होती है तब नहर बन्द हो जाती है। मनमानी बिजली कटौती जारी है। खाद की समस्या निरंतर बनी रहती है। मांग पत्र मे महिलाओं की सुरक्षा को चिंताजनक बताते हुए कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने को कहा गया है। पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही नहीं किए जाने से असमाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। सुधार किया जाय। कांग्रेस पार्टी की ओर से बृजेश पाण्डेय, पूर्व परिषद अध्यक्ष कमलेश कुशवाहा, पूर्व पार्षद लल्लू लोधी, पूर्व परिषद अध्यक्ष राम नरेश बढ़ई, पूर्व पार्षद राम प्रकाश साकेत, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमृतांश तिवारी, रामकृष्ण गौतम, जय प्रकाश मिश्रा, अनिल द्विवेदी, केशव तिवारी, राम करण मिश्रा, सतीश चतुर्वेदी, राम सूरत द्विवेदी, उदय प्रकाश पाण्डेय, देवम द्विवेदी, स्वामी सुशीलानंद, रवि गुप्ता, सुरेश द्विवेदी, अरविंद मिश्रा, राम सिया साकेत, बांके लाल शुक्ला, अनूप सिंह, सिद्धार्थ मिश्रा, राकेश पाण्डेय,शामिल रहे। ज्ञापन पत्र सौंपने वालों में उत्कर्ष मिश्रा के साथ राजीव मिश्रा, आदित्य सिंह, पुनीत मिश्रा, राजवेन्द्र शुक्ला, आदर्श मिश्रा, सौरभ तिवारी, शिवांग अग्निहोत्री सहित एक सैकड़ा छात्र शामिल रहे।

# गेंहू उपार्जन के दौरान समस्याओं के निराकरण हेतु जिला स्तरीय उपार्जन समिति गठित

**मऊगंज ब्यूरो।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन 7 फरवरी से 7 मार्च तक किया जायेगा। पंजीयन एवं उपार्जन के दौरान प्राप्त समस्याओं के निराकरण एवं पर्वेक्षण के लिए कलेक्टर संजय कुमार जैन द्वारा जिला स्तरीय उपार्जन समिति गठित की है। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे तथा सदस्य सचिव जिला आपूर्ति अधिकारी को बनाया गया है। समिति में जिला अग्रणी प्रबंधक, उप संचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, जिला सूचना अधिकारी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जिला विपणन अधिकारी, जिला मुख्यालय के एमपी डब्ल्यूसीएल शाखा प्रबंधक, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, अधीक्षक भू अभिलेख एवं सचिव कृषि उपज मंडी को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है।

# जनसमस्याओं से निजात दिलाने उप मुख्यमंत्री से मिले धीरज शुक्ला



**सोहागी, नि.प्र.।** वरिष्ठ भाजपा नेता मलपार गांव निवासी धीरज शुक्ला ने उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान त्योंथर क्षेत्र के विकास, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, सड़क, पेयजल और लंबित निर्माण कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। धीरज शुक्ला ने ग्रामीण अस्पतालों में संसाधन बढ़ाने, त्योंथर सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की नवीन पदस्थापना और आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग रखी। उन्होंने डिप्टी सीएम को त्योंथर दौरे का न्यौता भी दिया। उपमुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए जल्द क्षेत्र भ्रमण की बात कही।

# नहीं सुधरी रही त्योंथर अस्पताल की व्यवस्था, शिकायतों के बाद भी प्रशासन उदासीन

**सोहागी, नि.प्र.।** त्योंथर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों अव्यवस्था, लापरवाही और मनमानी का खुला अड्डा बनने के आरोप लगे हैं। क्षेत्रीय जनता का आरोप है कि बीएमओ की कथित तानाशाही ने अस्पताल की व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। जिम्मेदार अधिकारी रीवा में बैठकर कागजों में मॉनिटरिंग कर रहे हैं, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि अस्पताल भगवान भरोसे चल रहा है और मरीज बदहाली झेल रहे हैं। सबसे गंभीर आरोप डॉक्टरों की कार्यशैली पर है। ओपीडी के समय कई डॉक्टर निजी क्लिनिकों में मरीज देख रहे हैं, जबकि सरकारी अस्पताल में दूर-दराज से आए गरीब मरीज घंटों लाइन में खड़े रहकर इंतजार करते हैं। कई मरीज बिना इलाज लौटने को मजबूर हो जाते हैं। अस्पताल, जो गरीबों के लिए आखिरी उम्मीद होना चाहिए, वहां उपेक्षा और अव्यवस्था का राज दिख रहा है। स्थानीय निवासियों ने संवाददाता को बताया कि मामले को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान भी आकृष्ट कराया जा चुका है, लेकिन अब तक न जांच हुई, न जिम्मेदारी तय हुई। इससे साफ है कि शिकायतें फाइलों में दबाई जा रही हैं और सिस्टम खुद को बचाने में लगा है। क्षेत्र में गुस्सा खुलकर सामने आने लगा है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो सड़क से लेकर दफ्तर तक बड़ा जनआंदोलन होगा।

# सरस्वती उमावि देवतालाब के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में लोक संस्कृति का रहा समागम

## विधायक गिरीश गौतम के मुख्यआतिथ्य में हुआ सम्पन्न




**मऊगंज ब्यूरो।** सरस्वती ज्ञान मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवतालाब का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मुख्य अतिथि गिरीश गौतम की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुई। पूजा अर्चना पश्चात अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण द्वारा किया गया व क्रमशः सभी अतिथियों, विशिष्ट अतिथि शिवपूजन शुक्ल, सुरेन्द्र सिंह चंदेल, अध्यक्ष रामलखन यादव पूर्व सरपंच के द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रबंधक जगदीश सिंह यादव द्वारा बच्चों को और अधिक परिश्रम करने पर बल दिया गया व विद्यालय के विभाग प्रमुख रूप सिंह यादव की तरफ से अभिभावकों को सजग रहकर बच्चों के भविष्य को संवारने में तत्पर रहने हेतु आव्हान किया गया। वहीं विधायक गिरीश गौतम ने अपने उद्बोधन में बच्चों अच्चे आचरण एवं व्यवहार के साथ अपना एवं अपने माता-पिता, गांव समाज, स्कूल एवं देश का नाम रोशन करने की समझाइस की गई तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विधायक ने बच्चों के नाट्य मंचन सत्यवादी हरिश्चन्द्र नाटक को देखकर भावुक होने पर बच्चों की दिल खोलकर प्रशंसा की और ऐसे आदर्शवादी नाटकों को दिखाने हेतु संगीताचार्य व छात्रों के प्रस्तुति की सराहना की साथ ही प्रत्येक प्रतिभागी छात्रों को 5000-5000रू. इनाम स्वरूप देने की घोषणा की और विद्यालय के नये भवन में ट्रांसफार्मर सहित विद्युत कनेक्सन करवाने की घोषणा की। जिस पर विद्यालय परिवार ने उनका आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सरपंच शिवपुरा मुस्ताक भाई ने बड़े जोस-खरोस व शेरों शायरी के साथ किया।

### इनकी रही उपस्थिति

कायक्रम में प्रियांशी गुप्ता, कोमल, अंजली, स्वाती, श्रुती तिवारी, शालनी गुप्ता, पूर्णिमा गुपता, सुरभी गुप्ता, राजनी गुप्ता व राजस्थानी नृत्य में भाग लेने वाले महक, रिमझिम द्विवेदी, करिश्मा पटेल आदि प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान छात्र अभिभावकगण, संभ्रांत वरिष्ठजनों के साथ विद्यालय के शशिकांत श्रीवास्तव, इन्द्रमणि तिवारी, सुरेन्द्र नामदेव, रोहित पटेल, अखिलेख पटेल, डीपी यादव, वंदना मिश्रा, आशा तिवारी, कल्पना पटेल आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाई।

# मिनर्वा हॉस्पिटल के स्वास्थ्य शिविर का 800 लोगों ने उठाया लाभ



**आंचलिक डेस्क।** मिनर्वा हॉस्पिटल द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में समाज के कमजोर वर्गों को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के प्रत्येक सप्ताह बड़े पैमाने पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाकर पीड़ित जनों का जांच उपरांत आवश्यक दवा निःशुल्क वितरित किए जाने का कार्य किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में गत दिवस मऊगंज जिले के ग्राम गौरी में मिनर्वा द मेडिसिटी हॉस्पिटल और भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा मऊगंज के सहयोग से निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मिनर्वा हॉस्पिटल के डायरेक्टर द्वय डॉक्टर शिरीष मिश्रा हृदय रोग विशेषज्ञ व डॉक्टर धर्मेश पटेल बाल्य एवं हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर विमल सिंह अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर अभिषेक सिंह कैंसर रोग विशेषज्ञ व हॉस्पिटल की मेडिकल टीम ने क्षेत्र के लगभग 800 लोगों का निःशुल्क जांच उपचार कर परामर्श के साथ हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस दौरान हृदय रोग, हड्डी रोग, कैंसर रोग सहित सामान्य रोग, और सर्जरी जैसी विशेषज्ञ सेवाएं, निःशुल्क दवाएं और जांच, आयुष्मान भारत के तहत उपचार, और जरूरतमंदों को निःशुल्क सर्जरी/ऑपरेशन की सुविधा प्रदान किए जाने की सलाह दी गई। तथा शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा मधुमेह, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ दवाइयां प्रदान की गई। इस दौरान मिनर्वा हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर धर्मेश पटेल ने कहा कि हॉस्पिटल द्वारा जागरूक समाजसेवियों के आग्रह व सहयोग से आगे भी ऐसे कैंप का आयोजन जन स्वास्थ्य के लिए करने हेतु प्रतिबद्ध है।

# अधिवक्ता संघ ने जवा में व्यवहार न्यायालय खुलवाये जाने की रखी मांग

## कलेक्टर के नाम तहसीलदार जवा को सौंपा ज्ञापन

**जवा ब्यूरो।** अधिवक्ता संघ जवा द्वारा अनुभाग जवा में व्यवहार न्यायालय खोले जाने हेतु कलेक्टर के नाम का ज्ञापन तहसीलदार जवा को सौंपा गया। इस संबंध में अधिवक्ता संघ जवा के अध्यक्ष शिवमणि त्रिपाठी ने संवाददाता को बताया कि तहसील,अनुभाग जवा में शासन की मंशा के अनुसार व्यवहार न्यायालय स्थापित किया जाना है,जिसकी सारी कार्यवाही पूरी हो चुकी है। त्वरित न्यायालय खोले जाने हेतु सीएफटी भवन जनपद पंचायत जवा द्वारा प्रदान कर दिया गया है। जिसकी अनुशंसा अनुविभागीय अधिकारी जवा द्वारा प्रदान कर जिला कलेक्टर रीवा को तीन वर्ष पूर्व भेज दिया गया है। जिसके परिपालन में जिला सत्र न्यायालय रीवा द्वारा बार बार कलेक्टर रीवा को पत्राचार किया गया है परंतु कलेक्टर रीवा के यहाँ से किसी प्रकार की कार्यवाही नही किया जा रहा है।अधिवक्ता संघ जवा के द्वारा भी कई बार जिला कलेक्टर रीवा से निवेदन किया गया लेकिन आश्वासन के अलावा तीन साल से कुछ नहीं मिला। जिससे मजबूर होकर अधिवक्ता संघ जवा के द्वारा दिनाँक 2.2.2026 को जवा में व्यवहार न्यायालय खोले जाने हेतु समर्थन में नारे लगाते हुए बाजार में पैदल मार्च निकाला गया एवं कलेक्टर के नाम तहसीलदार जवा को ज्ञापन सौंपा गया है साथ ही निवेदन किया कि अगर 15 दिवस के अंदर कार्यवाही नहीं की गई तो मजबूर होकर अधिवक्ता संघ जवा जन सहयोग से क्रमिक धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा।

**ये रहे शामिल :** इस अवसर पर अधिवक्ता संघ जवा के अध्यक्ष शिवमणि त्रिपाठी, सचिव श्रवण कुमार चौरसिया, रामरतन गुप्ता, दिनेश सिंह, रमेश द्विवेदी, राधेश्याम तिवारी, बृजेश द्विवेदी, रामनारायण मिश्र, उमेश तिवारी, बी.के. पांडेय, के.के.तिवारी, सिराजुद्दीन सिद्दीकी, कमलचंद्र शर्मा, रमाकांत पांडेय, अभिलाष त्रिपाठी, शांति कुमार दुबे मानेंद्र तिवारी, राजनाथ जायसवाल ,शिवकुमार मिश्रा, रविशंकर मिश्रा रमाशंकर दुबे पन्नालाल गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, केशव सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, रविशंकर मिश्रा, राजेश सिंह, अश्विनी कुमार दुबे, शिव बहादुर सिंह अनिल कुमार द्विवेदी, समाजसेवी किसनलाल गुप्ता ने भी जिला कलेक्टर रीवा से आम जनमानस के हित में जवा में व्यवहार न्यायालय खुलवाये जाने की मांग की है।

# त्योंथर विधायक ने किया बदौली में सड़क का लोकार्पण व भूमिपूजन



**त्योंथर ब्यूरो।** विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने सोमवार को बौना कोठार पंचायत के बदौली में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया। विधायक ने बौना से महेदवा रोड के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। यह मार्ग क्षेत्र के ग्रामीणों के आवागमन को सुगम बनाएगा। बदौली-खैरियन रोड का लोकार्पण कर इसे जनता को समर्पित किया गया। लंबे समय से इस मार्ग की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। इस अवसर पर सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि त्योंथर विधानसभा का विकास ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, सड़कों का जाल बिछाने से न केवल आवागवन में आसान होती है, बल्कि व्यापार और समृद्धि के द्वार भी खुलेंगे। हम मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में हर गांव को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए संकल्पित हैं। विधायक ने कहा, आज का दिन बदौली और आसपास के क्षेत्रों के लिए प्रगति का नया अध्याय है। बौना से महादेव रोड का निर्माण गांवों को जोड़ने वाली जीवनरेखा साबित होगी। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि विकास की यह गति रुकने वाली नहीं है और क्षेत्र की हर जायज मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में गंगा द्विवेदी, जन उपाध्यक्ष अंजना सुधीर सिंह, मंडल अध्यक्ष समीर सिंह, ग्राम पंचायत सरपंच कृष्णा कुमारी पांडेय समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# महाकाल इलेवन को हराकर ढेरा इलेवन बना गढ़ प्रीमियर लीग-3 का विजेता

## सिद्धार्थ तिवारी ने किया खिलड़ियों को ट्रॉफी व पुरस्कार का वितरण




**जागरण, रीवा।** भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने गढ़ प्रीमियर लीग के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों के आयोजन से जहां एक दूसरे से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है, वहीं खेलों के माध्यम से आपसी प्रेम एवं सदभाव की भवना को बढ़ावा मिलता है। श्री तिवारी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल आपस में प्रतिस्पर्धा रखते हुए आगे बढ़ने को सबसे सशक्त माध्यम है। श्री तिवारी मंगलवार को गढ़ में आयोजित क्रिकेट प्रतयोगिता के फायनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर समाजसेवी धर्मेन्द्र मिश्रा मौजूद रहे। जिले के गढ़ के खेल मैदान पर आयोजित गढ़ प्रीमियर लीग (जीपीएल) सीजन-3 का फाइनल मुकाबला खेल प्रेमियों के लिए यादगार बन गया। फाइनल में ढेरा इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महाकाल इलेवन रीवा को 19 रनों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। मैच के बाद मैदान पर जीत का जश्न देखने लायक रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ढेरा इलेवन की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाकाल इलेवन रीवा की टीम 18.5 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। ढेरा इलेवन के गेंदबाजों ने दबाव में शानदार प्रदर्शन कर टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। फाइनल मुकाबले के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में त्यौंथर विधानसभा के विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने विजेता टीम ढेरा इलेवन को चमचमाती ट्रॉफी सहित 61000 रुपये का चेक एवं अन्य पुरस्कार प्रदान किया। वहीं उपविजेता टीम महाकाल इलेवन रीवा को ट्रॉफी के साथ 41000 रुपये का चेक सौंपा। इसके साथ ही उनके द्वारा खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। विधायक श्री तिवारी ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच प्रदान करते हैं। टूर्नामेंट आयोजन में आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। आयोजन समिति में रवि मिश्रा आरटीओ एवं राहुल मिश्रा ने मुख्य संरक्षक की भूमिका निभाई। मैदानी अंपायर के रूप में प्रदीप ओझा, नरेंद्र पटेल, सोनू सिंह, अजय पाण्डेय ने सराहनीय कार्य किया। डिजिटल स्कोरिंग में युवराज सिंह (पम्पम) एवं हेमंत मिश्रा (सीटू), सीट स्कोरिंग में लक्की मिश्रा ने अच्छा सहयोग किया। वहीं कमेंटेटर के रूप में संजीव पाण्डेय, अतुल तिवारी, प्रशांत मिश्रा, शिवम सिंह एवं पंकज मिश्रा ने अहम योगदान दिया। कमेटी के प्रमुख सदस्यों में हरिहर प्रसाद पटेल उर्फ भगत सिंह, अनुज मिश्र निक्की, निलेश मिश्र लब्बू, प्रिंस, अखिलेश्वर पुरी, उमेश कुशवाहा, संतोष, जीतेंद्र, विजय, दिलीप, पयासी, हीरू, छोटले, अन्य कमेटी सदस्यों एवं ग्रामवासियों के समन्वय से टूर्नामेंट का सफल आयोजन संभव हो सका। हजारों की संख्या में पहुंचे दर्शकों ने खिलाड़ियों का अच्छा उत्साहवर्धन किया।

## न्यूज कार्नर

### फिर शुरू हुई त्योंथर विधायक की जनसुनवाई

**त्योंथर ब्यूरो।** विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने विश्राम भवन त्योंथर में जनता की समस्याओं को सुना। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण और मतदाता सूची के शुद्धिकरण अभियान के कारण विधायक एवं क्षेत्रीय प्रशासन की व्यस्तता इस महत्वपूर्ण संवैधानिक कार्य में अधिक थी, जिस वजह से नियमित जनसुनवाई अस्थायी रूप से स्थगित थी । अभियान के पूर्ण होते ही विधायक ने पुनः जनता के बीच पहुँचकर उनकी समस्याओं के समाधान का सिलसिला शुरू कर दिया है। विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने राजस्व विभाग,विद्युत विभाग, पेय जल ,प्रधानमंत्री आवास समेत स्थानीय सड़कों की समस्याओं को सुनकर समाधान के निर्देश दिए और कई समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित किया । जनसुनवाई के दौरान एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी, जनपद सीईओ प्रवीण बसोड़, तहसीलदार राजेंद्र शुक्ल, एमपीईबी डीई आशीष बेन, एई उमाशंकर द्विवेदी नगर सीएमओ अजय पांडेय समेत विभिन्न विभागों अधिकारी एवं बड़ी क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्ति पर प्राथमिक शिक्षक शालिक राम तिवारी को दी गई समारोहपूर्वक विदाई



**नईगढ़ी, नि.प्र.।** नईगढ़ी जनपद शिक्षा केन्द्र अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला उमरिया लखन खोरिहान में सोमवार को प्राथमिक शिक्षक एवं पूर्व प्रधानाध्यापक शालिक राम तिवारी के सेवानिवृत्ति उपरांत विदाई एवं सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े शिक्षक, सेवानिवृत्त शिक्षक, छात्र एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। श्री तिवारी ने 13 अगस्त 1997 से 31 जनवरी 2026 तक लगभग 28 वर्षों तक शिक्षा विभाग में सेवाएँ दीं। अपने दीर्घ सेवाकाल में उन्होंने शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक के रूप में विद्यालय के शैक्षणिक विकास, अनुशासन और शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करने में उल्लेखनीय योगदान दिया। समारोह में प्रमुख रूप से कमला शंकर मिश्रा, राम अवतार शर्मा, अशोक सिंह पटेल, पवन वंशकार, सहित अन्य की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन विद्यानंद शर्मा ने किया। समारोह के अंत में श्री तिवारी को शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम भावनात्मक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### राजबहोर वर्मा को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित



**दुआरी, नि.प्र.।** दुआरी निवासी राजबहोर वर्मा 30 जनवरी 2026 को देश की राजधानी दिल्ली से एनबीसीसी में सिक्योरिटी इंचार्ज सुपरवाइजर एवं स्टोर इंचार्ज पद से सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर सेन समाज सहित क्षेत्र में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ गई। उन्होंने 41 वर्षों से अधिक की निष्ठावान, ईमानदार और संघर्षपूर्ण सेवाओं के बाद सेवानिवृत्ति प्राप्त की। वे पब्लिक सेक्टर एम्प्लाइज नेशनल कन्फेडरेशन के केंद्रीय सदस्य रहे तथा केंद्रीय सीएमएस के पदाधिकारियों के साथ भी सक्रिय भूमिका निभाई। सेवानिवृत्ति के पश्चात जब राजबहोर वर्मा रीवा रेलवे स्टेशन पहुँचे, तो वहाँ सेन समाज संगठन, आर्मी के पूर्व कप्तान एस.आर. नापित, रीवा वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद, समाज के सभी पदाधिकारी एवं सैकड़ों समाजजनों ने उनका बैंड-बाजे के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया। स्वागत समारोह में उत्साह ऐसा था कि समाज के पदाधिकारी ढोल-नगाड़ों की धुन पर झूमते नजर आए। पूरे स्टेशन परिसर में सम्मान और उल्लास का दृश्य देखने लायक था।

### न्यूरोलॉजिस्ट शिविर में 98 मरीज हुए लाभान्वित

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज सिविल अस्पताल में आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। अस्पताल परिसर में न्यूरोलॉजिस्ट का विशेष शिविर आयोजित किया गया, जिसमें करीब 98 मरीजों की जांच कर उनका उपचार किया गया। इस दौरान मरीजों को उनकी बीमारी से संबंधित विस्तृत जानकारी भी दी गई, जिससे वे अपने स्वास्थ्य को लेकर अधिक जागरूक हो सकें। विशेष शिविर में सिरदर्द, मिर्गी, लकवा, नसों से जुड़ी समस्याओं सहित अन्य न्यूरोलॉजिकल रोगों से पीड़ित मरीजों ने परामर्श लिया। बीएमओ ने बताया कि मऊगंज सिविल अस्पताल में समय-समय पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिल सके।

# बेखौफ बल्लेबाजी, बड़े शॉट लगाने की क्षमता के कारण टीम इंडिया विश्व कप में सबसे आगे

## अक्टूबर 2023 के बाद से भारत ने जीते 48 टी-20 मैच, जीत के मामले में ऑस्ट्रेलिया दूसरे नंबर पर

जेएनएन, नई दिल्ली

अक्टूबर 2023 के बाद से टी-20 क्रिकेट में टीम इंडिया का जो दबदबा रहा है, उसे आंकड़ों की जुबानी बेहतर समझा जा सकता है। इस दौरान भारत ने 48 मैचों में जीत का परचम लहराया है और महज आठ मुकाबलों में उसे हार का स्वाद चखना पड़ा। इसमें सुपर ओवर के नतीजे शामिल नहीं हैं, जहां भारत का रिकॉर्ड 3-0 का रहा है। इसी प्रचंड फॉर्म के साथ भारत सात फरवरी से शुरू होने जा रहे आईसीसी टी-20 विश्व कप 2026 के मैदान में उतरेगा और साफ तौर पर खिताब का सबसे बड़ा दावेदार होगा। दिग्गजों की फेहरिस्त में ऑस्ट्रेलिया दूसरे नंबर पर जरूर है, लेकिन उसका जीत-हार का अनुपात (2.153) भारत के मुकाबले कहीं नहीं ठहरता। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 28 जीत और 13 हार दर्ज की हैं, जो भारत के आंकड़ों के सामने लगभग एक-तिहाई ही बैठता है। भारत की इस ऐतिहासिक सफलता की सबसे बड़ी ताकत उसकी बेखौफ बल्लेबाजी रही है। टीम इंडिया का रन रेट 9.69 का है, जो दुनिया की सभी टीमों में सबसे बेहतरीन है। आक्रामकता का आलम यह है कि पिछले 62 मैचों में भारतीय टीम ने रिकॉर्ड 20 बार 200 या उससे ज्यादा का स्कोर खड़ा किया है। इस लिस्ट में वेस्टइंडीज दूसरे पायदान पर है, जिसके नाम 61 मैचों में 13 बार ऐसा कारनामा दर्ज है, जबकि न्यूजीलैंड ने 51 मैचों में 10 बार यह जादुई आंकड़ा पार किया है।

### पांच मैचों में तीन बार स्कोर 200 पार

न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया सीरीज में टीम इंडिया ने अपनी बल्लेबाजी से विपक्षी खेमे में दहशत पैदा कर दी। भारत ने पांच पारियों में तीन बार 200 रनों की दहलीज को पार किया, जिसमें आखिरी मैच में बनाया गया 271 रनों का विशाल स्कोर भी शामिल है। इतना ही नहीं, तीसरे मैच में तो भारत ने 154 रनों के लक्ष्य को महज दस ओवरों में ही बौना साबित कर दिया। पूरी सीरीज में भारत का रन रेट 12.35 रहा, जो शीर्ष 12 टीमों के बीच तीन या उससे ज्यादा मैचों की किसी भी टी-20 सीरीज में दूसरा सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा है। दिलचस्प बात यह है कि इस मामले में नंबर 1 पर भी भारत ही काबिज है, जब अक्टूबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने 12.54 की रन रेट से रन कूटे थे।



### अभिषेक शर्मा का दबदबा

व्यक्तिगत प्रदर्शन की बात करें, तो अभिषेक शर्मा का दबदबा साफ नजर आता है। छक्कों की संख्या हो या उन्हें जड़ने की रफ्तार, दोनों ही मोर्चों पर वह सबसे आगे खड़े हैं। अक्टूबर 2023 से अब तक तमाम टी-20 मुकाबलों में उन्होंने 249 छक्के उड़ाए हैं, जो इस विश्व कप में खेलने वाले किसी भी बल्लेबाज से कहीं ज्यादा हैं। उनके छक्के लगाने की आवृत्ति भी सबसे कमाल की है। वह हर 6.78 गेंद पर एक छक्का जड़ रहे हैं। कम से कम 30 छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की फेहरिस्त में यह सबसे विध्वंसक आंकड़ा है। इतना ही नहीं, वह इस सूची में इकलौते ऐसे बल्लेबाज हैं, जिनका स्ट्राइक रेट 200 के पार है। अभिषेक के अलावा भारत के पास तीन और ऐसे धुरंधर हैं, जो औसतन हर 11 गेंद के भीतर गेंद को सीमा रेखा के बाहर भेजने का दम रखते हैं। इशान किशन ने 101 छक्के जड़े हैं और उनकी औसत 9.64 गेंद प्रति छक्का है। हार्दिक पंड्या ने 10.47 की प्रति गेंद की औसत से 89 छक्के लगाए हैं, जबकि शिवम दुबे ने 111 छक्के उड़ाए हैं और उनका औसत 10.67 गेंद प्रति छक्का रहा है।

### भारतीय बल्लेबाजों के 10.99 गेंद पर एक सिक्स

अक्टूबर 2023 से अब तक खेले गए तमाम टी-20 मैचों में भारत के विश्व कप स्क्वॉड में शामिल खिलाड़ियों ने कुल 1081 छक्के जड़े हैं। यानी हर 10.99 गेंद पर एक सिक्सर; जो इस टूर्नामेंट की सभी बड़ी टीमों के मुकाबले सबसे बेहतर औसत है। इस फेहरिस्त में ऑस्ट्रेलिया दूसरे पायदान पर है, जो भारत से करीब एक गेंद पीछे (11.91 गेंद प्रति छक्का) है। बाउंड्री प्रति गेंद और स्ट्राइक रेट के मामले में भी भारतीय सूरमाओं का कोई सानी नहीं है।

### धुरधर बल्लेबाज

अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव, इशान किशन, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे और रिंकू सिंह जैसे धुरंधरों से सजी यह बैटिंग लाइनअप किसी भी गेंदबाजी आक्रमण के लिए जी का जंजाल बन सकती है। संजू सैमसन की मौजूदा फॉर्म भले ही चिंता का विषय हो, लेकिन इसके बावजूद यह मिडिल ऑर्डर बेहद विध्वंसक नजर आता है। अगर पिच बल्लेबाजों की मुफिद हो, तो फिर इस टीम को रोकना नामुमकिन सा हो जाता है। अक्टूबर 2023 से अब तक के आंकड़े गवाही देते हैं कि क्यों इस भारतीय लाइनअप के सामने गेंदबाज रहम की भीख मांगते नजर आते हैं।

### पावर-हिटिंग: भारतीय बल्लेबाजों ने एक पारी में जड़े सबसे ज्यादा छक्के

एक पारी में सबसे ज्यादा बड़े शॉट्स खेलने के मामले में भी भारतीय बल्लेबाजों का ही बोलबाला है। अक्टूबर 2023 से अब तक तमाम टी-20 मुकाबलों में ऐसे नौ मौके आए हैं, जब मौजूदा भारतीय स्क्वॉड के बल्लेबाजों ने एक ही पारी में दस या उससे ज्यादा छक्के उड़ाए हों। किसी भी दूसरी टीम के स्क्वॉड में ऐसे मौके तीन से ज्यादा नहीं रहे हैं, जो भारतीय पावर-हिटिंग की गहराई को साफ तौर पर दर्शाता है। इन नौ में से चार बार यह कारनामा अकेले अभिषेक ने किया है। यह किसी भी दूसरी टीम की पूरी स्क्वॉड के कुल आंकड़े से भी ज्यादा है। इन चार पारियों में इंग्लैंड के खिलाफ पिछले साल खेली गई 54 गेंदों में 135 रन की पारी शामिल है, जिसमें उन्होंने 13 सिक्सर लगाए थे। आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ 141 रन की पारी में उन्होंने दस सिक्सर जड़े थे। अभिषेक के अलावा भारत के दो और बल्लेबाज यह उपलब्धि दो बार हासिल कर चुके हैं - किशन और तिलक वर्मा। विपक्षी गेंदबाजों के लिए ये आंकड़े डराने वाले हैं और यह साफ करते हैं कि अगले एक महीने में भारत वह टीम होगी जिसे काबू में करना और हराना सबसे बड़ी चुनौती रहने वाली है।

# प्रसारक पीसीबी के खिलाफ कर सकते हैं कानूनी कार्रवाई

**भारत के खिलाफ मैच से पाक का बहिष्कार**

**कराची/ नई दिल्ली, जेएनएन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को चेतावनी दी है कि भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले टी-20 विश्व कप मैच के बहिष्कार के कारण उसे टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारक जियोस्टार की ओर से कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। यह जानकारी पीसीबी के एक सूत्र ने मंगलवार को दी। पाकिस्तान ने अपनी सरकार के निर्देश पर 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले मैच का बहिष्कार करने का फैसला किया है, लेकिन अभी तक उसने इस फैसले के कारणों को औपचारिक रूप से आईसीसी को नहीं बताया है। इस पर कार्रवाई करते हुए आईसीसी पाकिस्तान का सालाना राजस्व हिस्सा (लगभग 3.5 करोड़ डॉलर) रोक सकता है और उसी रकम से प्रसारकों को भुगतान कर सकता है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पिछले सप्ताह इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को जानकारी देने से पहले बोर्ड के कानूनी विशेषज्ञों से सलाह ली थी, लेकिन इसके बावजूद बोर्ड गंभीर नतीजों के लिए तैयार है।

### पीसीबी ने आईसीसी को नहीं दी सूचना

पीसीबी ने अभी तक लिखित रूप में आईसीसी को कोई सूचना नहीं दी है, लेकिन इस बहिष्कार के फैसले को बांग्लादेश को विश्व कप से हटाए जाने के बाद उसके समर्थन में उठाया गया कदम माना जा रहा है। सूत्र ने बताया, आईसीसी ने जब अपने सभी आयोजनों के लिए प्रसारक के साथ चार साल का करार किया था, तब उसमें भारत-पाकिस्तान मैच भी शामिल थे, जिसके आधार पर प्रसारक ने आईसीसी को भुगतान किया। उन्होंने कहा कि इसलिए प्रसारक को अनुबंध के उल्लंघन के आधार पर पीसीबी और आईसीसी को अदालत में ले जाने का पूरा अधिकार होगा। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि पीसीबी ने इस मामले में अन्य सदस्य बोर्डों से समर्थन मांगा था, लेकिन उसे कहीं से भी समर्थन नहीं मिला।

### वित्तीय जुर्माने के साथ मुकदमा भी

पीसीबी के सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान अगर भारत के खिलाफ नहीं खेलने पर अड़ा रहा तो उसे वित्तीय जुर्माने के साथ प्रसारकों की ओर से मुकदमा भी झेलना पड़ सकता है। आईसीसी की विवाद निपटान समिति (डीआरसी) में जाने की कोशिश भी शायद नाकाम रहे। आईसीसी की डीआरसी एक आंतरिक समिति है, जो आईसीसी बोर्ड के अपने फैसलों के खिलाफ अपील नहीं सुनती। पीसीबी के एक अन्य सूत्र ने कहा, सरकार के निर्देश के बावजूद पीसीबी को परेशानी हो सकती है, क्योंकि पाकिस्तान अपनी इच्छा के अनुसार भारत में नहीं बल्कि तटस्थ स्थल श्रीलंका में अपने सभी मैच खेल रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरी बात यह है कि भारतीय सरकार ने अपनी टीम को पाकिस्तान में खेलने की अनुमति नहीं दी है, लेकिन मई में हुए टकराव के बाद भी एशिया कप या आईसीसी टूर्नामेंटों में तटस्थ स्थानों पर पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से नहीं रोका है।

**मैदान से हटकर**

# कार्दशियन को डेट कर रहे एफ1 ड्राइवर लुइस हैमिल्टन





फॉर्मूला 1 ड्राइवर लुइस हैमिल्टन और बिजनेसवुमन किम कार्दशियन के बीच संभावित रोमांस की अफवाहों ने हाल के दिनों में जोर पकड़ लिया है। दोनों को पेरिस में एक साथ आते देखा गया। उनका पेरिस दौरा इंग्लैंड में साथ घूमने के कुछ दिनों बाद हुआ है, जिससे उनके बीच रोमांस की अटकलें तेज हो गई हैं। कई मीडिया आउटलेट्स ने पेरिस के एक होटल में उनके एक साथ पहुंचने की तस्वीरें और डिटेल्स शेयर कीं। यह उनकी डेटिंग की अफवाहों के बाद उनकी पहली पब्लिक आउटिंग है, जिससे फैंस और मीडिया ऑब्जर्वर के बीच दिलचस्पी और बढ़ गई है। सामने आई तस्वीरों में कार्दशियन और हैमिल्टन पेरिस में एक साथ स्पॉट किए गए। दोनों लो प्रोफाइल बनाए रखने की कोशिश कर रहे थे। कार्दशियन ने बड़े सनग्लासेस और ब्लैक ट्रेंचकोट पहना था, जबकि हैमिल्टन ऑल-ब्लैक आउटफिट में ग्रे शॉल के साथ होटल में जाते हुए दिखे। ये तस्वीरें ऑनलाइन खूब शेयर हुईं, जिससे उनके कनेक्शन को लेकर रहस्य और बढ़ गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दोनों को अलग-अलग, लेकिन कुछ ही मिनटों के अंदर होटल में जाते हुए देखा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों वीकेंड पर कोट्सवोल्ड्स में एस्टेले मैनर में थे। रियलिटी स्टार और एंटरप्रेन्योर कार्दशियन और फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियन हैमिल्टन की दोस्ती एक दशक से ज्यादा समय से है। (जेएनएन)

**आईसीसी अंडर-19 विश्व कप सेमीफाइनल-2 आज दोपहर एक बजे से**

# अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा भारत

जेएनएन, हरारे

अब तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम बुधवार को अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। इस प्रतियोगिता के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम है। उसने पांच बार (2000, 2008, 2012, 2018, 2022) खिताब जीते हैं। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का नंबर आता है, जिसने चार बार ट्रॉफी जीती है। इस तरह से भारत रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीतने की दिशा में बुधवार को एक कदम और आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा। भारत ने अब तक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अपने सभी पांच मैच आसानी से जीते हैं, जिसमें सुपर सिक्स चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 58 रन की जीत भी शामिल है।



भारतीय टीम हालांकि अफगानिस्तान को कम करके आंकने की गलती नहीं करेगी। अफगानिस्तान का भी टूर्नामेंट में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। उसने अपने पांच मैचों में से चार जीते हैं। उसे एकमात्र हार श्रीलंका से मिली थी। लेकिन खिलाड़ियों की फॉर्म और खेल के हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी नजर आता है।

### इंग्लैंड फाइनल में पहुंचा

**बुलावायो, जेएनएन।** कप्तान थॉमस रियू (110 रन) के शतक की बदौलत इंग्लैंड ने अंडर-19 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 27 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली। थॉमस की पारी के आगे ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ओलिवर पीक (100 रन) का शतक बेकरा गया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत लड़खड़ाई और टीम 57 रन पर दो विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद कप्तान रियू ने मोर्चा संभाला और कालेब फाल्कनर (40 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 135 रन की अहम साझेदारी की। इससे इंग्लैंड ने सात विकेट खोकर 277 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। 278 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया 47.3 ओवर में 250 रन पर सिमट गया। नितेश सैमुअल ने 47 और आर्यन शर्मा ने 34 रन बनाए।

# दिल्ली लगातार चौथी बार डब्ल्यूपीएल के फाइनल में, खिताबी भिड़ंत आरसीबी से

## एलिमिनेटर में गुजरात जाएंट्स को सात विकेट से हराकर किया बाहर

जेएनएन, वडोदरा


दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी-20 के एलिमिनेटर मैच में मंगलवार को गुजरात जाएंट्स को 26 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर लगातार चौथी बार फाइनल का टिकट कटाया। कैपिटल्स के सामने गुरुवार को खेले जाने वाले फाइनल में पूर्व चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की चुनौती होगी। जाएंट्स को सात विकेट पर 168 रन पर रोकने के बाद दिल्ली ने 15.4 ओवर में तीन विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल कर लिया। कैपिटल्स के लिए लिजेल ली ने 24 गेंद में 43, शेफाली वर्मा ने 21 गेंद में 31, कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने 23 गेंद में 41 और लौरा वोल्वार्डट ने 24 नाबाद 32 रन का योगदान दिया। ली और शेफाली ने पहले विकेट के लिए 43 गेंद में 89 रन की आक्रामक साझेदारी के साथ मैच का रुख तय किया, तो वहीं वोल्वार्डट और जेमिमा ने तीसरे विकेट के लिए 42 गेंद में 68 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत को जाया नहीं होने दिया। जाएंट्स के लिए जॉर्जिया वेयरहम ने दो, जबकि राजेश्वरी गायकवाड़ को एक सफलता मिली। सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी की नाबाद 62



रन की शानदार पारी के दम पर जाएंट्स ने सात विकेट 168 रन बनाए। मूनी ने पांचवें विकेट के लिए जॉर्जिया वेयरहम के साथ 46 गेंद में 61, जबकि आखिरी ओवरों में काश्वी गौतम के साथ 19 गेंद में 39 रन की साझेदारी कर टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। वेयरहम ने 35 रन बनाए, जबकि काश्वी ने 10 गेंद में 18 रन की परी के दौरान तीन चौके जड़ें। दिल्ली की शिनेल हेनरी (35 रन पर तीन विकेट) और नंदिनी शर्मा (44 रन पर दो विकेट) ने शानदार गेंदबाजी की।

# हार के बावजूद सबालेंका शीर्ष पर बरकरार, जोकोविच तीसरे स्थान पर

**मेलबर्न, जेएनएन।** कार्लोस अल्काराज से ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में हारने वाले 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अल्काराज ने दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखी है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में सिनर को हराने वाले जोकोविच एक पायदान ऊपर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। 38 वर्षीय जोकोविच अगस्त 2024 के बाद पहली बार शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं। डब्ल्यूटीए टूर पर आर्यना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में एलिना रयबाकिना से हारने के बावजूद अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है। रयबाकिना रैंकिंग में दो स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर हैं। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान पर तीन अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा, कोको गॉफ और जेसिका पेगुला हैं। सेमीफाइनल में हारने वाली एलिना स्वितोलिना दो पायदान चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गईं हैं।



# विश्व चैंपियन डी गुकेश मई में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में खेलेंगे

**ओस्लो, जेएनएन।** मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश मई में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे, जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन सहित कई स्टार खिलाड़ी शिरकत करेंगे। गुकेश ने 25 मई से पांच जून तक होने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। यह दुनिया के सबसे कड़े शतरंज टूर्नामेंट में से एक होगा। यह प्रतियोगिता अपने पारंपरिक स्थल स्टेवेंगर से ओस्लो में स्थानांतरित होने वाली है। पिछले साल ओपन वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे भारतीय स्टार गुकेश खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन के रूप में ओस्लो आएंगे। भारतीय ग्रैंडमास्टर और विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख नॉर्वे शतरंज में महिलाओं के वर्ग में पदार्पण करेंगी और 2024 में इस वर्ग के शुरू होने के बाद महिलाओं के टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन जाएंगी। अब तक किसी भी भारतीय ने यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट नहीं जीता है।

# बेंजेमा अल हिलाल से जुड़े, रोनाल्डो की उम्मीदों पर फेर सकते हैं पानी




**रियाद, जेएनएन।** फ्रांस के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी करीम बेंजेमा सऊदी अरब के एक क्लब अल इत्तिहाद को छोड़कर दूसरे क्लब अल हिलाल से जुड़ गए हैं, जो क्रिस्टियानो रोनाल्डो की खिताब जीतने की उम्मीदों के लिए बुरी खबर हो सकती है। पूर्व बैलोन डीओर विजेता बेंजेमा सऊदी प्रो लीग के अग्रणी क्लब अल हिलाल में शामिल हो गए हैं, जो रोनाल्डो के क्लब अल नासर से लीग तालिका में एक अंक आगे है। रोनाल्डो को 2022 में सऊदी अरब के क्लब से जुड़ने के बाद से अब भी अपने पहले लीग खिताब का इंतजार है। अल हिलाल उनके क्लब का मुख्य प्रतिद्वंद्वी है, जिसने पांच बार के चैंपियंस लीग विजेता बेंजेमा को टीम में शामिल करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। रियाल मैड्रिड के पूर्व स्ट्राइकर बेंजेमा ने पिछले साल अल इत्तिहाद को लीग के खिताब के साथ-साथ किंग्स कप का चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। अल हिलाल सऊदी अरब की सबसे सफल टीम है, जिसने 21 लीग खिताब और चार एशियाई चैंपियनशिप जीती हैं।

# साई में जूडो हॉल एवं सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का शिलान्यास




**भोपाल, खेप्र।** केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने साई के एनसीओई भोपाल में जूडो हॉल तथा उन्नत सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। इस वर्चुअल शिलान्यास समारोह में खेल सचिव हरि रंजन राव वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे। लगभग 16 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से निर्मित होने वाला जूडो हॉल विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाओं से सुसज्जित होगा। वहीं, लगभग 14 करोड़ की लागत से विकसित किया जाने वाला सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक एक 8-लेन, 400 मीटर लंबा अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला ट्रैक होगा।

# टेस्ट मैच में अंतिम ओवर पूरा करना अनिवार्य, लैमिनेटेड बैट की अनुमति

जेएनएन, लंदन

मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने क्रिकेट के नियमों में कुल 73 बदलावों की घोषणा की है, जिसमें बहु-दिवसीय मैचों में अगर अंतिम ओवर के दौरान विकेट गिरता है, तो पूरा ओवर खेलना अनिवार्य करना भी शामिल है। नए नियम इस साल अक्टूबर से लागू होंगे। एमसीसी ने कहा कि 2022 के बाद पहली बार जारी की गई 'लॉज ऑफ क्रिकेट की नई प्रति' का मकसद नियमों को समय के अनुरूप और आधुनिक खेल के लिए अधिक समावेशी बनाना है। एमसीसी ने वेबसाइट पर बताया कि बहु-दिवसीय मैचों में दिन का अंतिम ओवर अब हर हाल में पूरा कराया जाएगा। एमसीसी के अनुसार, ऐसा न होने से खेल का रोमांच कम हो जाता है। एमसीसी ने कहा कि यह अनुचित माना गया कि अगर दिन के अंतिम ओवर में गेंदबाजी कर रही टीम विकेट ले ले, तो बल्लेबाजी टीम को नया बल्लेबाज भेजने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि इससे समय की बचत भी नहीं होती, क्योंकि बची हुई गेंदें अगले दिन पूरी करनी ही पड़ती हैं। साथ ही इससे खेल का रोमांच कम हो जाता है। नया बल्लेबाज मुश्किल परिस्थितियों से बच जाता है, क्योंकि आमतौर पर उस समय गेंदबाजों के लिए हालात अनुकूल होते हैं। एमसीसी ने स्पष्ट किया, नए नियम के तहत अगर परिस्थितियां अनुकूल रहीं, तो अंतिम पूरा किया जाएगा, भले ही उस दौरान विकेट गिर जाए।

## एमसीसी ने क्रिकेट नियमों में 73 बदलाव किए, इस साल अक्टूबर से लागू होंगे

**गेंद साइज:** अब गेंदों को साइज-1, साइज-2 और साइज-3 के रूप में वर्गीकृत किया गया है। साइज-1 (पारंपरिक पुरुषों की गेंद) में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन अब तीनों श्रेणियों के लिए मानक एक समान कर दिए गए हैं।

**लैमिनेटेड बल्ला:** ओपन एज क्रिकेट में 'लैमिनेटेड' बल्लों के इस्तेमाल को भी मंजूरी दे दी है। इससे पहले ऐसे बल्लों की अनुमति केवल जूनियर क्रिकेट में थी। शीर्ष स्तर पर हालांकि अब भी एक ही टुकड़े के विलो से बने बल्लों का इस्तेमाल जारी रहने की संभावना है।

**विकेटकीपर:** अब गेंद फेंके जाने से पहले अगर विकेटकीपर स्टंप्स के बराबर या आगे खड़ा होता है, तो इसे नोबॉल नहीं माना जाएगा।

### यह नियम बदले गए

विकेटकीपर अब भी गेंद को पकड़ने के लिए तब तक स्टंप्स के आगे नहीं आ सकता, जब तक गेंद बल्लेबाज के विकेट को पार न कर जाए या बल्ले अथवा शरीर से संपर्क न कर ले। लेकिन अब नियम यह है कि गेंद छोड़े जाने के बाद ही विकेटकीपर को पूरी तरह स्टंप्स के पीछे होना होगा।

**बनी हॉप कैच:** अब कोई भी फील्डर सीमा के बाहर रहते हुए हवा में गेंद को केवल एक बार छू सकता है और उसके बाद पूरी तरह बाउंड्री के अंदर जमीन पर होना जरूरी होगा। अगर कोई फील्डर बाउंड्री के बाहर से गेंद को उछालकर अंदर खड़े साथी खिलाड़ी की ओर भेजता है और बाद में खुद सीमा के बाहर चला जाता है, तो उसे बाउंड्री माना जाएगा।

**ओवरथ्रो:** रन रोकने या रनआउट के प्रयास में स्टंप्स की ओर फेंकी गई गेंद को ओवरथ्रो माना जाएगा, जबकि केवल गेंद रोकने या दूसरे क्षेत्ररक्षकों को देने में हुई चूक को ओवरथ्रो नहीं माना जाएगा।

**शार्ट रन:** जानबूझकर शॉर्ट रन लेने की स्थिति में अब फील्डर टीम को यह तय करने का अधिकार होगा कि अगली गेंद पर कौन सा बल्लेबाज स्ट्राइक पर रहेगा। एमसीसी ने यह भी स्पष्ट किया कि गेंद को तब पूरी तरह से रुकी हुई माना जाएगा जब वह किसी क्षेत्ररक्षक के हाथ में हो या जमीन पर स्थिर हो। अब गेंद का गेंदबाज या विकेटकीपर के हाथ में होना जरूरी नहीं होगा।

## स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 4 फरवरी को जिला स्वास्थ्य समिति एवं रोगी कल्याण समिति तथा पोषण आहार समिति की संयुक्त बैठक आहूत की गई है। कलेक्ट्रेट में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर्स कांफ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर भी चर्चा होगी। इस दौरान विभाग प्रमुख के साथ ही खण्ड स्तरीय अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिये

## राष्ट्रीय न्यास लोकल लेवल कमेटी की बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय न्यास लोकल लेवल कमेटी की बैठक 4 फरवरी को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई है। बैठक में लोकल लेवल कमेटी के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। तथा आगामी कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आज रीवा आयेंगे



**रीवा।** नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य विभाग के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 4 फरवरी को वायुयान द्वारा इंदौर से रवाना होकर दोपहर 1:15 बजे रीवा पहुंचेगे। विजयवर्गीय स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के उपरांत कार द्वारा अपरान्ह 3 बजे जबलपुर प्रस्थान करेंगे। श्री विजयवर्गीय डंग पैलेस में आयोजित एक कार्यक्रम में मीडिया साक्षात्कार भी करेंगे।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

## जरमई जंगल में मिली लाश की हुई शिनाख्त

**रीवा।** सेमरिया थाना क्षेत्र के जरमई के जंगल में सोमवार की सुबह चरवाहों ने फांसी के फंदे से लटकता शव देखा था। अज्ञात युवक का शव मिलने की खबर के बाद मौके पर सेमरिया पुलिस पहुंची थी। मृतक की पहचान का प्रयास पुलिस कर रही थी जिसके बाद मंगलवार को उसकी शिनाख्त हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान गणेश सिंह 60 वर्ष निवासी रंगौली के रूप में की है। बताया गया कि जिस स्थान पर वृद्ध का शव मिला वह रंगौली से करीब दस किलोमीटर दूर है। सेमरिया थाना प्रभारी विकास कपीस ने बताया कि परिजनों ने बताया कि चार दिन पूर्व वृद्ध गणेश सिंह घर से निकले थे जो वापस नहीं लौटे। परिजन अपने स्तर पर तलाश कर रहे थे, लेकिन गुमशुदगी की शिकायत थाना में दर्ज नहीं कराए थे। बताया गया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के असली कारण स्पष्ट होंगे। पुलिस मर्ग कायम कर पूरी घटना की विवेचना कर रही है। गौरतलब है कि सोमवार को जंगल में मवेशी चराने गए चरवाहों की सूचना पर पुलिस जरमई के जंगल में पहुंची थी। घटना स्थल से पुलिस ने पेड़ में फांसी के फंदे से लटकते व्यक्ति का शव नीचे उतरवाया जिसके बाद पंचनामा कार्रवाई कर बॉडी मर्चुरी में भिजवाई गई थी। मंगलवार को मृतक की शिनाख्त हुई जिसके बाद अब पुलिस पूरी घटना की गंभीरता से जांच कर रही है।

## मोहनिया टनल में स्टंटबाजी करने वाले बाइकर्स पर पुलिस का शिकंजा

**रीवा।** गुढ़ स्थित मोहनिया टनल में बाइक पर प्राण घातक स्टंट करने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ऐसे बाइक चालकों की पहचान कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने ऐसे युवाओं को चिन्हित करते हुए तकरीबन आधा दर्जन बाइक जब्त की है, जिनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। यातायात डीएसपी राजीव पाठक ने बताया कि ऐसे युवा स्टंट दिखाकर अपनी जान तो खतरे में डलते ही है दूसरों के लिए भी खतरा पैदा करते हैं। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि यदि इस तरह की गतिविधियां देखी गईं तो आगे और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**मेडिकल कॉलेज: मारपीट मामले में 28 छात्रों के खिलाफ प्रकरण दर्ज**

# एमबीबीएस छात्रों के बीच दो गुटों में देर रात दोबारा बवाल

### लाठी डंडे से लैस छात्रों ने द्वारिका नगर में किराए के कमरे में रहने वाले फर्स्ट ईयर के छात्रों पर किया हमला

जागरण, रीवा

श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के दो छात्र गुटों के बीच सोमवार की दोपहर से शुरू हुआ विवाद देर रात तक जारी रहा। मेडिकल कॉलेज और संजय गांधी अस्पताल में हुई घटना के बाद छात्रों का एक गुट द्वारिका नगर में किराए के मकान में रहने वाले एमबीबीएस फर्स्ट ईयर के छात्रों के यहां धावा बोल दिया। लाठी डंडा से लैस छात्रों ने जमकर बवाल मचाया। बचाव में कुछ छात्र भागते नजर आए हैं। करीब 11 छात्र घटना में घायल हुए हैं। पूरी घटना के बाद पीड़ित छात्रों की शिकायत पर पुलिस ने एमबीबीएस कर रहे सीनियर सहित 28 मेडिकल छात्रों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। गौरतलब है कि सोमवार की दोपहर मेडिकल कॉलेज कैंपस से शुरू हुआ विवाद शाम तक संजय गांधी अस्पताल में चलता रहा। डीन की समझाइश के बाद मामला मौके पर तो शांत हो गया लेकिन यह विवाद यहीं नहीं थमा। जब सभी छात्र अपने-अपने निवास स्थान पर चले गए, उसी रात शहर के द्वारिका नगर में किराए के कमरों में रहने वाले छात्रों पर अचानक से हमला हो गया। यहां छात्रों का एक गुट किराए के कमरों में रहने वाले दूसरे गुट के छात्रों पर हमला कर उन पर जमकर लाठी डंडे बरसाए। द्वारिका नगर में हुई घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल है।



**जीटी अवकाश को लेकर शुरू हुआ विवाद हुआ उग्र**

श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के छात्रों में जीटी यानी की छुट्टी पर जाने को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी। हॉस्टल में रहने वाले छात्र और बाहर किराए का कमरा लेकर रहने वाले छात्रों के बीच पूरा विवाद हुआ है। सोमवार को मेडिकल कॉलेज के कैंपस व संजय गांधी अस्पताल परिसर में जमकर मारपीट सामने आई थी। किसी तरह मामला शांत हुआ तो आधा सैकड़ा से अधिक मेडिकल छात्रों के एक गुट ने किराए के कमरों में रहने वाले दूसरे गुटों के छात्रों पर आधी रात हमला कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**इन छात्रों पर दर्ज हुआ मामला :** अमहिया थाना में पीड़ित छात्र वेदान्त गोलानी पिता सेवकराम गोलानी 22 वर्ष जबलपुर हाल एस.एस. मेडिकल कॉलेज ने बताया कि वह एम.बी.बी.एस प्रथम वर्ष का छात्र है। सोमवार को दोपहर करीब 01.30 बजे वह कॉलेज के लंच टाइम पर पी.टी.एस चौराहे के पास अपने दोस्त गोविन्द राठौर, उमेश शर्मा, भविष्य जैन, हातिम कारदार, महावीर सुमन, अनीश रोलानिया, अखिलेश शर्मा, मेहुल जैन, प्रत्यूष शाक्या, शुभम कुमावत के साथ चाय नाश्ता करने कृष्णा नयन अपार्टमेंट के पास से गुजर रहे थे। इसी बीच वहां पर प्रथम वर्ष के छात्र आलोक पटेल लंबरदार, अमन शर्मा, निशांत भलावी, रोहित बघेल, सुधांशु दंदोतिया, डी.वाई. लालू, एवं तृतीय वर्ष के छात्र प्रवीण जादव, मयूर नलवाय, डोम सिंह, अभिनव प्रकाश, आकाश केलकर, रोहित शर्मा, मोहित पटेल, गोविन्द दुदवे, व चतुर्थ वर्ष के छात्र तेजराम चौधरी, अश्विन शाकवाल, यश प्रताप रघुवंशी, विजय वसूनिया, हितेश पालीवाल, मनीष पटेल, आशीष टिकम, राहुल अहिरवार तथा इन्टर्नशिप के छात्र अंकित कुमार यादव, विपेन्द्र सिंह मौर्य, आशीष पाल, हर्ष सिनोरिया, अभिषेक प्रजापति, बृजराज मण्डलोई आ गए। इनके द्वारा पुरानी बात को लेकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का, पत्थर, कड़ा, बेसबॉल के डंडे, हॉकी स्टिक, लोहे की रॉड आदि से मारपीट की गई। जिसके बाद वे एसजीएमएच में उपचार कराए साथ ही डीन से मामले की शिकायत किए। पीड़ितों ने बताया कि वे शाम को अपने घर चले गए तभी रात में पुनः आरोपी छात्र द्वारिका नगर किराए के कमरे में लाठी डंडा से लैस होकर हमला कर जान से मारने की कोशिश की। पुलिस ने 11 पीड़ितों की शिकायत पर सीनियर सहित 28 छात्रों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 294, 323, 506 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

## रेवांचल ट्रेन की बोगी में मिली अज्ञात युवक की लाश, पहचान के प्रयास में जुटी जीआरपी

**जागरण, रीवा।** भोपाल से चलकर रीवा आने वाली रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन के आरक्षित कोच में सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची जिसके बाद युवक की शिनाख्तगी का प्रयास शुरू किया गया। युवक कहां का है फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है। उसके पास से दो आधार कार्ड मिले है, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। आरक्षित कोच के टॉयलेट के पास युवक मृत अवस्था में पाया गया। जीआरपी द्वारा युवक के शव को पीएम और शिनाख्तगी के लिए संजय गांधी अस्पताल के शव गृह में रखा गया है। जानकारी के अनुसार रेवांचल एक्सप्रेस की बोगी में एक अज्ञात व्यक्ति को मृत अवस्था में देखकर जीआरपी को यात्रियों ने सूचना दी जिसके बाद रीवा जीआरपी ने तत्काल युवक के शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए शव को अस्पताल में रखा दिया है। बताया गया कि मृतक के पास से मोबाइल भी बरामद नहीं हुआ है। बताया गया है कि मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष है , उसकी मृत्यु ट्रेन के बोगी में कैसे हुई और किन परिस्थितियों में वह रीवा तक आया, कहां की यात्रा कर रहा था, इसकी जानकारी जीआरपी द्वारा एकत्रित की जा रही है।



कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एन्ड डायग्नोस्टिक, रीवा में पंजी.नं. CL/6814/FEB/2018
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग परामर्श OPD
डॉ. सचिन सिंह
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट
8 फरवरी, रविवार
प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.)
मो.: 9399312433, 9981287311

## पांचवे दिन सिलपरा नहर में एनडीआरएफ ने किया रेस्क्यू, नहीं मिला नाबालिग छात्र

**जागरण, रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र के सिलपरा नहर में छात्र की डूबने की सूचना के बाद पिछले पांच दिनों से रेस्क्यू जारी है, लेकिन अब तक छात्र का पता नहीं लग सका है। एसडीआरएफ, होमगार्ड के गोताखोरों के बाद मंगलवार को बनारस से एनडीआरएफ की टीम को रेस्क्यू के लिए बुलाया गया। जो सिलपरा नहर में पांचवें दिन छात्र की सर्चिंग शुरू की लेकिन उन्हें भी छात्र का पता नहीं लगा। विदित हो कि बीते सप्ताह शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलपरा नहर में शुक्रवार को दोस्तों के साथ घूमने गए छात्र के सिलपरा नहर में तेज बहाव में बहने की सूचना मिली थी। जिसके बाद बिछिया पुलिस ने एसडीआएफ टीम से सर्चिंग शुरू करवाई। अब तक छात्र का पता नहीं लगने से परिजन परेशान है।



बताया गया था कि तीन की संख्या में ज्ञानस्थली विद्यालय के छात्र घूमने गए थे। जिनमे से श्रेयस कुशवाहा पिता राकेश कुशवाहा 16 वर्ष निवासी बजरंग नगर हादसे का शिकार हो गया। बताया जा रहा था कि उसका चश्मा पानी में जा गिरा, जिसे निकालने के प्रयास में उसका पैर फिसल गया।

## बाइक सहित पैसा लूटने के मामले में दो गिरफ्तार, 1 फरार

**गुढ़ थाना क्षेत्र के महसांव रेडियो स्टेशन के पास बीती रात सामने आई थी वारदात**

**रीवा।** गुढ़ थाना क्षेत्र के महसांव रेडियो स्टेशन के समीप बीती रात बाइक सवार युवक का रास्ता रोककर तीन की संख्या में रहे आरोपियों ने मारपीट कर पैसा और बाइक लूट की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने दो आरोपियों को पीछा कर बाइक सहित पकड़ लिया जबकि एक फरार हो गया। गुढ़ पुलिस ने पीड़ित तनय मिश्रा 21 वर्ष निवासी रकरिया की शिकायत पर लूट का मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि फरार आरोपियों की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। बताया गया कि पीड़ित तनय मिश्रा अपनी बाइक से बदरांव से रकरिया जा रहा था जैसे ही वह महसांव रेडियो स्टेशन के पास पहुंचा, तीन की संख्या में रहे आरोपियों ने उसका रास्ता रोक लिया और मारपीट कर पैसा और बाइक लूट ले गए। घटना के बाद पीड़ित का शोर शराबा सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आरोपियों का पीछा किए जिसके बाद दो आरोपी पकड़े गए। पुलिस ने घटना में शामिल आरोपी घनश्याम सिंह पिता ललन सिंह 42 वर्ष निवासी महसांव व सुमित सेन पिता रामजी सेन निवासी महसांव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम
MD, DrNB (गैस्ट्रो)
पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधा
• एंडोस्कोपी • कोलोनोस्कोपी • फाइब्रोस्केन • ERCP
Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
परामर्श शुल्क 300/-
मो.-7247097637
परामर्श क्लीनिक: शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्प्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI • फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET) • एग फ्रीजिंग • एंब्रियो फ्रीजिंग • स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

डॉ. बीरभान सिंह
एम.डी. (मेडिसिन)
DrNB (न्यूरोलॉजी) पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक
कंसल्टेन्ट न्यूरोलॉजिस्ट
पता: श्रवण कुमारी स्कूल के पास,गुढ़ रोड चिरहुला, रीवा (म.प्र.) मो. 7869516171

मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
कार्डियक सर्जरी
पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबर:- 18008892250

GEETANJALI PUBLIC SCHOOL
EDUCATION | EMPOWERS | EXCELLENCE
CBSE & MP BOARD
ADMISSIONS OPEN
Pre-Nursery to XII
Session 2026-27
LIMITED SEAT
Head Off. : Civil Lines, Rewa 9424332181
Maidani, Bankuiya Road, Rewa 89649 48009
www.geetanjalipublicschool.com




पेट सफा खाओगे, बिल्कुल ज़ोर नहीं लगाओगे
सहायक है: कब्ज़ • गैस • एसिडिटी
Natural Laxative Granules & Tablets
24x7 Helpline: 91197 88888 • www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं.- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com